जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2082
• औरंगाबाद • बुधवार • 11 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 98 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00




## सशक्त नारी
झारखण्ड की
आर्थिक प्रगति का आधार...

## ...नारी शक्ति
के साथ चल रही
## हेमन्त सरकार



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना
18 से 50 वर्ष की पात्र महिलाओं को
हर महीने ₹2,500 की आर्थिक सहायता
प्रति वर्ष कुल **₹30,000**

### सर्वजन पेंशन योजना
अब महिलाओं को वृद्धावस्था पेंशन
के लिए 60 वर्ष का इंतजार नहीं करना होगा
**50 वर्ष से ऊपर आयु की सभी वर्ग की महिलाएं पेंशन की हकदार**

### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल विवाह
रोकने के लिए ₹40,000 तक की कुल सहायता
**कक्षा 8वीं से लेकर 18-19 वर्ष की आयु तक विभिन्न चरणों में प्रोत्साहन राशि**

### फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान
हड़िया-शराब की बिक्री और निर्माण कार्य में लगी
महिलाओं को सम्मानजनक स्वरोजगार
शुरू करने के लिए **₹50,000 तक का ब्याज मुक्त ऋण**

### स्वरोजगार से स्वाबलंबन
झारखण्ड की दीदियां अब खुद का
भविष्य लिख रही हैं, 2.80 लाख से अधिक
स्वयं सहायता समूह बैंकों से जुड़े।
**₹17,374 करोड़ का सीधा ऋण वितरण, लाखों परिवारों के जीवन में आई समृद्धि**

### स्वस्थ पीढ़ी के लिए मातृत्व अवकाश
संविदा (अनुबंध/कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर
नियुक्त महिला कर्मचारियों को
**180 दिनों का मातृत्व अवकाश (maternity leave) देने का महत्वपूर्ण फैसला**

### ग्रामीण उत्पाद की पहचान पलाश मार्ट
सखी मंडल की दीदियों द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट उत्पादों को
**'पलाश' ब्रांड के तहत पहचान और बाजार**

### कला को सम्मान आदिवा ब्रांड
झारखण्ड की ग्रामीण कला, मेहनत और
महिला प्रतिभाओं को नई पहचान देने का मजबूत माध्यम
**ग्रामीण उद्यमिता, महिला स्वावलंबन और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रयास**

P.R. No.-374675/IPRD/2025-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई, 08 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल 10 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 08 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया।प्रस्तुत द्वितीय अपील वादों में श्रीतम कुमार द्वारा दुकान विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के संबंध में, शिवशंकर प्रसाद द्वारा अतिक्रमण के संबंध में, धर्मेन्द्र कुमार द्वारा राशन कम वितरण करने के संबंध में, बेबी देवी द्वारा बिहार सरकार की भूमि से अवैध कब्जा हटाने एवं निर्माण कार्य पर रोक लगाने के संबंध में, प्रमोद कुमार द्वारा बिहार सरकार की जमीन पर अवैध कब्जा करने के संबंध में, ओम प्रकाश द्वारा दाखिल-खारिज प्रक्रिया में अनियमितता के संबंध में, अशोक पासवान द्वारा कम्प्यूटरीकृत जमाबंदी को हटाने के संबंध में, तथा जितेन्द्र कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

### जनगणना 2027 को लेकर तैयारियाँ शुरू, तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निदेशानुसार जिले में वर्ष 2027 की जनगणना को लेकर तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में डीआरडीए सभागार, नवादा में जनगणना कार्य की तैयारी हेतु जिलास्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, सहायक चार्ज अधिकारी (ग्रामीण/नगर) तथा अन्य संबंधित पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (09 मार्च से 11 मार्च 2026) आयोजित किया जा रहा है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री सुनील कुमार ने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह से पेपरलेस अर्थात डिजिटल मोड में कराई जाएगी। जनगणना निदेशालय के नोडल पदाधिकारी श्री रंजय कुमार सिंह एवं श्री रंजीत कुमार ने बताया कि डिजिटल जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण (मकान सूचीकरण) 02 मई से 31 मई 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 09 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। पहले चरण के दौरान कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें मकान निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग, मकान मालिक का नाम तथा घर में उपलब्ध सुविधाएँ जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि से संबंधित जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही मोटरसाइकिल, कंप्यूटर, मोबाइल तथा घर में उपयोग किए जाने वाले अनाज का विवरण भी ऐप के माध्यम से दर्ज किया जाएगा।

नागरिकों को इस बार स्वयं अपनी जानकारी पोर्टल पर भरने की सुविधा भी दी जाएगी, जबकि प्रगणक द्वारा केवल उसका सत्यापन किया जाएगा। इसके सुचारू संचालन के लिए 12 से 14 मार्च तक जिले के मास्टर ट्रेनर्स को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता स्व-गणना (Self Enumeration) होगी। पहले चरण की शुरुआत से 15 दिन पूर्व अर्थात 17 अप्रैल से 01 मई 2026 तक आम नागरिकों के लिए एक वेब पोर्टल उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर लोग घर बैठे स्वयं अपने एवं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात संबंधित प्रगणक (एन्यूमेरेटर) घर-घर जाकर एसईआईडी के माध्यम से उक्त डेटा का सत्यापन कर उसे अंतिम रूप से सबमिट करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में माप एवं तौल वादों के अधिक से अधिक निष्पादन के लिए हुई बैठक

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में दिनांक 14.03.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आज दिनांक 10.03.2026 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पांडेय के प्रकोष्ठ में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी एवं माप-तौल विभाग, नवादा के सहायक नियंत्रक के साथ बैठक की गई। सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने यहाँ लंबित सुलहनीय योग्य वादों को न्यायालय में अविलंब प्रस्तुत करें, ताकि उक्त वादों में आगे कानूनी कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नोटिस निर्गत किया जा सके। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए माप-तौल से संबंधित वादों में तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोक अदालत के माध्यम से वादों का सुलह के आधार पर निष्पादन कर जरूरतमंदों को निःशुल्क सुलभ न्याय प्रदान करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं लोक अदालत के महत्व को सार्थक बनाया जा सके।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित जी.ओ. वादों से संबंधित मामलों तथा नए दर्ज वादों को जल्द से जल्द चिन्हित कर नोटिस निर्गत करें तथा निर्गत नोटिसों की शत-प्रतिशत तामिला पर ध्यान दें। साथ ही अधिक से अधिक पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सार्थक प्रयास किए जाएँ, ताकि दिनांक 14.03.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में वन वाद, श्रम वाद, खनन वाद एवं माप-तौल से संबंधित लंबित सुलहनीय योग्य आपराधिक वादों का अधिक से अधिक निष्पादन हो सके। इस मौके पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा की उपस्थिति में वन विभाग, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी एवं माप-तौल विभाग के पदाधिकारीगण तथा लोक अदालत, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कार्यालय के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे।

### दिक्षांत समारोह ग्रेजुएशन सिरोमणि 2026 का आयोजन

**मोतिहारी।** बिहार में पहली बार दिक्षांत समारोह के अनुरूप ग्रेजुएशन सिरोमणि 2026 का आयोजन सीकरिया फार्मेसी कॉलेज के द्वारा बी0फार्म0 के प्रथम बैच के लिए किया गया। जिसका जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, वरीय उपाध्यक्ष चन्द्रभूषण पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य मुंशी सिंह महाविद्यालय अरूण कुमार के साथ सीकरीया फार्मेसी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ0 शम्भुनाथ सीकरीया एवं सचिव यमुना कुमार सीकरीया एवं प्राचार्या प्रीती दुबे ने फार्मेसी कॉलेज के कॉन्फ्रेन्स हॉल में ग्रेजुएशन सिरोमणि 2026 का संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बिहार में पहली बार ऐसे कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के लिए यमुना सीकरीया का भूरी-भूरी प्रशंसा की और ऐसे कार्यक्रम आगे भी आप करते रहे। इसके लिए उन्होंने आग्रह किया और कहा कि इससे छात्रो का मनोबल बढ़ेगा, और यह भी कहा कि बिहार सरकार के द्वारा फार्मेसी के क्षेत्र में काफी नौकरीयाँ निकाली जा रही है। जिसका सफल छात्र समुचित उपयोग करें। इस अवसर पर सफल छात्रों को मिमेन्टो, मैडल डिग्री और दुपट्टा से सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ0 शम्भुनाथ सीकरीया एवं सचिव यमुना कुमार सीकरीया ने पुष्प गुच्छ, सॉल और मिमेन्टो से सभी अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह-प्रदर्शनी का शुभारंभ, आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर दिया गया जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** कृषि रोड मैप के तहत् सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में आज दिनांक 10 मार्च 2026 को जिला कृषि प्रक्षेत्र, नवादा के प्रांगण में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश, विधायक, नवादा विधानसभा श्रीमती विभा देवी, विधायक, गोविंदपुर विधानसभा श्रीमती विनिता मेहता तथा जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा देवी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि भारत विस्तार एआई (Bharat Vistar AI) भारतीय कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर आया है। यह एक एआई आधारित प्लेटफॉर्म है, जो किसानों को उनकी अपनी भाषा में मौसम, मंडी भाव, कीट-रोग, फसल सलाह तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित यह पहल किसानों को मोबाइल फोन के माध्यम से कृषि से जुड़ी जानकारी तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायक होगी। भारत विस्तार योजना के तहत किसान 155261 नंबर पर कॉल कर अपनी समस्याएं भी बता सकेंगे और उन्हें तत्काल समाधान प्राप्त होगा। उन्होंने किसानों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।




जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यांत्रिकरण एवं अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं के समयबद्ध एवं सफल क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत कुल 91 प्रकार के विभिन्न कृषि यंत्रों के वितरण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। दिनांक 23.02.2026 को लॉटरी के माध्यम से कुल 1804 स्वीकृति पत्र निर्गत किए गए हैं। निर्गत स्वीकृति पत्रों के विरुद्ध अब तक 711 किसानों द्वारा अनुदानित दर पर मेला/मेला से बाहर विभाग द्वारा निबंधित कृषि यंत्र विक्रेताओं के माध्यम से विभिन्न कृषि यंत्रों की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि आधुनिक कृषि में कृषि यंत्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि रोड मैप के अंतर्गत कृषि यांत्रिकरण योजना के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके उपयोग से लघु एवं सीमांत किसान समय पर कृषि कार्यों का निष्पादन कर सकेंगे तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से फसलों को संरक्षित कर सकेंगे। धान, गेहूं, दलहन एवं तेलहन के साथ-साथ गन्ना एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि यंत्रों पर अनुदान दिए जाने से उत्पादन लागत में कमी आएगी तथा उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है।

जिले में कृषि यांत्रिकरण को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्तायुक्त आधुनिक कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे स्ट्रॉ रीपर, स्ट्रॉ बेलर, पैडी ट्रांसप्लांटर, हैप्पी सीडर, पावर टिलर, लेजर लैंड लेवलर, जीरो टिलेज मशीन, रोटावेटर, रीपर-कम-बाइंडर, मिनी राइस मिल, दाल मिल एवं ऑयल मिल आदि के उपयोग से उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि की संभावना है। उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), नवादा द्वारा मेले में आए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र, कौआकोल द्वारा विभिन्न फसलों की उन्नत खेती तथा जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

आज आयोजित मेले में जिला उद्यान पदाधिकारी, नवादा, सहायक निदेशक (रसायन), नवादा, उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), नवादा, सहायक निदेशक (मृदा संरक्षण), नवादा, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, नवादा तथा विभाग के समस्त कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं किसान बंधु उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के अंतर्गत चिरैला विद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत के चिरैला स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत शैक्षणिक परिभ्रमण किया। इस परिभ्रमण के दौरान वर्ग 6 से वर्ग 8 के छात्र-छात्राओं मंगलवार को ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों नालंदा खंडहर, पावापुरी तथा राजगीर ले जाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नालंदा के प्राचीन विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन कर उसके इतिहास और महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। पावापुरी में भगवान महावीर से जुड़े पवित्र जल मंदिर का दर्शन किया तथा राजगीर में स्थित ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का भी भ्रमण किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को बिहार की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का अवसर मिला।



शैक्षणिक भ्रमण पर छात्र छात्राएं व शिक्षकगण

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भ्रमण किया तथा कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में यात्रा सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा उन्हें अपने राज्य की गौरवशाली परंपरा को समझने का अवसर मिलता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोमनाथ,शिक्षक उपेंद्र कुमार एवं राजीव कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बिना सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में गर्मी बढ़ते ही बिजली कटौती की समस्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। कई गांवों और मोहल्लों में बिना किसी पूर्व सूचना के लगभग 5 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दिन के समय बिजली कटने से पेयजल आपूर्ति, पंखे-कूलर और अन्य आवश्यक उपकरण ठप हो जाते हैं, जिससे खासकर बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को अधिक परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा बिजली काटने से पहले कोई सूचना नहीं दी जाती, जिससे लोग अपनी दैनिक दिनचर्या की तैयारी भी नहीं कर पाते। व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि दुकानों में बिजली आधारित उपकरण बंद हो जाते हैं।ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि अगर मरम्मत या अन्य कारणों से बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़े तो पहले से सूचना दी जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े। साथ ही नियमित और सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता भुवनेश्वर प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को बिजली के तारों के ऊपर पेड़ों की टहनियों की छंटाई चल एवं फ्यूज में काम किए जाने के कारण कुछ घंटे बिजली बाधित थी।


पेड़ों की छटाई करते कर्मी

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर रखीं अपनी समस्याएं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में मंगलवार को रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी विभागीय समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान पांच रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं तथा उनके समाधान की मांग की।



मंगलवार को मुख्यालय हाजीपुर में आयोजित इस मुलाकात कार्यक्रम के तहत रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से भेंट की। रेलकर्मियों ने अपनी सेवा से संबंधित विभिन्न समस्याओं, लंबित मामलों और अन्य विभागीय मुद्दों को विस्तार से उनके सामने रखा। महाप्रबंधक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि प्राप्त मामलों पर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

रेल प्रशासन की ओर से बताया गया कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत प्रत्येक मंगलवार को रेलकर्मियों के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात का दिन निर्धारित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं को सीधे उच्च स्तर पर सुनना और उनके समाधान की प्रक्रिया को तेज करना है। इस व्यवस्था के तहत रेलकर्मी अपनी समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक से मिलने से पहले कार्मिक विभाग में अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। इसके बाद निर्धारित मंगलवार को वे महाप्रबंधक से मिलकर अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रख सकते हैं। रेल प्रशासन का मानना है कि इस पहल से कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा और विभागीय कार्यप्रणाली भी अधिक प्रभावी बनेगी।

## कौआकोल में कार्यशाला आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत गोबिंदपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कौआकोल पूर्वी एवं पश्चिमी मण्डल में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि महाअभियान का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक रूप से सक्षम,वैचारिक रूप से सशक्त और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि यह महाअभियान संगठन की शक्ति बढ़ाने और कार्यकर्ताओं को विकसित भारत/राज्य के लक्ष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा वैचारिक अधिष्ठान पर आधारित पार्टी है। पार्टी के विचारों,पंच निष्ठाओं और केंद्र-राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने आगामी प्रशिक्षण महाअभियान की मंडल और बूथ स्तरीय कार्ययोजना की भी जानकारी दी। मौके पर पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मुकुल कुमार सिंह, शैलेंद्र शर्मा, कुंदन कुमार, निवास, प्रभाकर, संदीप कुमार, उपेंद्र चंद्रवंशी, नीतू गुप्ता, ज्योति सिंह, अजीत वर्मा, अनंत बरनवाल आदि मौजूद थे।




# तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में जनगणना- 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य हेतू चार्ज स्तर पर लॉगिन आई डी बनाना एवं उसके सफल क्रियान्वयन कैसे हो इसके लिए हैंड्स ऑन से संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज जनगणना पदाधिकारीयों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें डेटा संग्रहण के लिए मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन मोड में सहजतापूर्ण तरीके से किया जायेगा। इसके लिए पहली बार ऐप्लिकेशन सेन्सस 2027 -एच एल ओ का उपयोग किया जायेगा।यह मोबाइल ऐप एंड्रॉयड तथा आई ओ एस संस्करण के स्मार्टफोन के अनुकूल होगा।जनगणना प्रयोजन हेतु एच एल ओ मोबाईल ऐप को सरल सुबिधाजनक एवं उपयोगकर्ता - अनुकूल बनाया जायेगा ताकि सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा डिजिटल माध्यम से आँकड़ों के संग्रहण आसानी से किये जा सकेंगे ।जनगणना दो चरणों में किया जाना है, पहले चरण में मकान सूचीकरण के अंतर्गत मकानों की गणना की जायेगी। अनुमंडल पदाधिकारी - सह- अनुमंडल जनगणना पदाधिकारी निशांत सिहारा ने बताया कि जनसंख्या की गणना में प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत विवरण एक निश्चित संदर्भ दिनांक एवं समय पर दर्ज किया जायेगा। वहीं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार स्व-गणना का विकल्प भी प्रदान किया जा रहा है जिससे लोग अपना डेटा खुद से भर सकेंगे जिसे प्रगणकों के माध्यम से जांचोपरांत सबमिट किया जा सकेगा । जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना से आए प्रशिक्षक विकास सिंह एवं इस जिला के नोडल प्रशिक्षक आदित्य कुमार ने प्रशिक्षण सत्र को बड़ी कुशलता पूर्वक संचालित किया । राजेंद्र सभागार में इस अवसर पर आशीष कुमार नगर आयुक्त, मोतिहारी,सहायक समाहर्ता प्रिया रानी,गोपाल मिश्र, कमलेश कुमार सिंह उपस्थित थे ।




## घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत, उपभोक्ताओं को घंटों करना पड़ रहा इंतजार

- **उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसियों पर गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहे हैं**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम।** शहर में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की कमी से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसियों पर गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। कई लोग सुबह से ही लाइन में खड़े रहते हैं, फिर भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इससे आम लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

कई उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस एजेंसी के कार्यालय के बाहर संपर्क के लिए एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ है, लेकिन वह नंबर सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। इसके कारण लोगों को सिलेंडर की उपलब्धता या वितरण के बारे में सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। मोबाइल नंबर नहीं लगने के कारण उपभोक्ताओं को बार-बार एजेंसी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। गैस सिलेंडर की कमी के कारण कई परिवारों के सामने खाना बनाने की भी समस्या खड़ी हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर गैस की आपूर्ति हो और एजेंसी स्तर पर व्यवस्था बेहतर हो, तो इस तरह की दिक्कतों से बचा जा सकता है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने और एजेंसी की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित




खेल

टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ सूर्याकुमार ने अडालज स्टेपवेल में करवाया फोटोशूट




देश

एसआईआर से शुरू हुआ विवाद, चुनाव आयोग और ममता की खींचतान ने तय कर दिए हैं मुद्दे?

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • बुधवार • 11 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 98 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹1,48,850 | ₹ 2,90,000 |

## आज का इतिहास

**1872 :** भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक नेता मौलाना उबैदुल्लाह सिंधी का जन्म हुआ। उन्होंने रेशमी आंदोलन चलाया था किन्तु यह आंदोलन विफल हो गया।

**1985 :** भारत ने बेंशन एंड हेजेज क्रिकेट विश्वकप जीता।

## न्यूज बाइट्स

### सूबे के 191 परीक्षा केंद्रों पर राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा आज

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के 191 परीक्षा केन्द्रों पर बुधवार को राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा होगी। परीक्षा में राज्य से 85 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। पटना जिले में सात केन्द्र बनाए गए हैं। जिले से परीक्षा में 3738 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक होगी, जिसमें मानसिक योग्यता परीक्षा ली जाएगी। दूसरी पाली में दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे तक शैक्षिक योग्यता की परीक्षा होगी।

### स्कूलों-कॉलेजों में एभीजीसी लैब स्थापना पर मंथन

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्र सरकार शिक्षा और रचनात्मक डिजिटल उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के स्कूलों और कॉलेजों में एभीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। इसी पहल के तहत पोस्ट-बजट वेबिनार श्रृंखला में "सबका साथ, सबका विकास – लोगों की आकांक्षाओं की पूर्तिः शिक्षा, कौशल और विश्वविद्यालय टाउनशिप" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में इस योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय बजट 2026–27 में घोषित प्रस्ताव के तहत देशभर के 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों और 500 उच्च शिक्षण संस्थानों में एभीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विकास और रोजगार पर बड़ा संदेश

# सीएम ने 569 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

**मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले पांच साल में बिहार के एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए राज्य सरकार ने व्यापक रणनीति तैयार की है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन न करना पड़े, इसके लिए बिहार में ही बड़े पैमाने पर उद्योग-धंधे स्थापित किए जाएंगे।**

निज संवाददाता | सुपौल

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के दौरान मंगलवार को सुपौल पहुंचे, जहां वे पूरे एक्शन मोड में नजर आए। निर्मली अनुमंडल मैदान में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने करीब 32 मिनट तक लोगों से संवाद किया और बिहार के अगले पांच वर्षों के विकास का ब्लूप्रिंट प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले पांच साल में बिहार के एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए राज्य सरकार ने व्यापक रणनीति तैयार की है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन न करना पड़े, इसके लिए बिहार में ही बड़े पैमाने पर उद्योग-धंधे स्थापित किए जाएंगे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार की स्थिति बेहद खराब थी और लोग शाम होने के बाद घरों से बाहर निकलने से डरते थे। लेकिन 24 नवंबर 2005 को एनडीए सरकार बनने के बाद राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ और विकास की राह



खुली। उन्होंने कहा कि अब राज्य में हिंदू-मुस्लिम भाईचारा मजबूत हुआ है और विकास के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने निर्मली प्रखंड में निर्मली रिंग बांध के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने निर्मली अनुमंडल कार्यालय परिसर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने करीब 569 करोड़ रुपये की लागत से 129 योजनाओं का उद्घाटन और 84 योजनाओं का शिलान्यास किया।

### स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा विस्तार

स्वास्थ्य व्यवस्था का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में औसतन मात्र 39 मरीजों का इलाज होता था, जबकि आज हर महीने औसतन 11,600 मरीजों का इलाज हो रहा है। उन्होंने बताया कि पहले बिहार में छह मेडिकल कॉलेज थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 12 हो गई है। साथ ही आने वाले समय में 21 अन्य जिलों में भी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 5400 बेड की सुविधा उपलब्ध है, जबकि अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी 2500 बेड की व्यवस्था की गई है। वहीं पटना स्थित आईजीआईएमएस में 3000 बेड की सुविधा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में विश्व बैंक की मदद से जीविका स्वयं सहायता समूह की शुरुआत की गई थी। वर्तमान में राज्य में करीब 1 करोड़ 61 लाख महिलाएं जीविका समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रति माह कर दिया गया है, जिससे राज्य के करीब 1 करोड़ 14 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है।

### 45 हजार नए शिक्षकों की होगी बहाली

मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2023 तक राज्य में 3.58 लाख शिक्षकों की बहाली हो चुकी थी। इसके बाद बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के माध्यम से 2.58 लाख शिक्षकों की नियुक्ति की गई। साथ ही नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा के माध्यम से राज्यकर्मी और विशिष्ट शिक्षक का दर्जा दिया गया। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही बीपीएससी के माध्यम से 45 हजार नए शिक्षकों की बहाली की जाएगी।

### सभी पंचायतों में खुलेगा सुधा दूध केंद्र

सुपौल जिले के विकास का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के 235 गांवों में दूध उत्पादन समितियां गठित की गई हैं और सभी 174 पंचायतों में सुधा दूध बिक्री केंद्र खोले जाएंगे। इसके अलावा जिले के सभी 11 प्रखंडों में आदर्श विद्यालय और डिग्री कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।

गैस सप्लाई संकट के बीच सरकार का बड़ा फैसला

# बिहार में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग बंद, होटल-रेस्टोरेंट पर असर

**कई जिलों में घरेलू सिलेंडर के लिए लंबी लाइन**

निज संवाददाता | पटना

देश में गैस सप्लाई संकट के बीच केंद्र सरकार ने एसेंशियल कमोडिटी एक्ट 1955 लागू कर दिया है। हॉर्मुज जलमार्ग के रास्ते आने वाली गैस सप्लाई बाधित होने के बाद यह कदम उठाया गया है। गैस की कमी को देखते हुए बिहार सहित कई राज्यों में फिलहाल कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगा दी गई है। इसका सीधा असर होटल और रेस्टोरेंट कारोबार पर पड़ रहा है। कई जगहों पर कारोबारियों का कहना है कि अगर जल्द सप्लाई शुरू नहीं हुई तो होटल और रेस्टोरेंट बंद करने की नौबत आ सकती है। बिहार में भी कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग पूरी तरह बंद हो गई है। गैस एजेंसियों के अनुसार पिछले तीन दिनों से नए सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हुई है और बाजार में वही सिलेंडर उपलब्ध हैं जो पहले से स्टॉक में बचे हुए हैं। कॉमर्शियल गैस की कमी की खबरों के बाद घरेलू उपभोक्ताओं में भी घबराहट बढ़ गई है और पैनिक बुकिंग शुरू हो गई है। गोपालगंज, आरा, दरभंगा, अररिया, बेतिया, पूर्णिया और सुपौल जैसे जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर घरेलू सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

इसके साथ ही एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब एक घरेलू सिलेंडर की डिलीवरी के बाद दूसरा सिलेंडर 25 दिन बाद ही बुक किया जा सकेगा। गैस की जमाखोरी रोकने के लिए डिलीवरी के समय ओटीपी या बायोमेट्रिक सत्यापन को भी अनिवार्य किया गया है। सरकार ने सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश भी दिया है, ताकि जल्द से जल्द सप्लाई सामान्य हो सके। इंडियन ऑयल के मुख्य महाप्रबंधक (एलपीजी) के.एम. ठाकुर के अनुसार उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है और पैनिक बुकिंग से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार अब अमेरिका सहित अन्य देशों से वैकल्पिक गैस कार्गो मंगाने पर विचार कर रही है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जी7 देशों के बीच आपातकालीन तेल भंडार से सप्लाई जारी करने पर चर्चा चल रही है, ताकि वैश्विक ऊर्जा संकट को कम किया जा सके। रूस और अल्जीरिया से भी अतिरिक्त कच्चे तेल की आपूर्ति आने की संभावना जताई जा रही है।



### संकट से निपटने के लिए सरकार के कदम

गैस संकट से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने तीन तेल कंपनियों के कार्यकारी निदेशकों की एक हाई-लेवल कमेटी बनाई है, जो गैस सप्लाई की स्थिति की लगातार समीक्षा करेगी।

### क्या है एसेंशियल कमोडिटी एक्ट 1955

एसेंशियल कमोडिटी एक्ट 1955 ऐसा कानून है, जो सरकार को आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई और कीमतों को नियंत्रित करने का अधिकार देता है। इसके तहत अनाज, दाल, खाने का तेल, दवाइयां या ईंधन जैसी जरूरी वस्तुओं की जमाखोरी रोकने के लिए व्यापारियों के स्टॉक की सीमा तय की जा सकती है। जब किसी वस्तु की कमी होने लगती है या उसकी कीमतें तेजी से बढ़ने लगती हैं, तब सरकार इस कानून को लागू करती है ताकि बाजार में उपलब्धता बनाए रखी जा सके।

# कैबिनेट के छह बड़े फैसले : जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी, मदुरै एयरपोर्ट को मिला अंतरराष्ट्रीय दर्जा

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने मंगलवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में देश के बुनियादी ढांचे और ग्रामीण विकास से जुड़े कई अहम फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट में कुल छह महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, जिनकी कुल लागत करीब 8.8 लाख करोड़ रुपये है। इन फैसलों में जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी, तमिलनाडु के मदुरै एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना, रेलवे की मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं और हाईवे कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इन निर्णयों से देश में बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा, परिवहन और कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा। कैबिनेट ने जल जीवन मिशन की अवधि को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही इस योजना को नए स्वरूप में जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में लागू किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति प्रणाली में संरचनात्मक सुधार करना है। इस योजना की कुल लागत बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये कर दी गई है, जिससे ग्रामीण जल आपूर्ति ढांचे को और मजबूत किया जाएगा।

इसके अलावा कैबिनेट ने तमिलनाडु के मदुरै एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा देने को भी मंजूरी दे दी है। सरकार का मानना है कि इससे दक्षिण भारत में हवाई संपर्क को मजबूती मिलेगी, पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। रेलवे क्षेत्र में भी दो बड़ी परियोजनाओं को हरी झंडी दी गई है। कैबिनेट ने पश्चिम बंगाल में सैंथिया-पाकुड़ चौथी रेलवे लाइन और संतरागाछी-खड़गपुर चौथी लाइन के निर्माण को मंजूरी दी है। इन दोनों परियोजनाओं के जरिए रेलवे नेटवर्क में करीब 192 किलोमीटर की अतिरिक्त क्षमता जुड़ जाएगी। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 4474 करोड़ रुपये बताई गई है और इन्हें 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार के मुताबिक इससे करीब 5652 गांवों और लगभग 1.47 करोड़ लोगों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा।

कैबिनेट ने इसके साथ ही मध्य प्रदेश में बदनावर-थांदला-टिमरवानी हाईवे को चार लेन में अपग्रेड करने और जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद की ओर से जोड़ने वाली सड़क परियोजना को भी मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से सड़क संपर्क में सुधार होगा और दिल्ली-एनसीआर तथा मध्य भारत के बीच यातायात और तेज तथा सुगम हो सकेगा। सरकार का कहना है कि इन सभी फैसलों का उद्देश्य देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिले और लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार हो।

## 119 चिकित्सकों का विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में पदस्थापन

**पटना(नि.सं.)।** स्वास्थ्य विभाग ने पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे 119 चिकित्सकों को विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में तैनात कर दिया है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन सभी चिकित्सकों को तत्काल अपने-अपने पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। बताया गया है कि ये सभी चिकित्सक उच्चतर अध्ययन की निर्धारित अवधि पूरी करने के बाद लंबे समय से पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे थे। विभाग ने अब इन्हें विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सक के रूप में राज्य के विभिन्न जिलों के स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में नियुक्त किया है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इन चिकित्सकों की तैनाती से अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी चिकित्सकों को अपने-अपने पदस्थापन स्थल पर जल्द से जल्द योगदान देना अनिवार्य होगा, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

# सीओ और राजस्व अधिकारी दूसरे दिन भी हड़ताल पर, अंचल कार्यालयों में कामकाज प्रभावित

निज संवाददाता | पटना

राज्य में अंचलाधिकारी (सीओ) और राजस्व अधिकारी सरकार की चेतावनी के बावजूद मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण राज्य के अधिकांश अंचल कार्यालयों में कामकाज ठप हो गया, जिससे जमीन से जुड़े कार्यों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्रों के निर्गमन की प्रक्रिया भी प्रभावित रही। आम लोगों को दाखिल-खारिज, परिमार्जन और अन्य राजस्व कार्यों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के चलते प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कई जगहों पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) और जिलास्तरीय अधिकारियों को अंचलाधिकारी की जिम्मेदारी दी, लेकिन यह व्यवस्था पूरी तरह प्रभावी साबित नहीं हो सकी। इसके कारण अधिकांश अंचल कार्यालयों में सामान्य कामकाज सुचारू रूप से नहीं चल पाया। इस मुद्दे पर सरकार और राजस्व अधिकारियों के संगठन के बीच तनातनी की स्थिति बनी हुई है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताल को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि लोग किसी भ्रम में न रहें। उन्होंने कहा कि पहले भी एनडीए की सरकार थी और आगे भी सरकार इसी प्रकार काम करती रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग सीओ और राजस्व अधिकारियों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसी कोशिशें सफल नहीं होंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता के हित में जो काम शुरू कर चुकी है, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 46 लाख परिमार्जन और दाखिल-खारिज के मामलों का निष्पादन किया जाना है। ऐसे में हड़ताल से जनता को नुकसान हो रहा है और हड़ताल करने वाले अधिकारी अपनी सहानुभूति भी खो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग काम करने वालों को डराने या धमकाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

वहीं दूसरी ओर बिहार राजस्व सेवा महासंघ ने सरकार के आरोपों को निराधार बताते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। महासंघ ने बयान जारी कर कहा कि संघ की स्पष्ट राय है कि जनता के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए हड़ताल को जल्द समाप्त किया जाना चाहिए। हालांकि विभाग की ओर से यह कहना कि संघ के पदाधिकारी भूमाफिया के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं, पूरी तरह आपत्तिजनक और तथ्यहीन है। संघ ने कहा कि यदि किसी अधिकारी के विरुद्ध भूमाफिया से मिलीभगत का कोई ठोस प्रमाण है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### राजस्व सेवा के पांच अधिकारियों का त्याग पत्र मंजूर

विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, इस्तीफा देने वाले इन अधिकारियों में तीन महिला और दो पुरुष अधिकारी शामिल हैं। इन अधिकारियों ने छोड़ी सेवा (इस्तीफे की प्रभावी तिथि के साथ): विभागीय जानकारी के अनुसार, संबंधित जिलाधिकारियों की अनुशंसा पर निम्नलिखित अधिकारियों के इस्तीफे स्वीकार किए गए हैं: अंशु कुमारः पूर्व सीओ, गोरौल अंचल (वैशाली) – 19 दिसंबर 2025 से प्रभावी। राजन कुमारः पूर्व राजस्व अधिकारी, बिक्रमगंज – 26 जून 2025 से प्रभावी। शिवांगी पांडेयः राजस्व अधिकारी, परसा (सारण) – 7 मई 2025 से प्रभावी। अंकिता वर्माः पूर्व अंचल अधिकारी, राजपुर अंचल (रोहतास) – 27 अगस्त 2024 से प्रभावी। स्मृति कुमारीः राजस्व अधिकारी, हाजीपुर सदर – 20 अगस्त 2025 से स्वीकार। बिहार के डिप्टी सीएम और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताली कर्मियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में जारी विशेष भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त का कार्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार ने इस काम को दिसंबर 2027 तक हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। मंत्री ने कहा कि सर्वेक्षण के बाद जमीन के रिकॉर्ड पूरी तरह पारदर्शी और अपडेट हो जाएंगे, जिससे भूमि विवादों में भारी कमी आएगी। उन्होंने साफ कर दिया है कि कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसे समय सीमा के भीतर ही पूरा किया जाएगा।

## संविदा इंजीनियरों को स्थायी बहाली में केवल एक बार मिलेगा वेटेज

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में संविदा पर कार्यरत इंजीनियरों को अब स्थायी बहाली में केवल एक बार ही वेटेज (अधिमानता) का लाभ मिलेगा। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। यह फैसला लंबे समय से उठ रही मांगों और शिकायतों को देखते हुए लिया गया है। विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि संविदा पर कार्यरत इंजीनियरों को सहायक अभियंता की बहाली में 25 प्रतिशत अंकों का वेटेज दिया जाता है। हालांकि यह पाया गया कि कुछ संविदा इंजीनियर अलग-अलग कार्य विभागों की बहाली में बार-बार इस वेटेज का लाभ उठा रहे थे। इससे अन्य अभ्यर्थियों की ओर से आपत्ति जताई गई थी और मामले को लेकर शिकायतें भी सामने आई थीं। इस मुद्दे पर विचार-विमर्श के बाद सामान्य प्रशासन विभाग और महाधिवक्ता की राय ली गई। इसके आधार पर यह निर्णय लिया गया कि संविदा पर नियोजित सहायक अभियंता को केवल किसी एक कार्य विभाग के अभियंत्रण संवर्ग में सहायक अभियंता पद की बहाली के दौरान ही 25 प्रतिशत वेटेज का लाभ दिया जाएगा। आदेश के अनुसार एक बार वेटेज का लाभ मिलने के बाद भविष्य में अन्य विभागों की बहाली में संबंधित अभ्यर्थी को इसका लाभ नहीं मिलेगा। विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से बहाली प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और संतुलित होगी तथा अन्य अभ्यर्थियों के साथ समान अवसर सुनिश्चित किया जा सकेगा।

ग्रामीण गरीबों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से नीतीश सरकार की नई योजना

# राज्यभर में सुधा बूथों के माध्यम से की जाएगी बकरी के दूध की बिक्री

- पालन के लिए गरीब परिवारों को 90% तक सब्सिडी

निज संवाददाता | पटना



बिहार में पशुपालन को बढ़ावा देने और ग्रामीण गरीबों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बकरीपालन को प्रोत्साहित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी की है। योजना के तहत राज्यभर में सुधा बूथों के माध्यम से बकरी के दूध की बिक्री की जाएगी, जबकि बकरे के मांस की बिक्री नगर निगम और नगर निकायों के जरिए कराई जाएगी। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जिसे जल्द ही राज्य कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। विभाग के सचिव शीर्षत कपित अशोक ने पटना के एक होटल में आयोजित जलवायु अनुकूल बकरीपालन एवं प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य बकरीपालन को संगठित और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करना है, ताकि इससे जुड़े किसानों और गरीब परिवारों की आय में वृद्धि हो सके। योजना के तहत शुरुआत में पटना सहित प्रमुख शहरों में बकरी के दूध और मांस की बिक्री शुरू की जाएगी। बाद में इसे भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और पूर्णिया जैसे शहरों तक विस्तार दिया जाएगा।

कार्यशाला का उद्घाटन डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारने में बकरीपालन बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार बीपीएल परिवारों को 80 से 90 प्रतिशत तक अनुदान पर तीन प्रजनन योग्य बकरियां उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य में 34,218 परिवारों को कुल 1,02,654 बकरियां वितरित की जा चुकी हैं। सचिव ने बताया कि राज्य में जल्द ही गोट फेडरेशन का गठन किया जाएगा और प्रत्येक जिले में गोट स्पेशलिस्ट तैनात किए जाएंगे। इन विशेषज्ञों को मथुरा स्थित संस्थानों में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि बकरीपालन को वैज्ञानिक तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मथुरा इस क्षेत्र में थिंक टैंक की भूमिका निभाएंगे और किसानों को वैज्ञानिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे।

भारत का खाद्य निर्यात करीब पांच लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा

# दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि निर्यातक बना देश : पीयूष गोयल

एजेंसी | नई दिल्ली




भारत का खाद्य और कृषि उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ते हुए अब लगभग 5 लाख करोड़ रुपये (55 अरब डॉलर से अधिक) के स्तर तक पहुंच गया है। इसके साथ ही भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि उत्पाद निर्यातक देश बन गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को खाद्य, कृषि और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से जुड़े उद्योग प्रतिनिधियों से भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'आहार – द इंटरनेशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर' के 40वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए गोयल ने कहा कि भारत के कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादों के साथ-साथ मत्स्य पालन और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी मजबूत हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2014 से 2025 के बीच पिछले 11 वर्षों में भारत के कृषि और खाद्य निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवधि में प्रोसेस्ड फूड का निर्यात चार गुना तक बढ़ गया है, जबकि फल और दालों का निर्यात तीन गुना बढ़ा है। इसके अलावा प्रोसेस्ड सब्जियों का निर्यात चार गुना, कोको का निर्यात तीन गुना और अनाज का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि इसी अवधि में चावल के निर्यात में भी लगभग 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गोयल ने कहा कि ये उपलब्धियां इस बात का संकेत हैं कि भारत के पास कृषि और प्रोसेस्ड फूड निर्यात के क्षेत्र में दुनिया में शीर्ष स्थान हासिल करने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन के अनुरूप है, जिसमें भारत को "दुनिया की फूड बास्केट" बनाने की बात कही गई है।

मंत्री ने बताया कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, जिनके माध्यम से भारतीय उत्पादों को 38 विकसित और समृद्ध देशों के बाजारों तक पहुंच मिली है। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खुले हैं और देश वैश्विक व्यापार में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में 'फार्मा अन्वेषण–2026' का सफल आयोजन

## फार्मेसी के जनक प्रोफेसर एम एल श्रॉफ को राष्ट्रीय पुरस्कार देने की उठी मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम।** नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, सासाराम में 10 मार्च 2026 को "फार्मा अन्वेषण–2026" का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे के अवसर पर आयोजित किया गया, जो भारत में फार्मेसी के जनक प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष जसुभाई हीराभाई चौधरी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान हाजीपुर की निदेशक प्रो. डॉ. श्रीमती के. रुक्मणी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पहली बार बिहार में इस प्रकार के कार्यक्रम में शामिल हुआ हूं। मुझे यहां का वातावरण अपेक्षा से कहीं अधिक सकारात्मक लग रहा है और मुझे उम्मीद है कि निश्चित रूप से यह सम्मेलन फार्मेसी के लिए अन्वेषण की नई कहानी लिखेगा ।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक एवं माननीय विधायक, औरंगाबाद त्रिविक्रम नारायण सिंह ने इस महत्वपूर्ण आयोजन के सफल संपादन पर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान की। श्री सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मेसी के जनक प्रोफेसर श्रॉफ को उनके अमूल्य योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की जरूरत है ।फार्मेसी जगत के सभी लोग राष्ट्रीय स्तर पर



मुहिम चला कर सरकार से इस मांग हेतु आवश्यक पहल करें ।

इसके अतिरिक्त माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ. जगदीश सिंह, माननीय प्रतिकुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह ने कार्यक्रम में अपने संबोधन से उपस्थित छात्रों को लाभान्वित किया।इस अवसर पर फार्मेसी काउंसिल ने नई दिल्ली के ई सी सदस्य मि धर्मेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि,सी सी सदस्य डॉ कुमार अजय कुलसचिव आलोक प्रताप तथा परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डीन-कम-प्रिंसिपल, नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रहे, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों जैसे सीतामढ़ी, सिवान, बक्सर, गया, औरंगाबाद, पटना, मुजफ्फरपुर तथा सहरसा से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 660 प्रतिभागियों ने इस आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर प्रेजेंटेशन, ओरल प्रेजेंटेशन तथा मॉडल प्रेजेंटेशन शामिल रहे। पोस्टर प्रेजेंटेशन के लिए 16 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जबकि ओरल प्रेजेंटेशन के लिए 5 प्रतिभागियों का चयन हुआ। इसके अतिरिक्त 2 मॉडल प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर फार्मेसी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई। अतिथियों ने छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार तथा उद्योग-जगत से सक्रिय जुड़ाव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्यों तथा छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे फार्मेसी शिक्षा एवं शोध को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी पहल बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### चैत्र नवरात्रि में 72 साल बाद दुर्लभ संयोग,19 मार्च को कलश स्थापना

**बिक्रमगंज /रोहतास।** इस वर्ष 19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि में कलश स्थापना को लेकर जानकारों के अनुसार दो शुभ मुहूर्त बताए गए हैं । पहला शुभ समय सुबह 6 बजकर 02 मिनट से 7 बजकर 43 मिनट तक रहेगा ।इसके बाद दूसरा शुभ मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 05 मिनट से दोपहर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा । बताते चलें कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से लेकर 27 मार्च तक मनाए जाएंगे । चैत्र नवरात्रि के पहले दिन प्रतिपदा तिथि पर विधि-विधान से कलश स्थापना होगी । फिर अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन के साथ नवरात्रि का समापन होगा । इस बार घटस्थापना के दिन तीन बड़े ही खास योग रहने वाले हैं । इस वर्ष एक और खास बात यह होगी कि घटस्थापना के समय चैत्र अमावस्या का प्रभाव भी रहने वाला है । चैत्र नवरात्रि 2026 की तिथि हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट से प्रारंभ होगी और 20 मार्च को अहले सुबह 4 बजकर 52 मिनट तक रहेगी । 19 मार्च को सूर्योदय अमावस्या तिथि में ही होगा ।इसलिए घटस्थापना के समय अमावस्या का प्रभाव भी रहने वाला है । जानकारों का कहना है कि यह दुर्लभ संयोग करीब 72 साल बाद बन रहा है । प्रतिपदा तिथि पर 3 शुभ योग शुक्ल योग 19 मार्च को सुबह से शुरू होकर देर रात 01:17 बजे तक, ब्रह्म योग 19 मार्च की रात्रि 01:17 बजे से शुरू होकर 20 मार्च की रात्रि तक प्रभावी रहेगा,जबकि सर्वार्थ सिद्धि योग 20 मार्च को सुबह 4:05 बजे से 6:25 बजे तक रहेगा ।

### रोहतास में सड़क हादसे में महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल



मंजू देवी, मृतका, (फाइल-फोटो)।

**नोखा, रोहतास।** जिले के राजपुर–नोखा मुख्य मार्ग से बघैला थाना जाने वाले नहर पथ पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना बिशुनपुर गांव के छटका पिठौता मोरी के समीप हुई। मृतका की पहचान बिशुनपुर गांव निवासी मंजू देवी (40) के रूप में की गई है, जबकि उनके पति विजय महतो घायल हो गए। ग्रामीणों और वार्ड सदस्य अनिल कुमार के अनुसार मंजू देवी अपने पति विजय महतो और छोटे बेटे के साथ बाइक से पड़ोसी गांव रोतवा बाजार जा रही थीं। इसी दौरान नहर पथ पर मोरी के पास बघैला की ओर से ईंट लादकर आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण बाइक का पहिया अचानक एक पत्थर से टकराकर उछल गया, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान मंजू देवी संतुलन खोकर सड़क पर गिर पड़ीं और ट्रैक्टर ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गईं। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल विजय महतो को इलाज के लिए राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी करन कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ईद-उल-फितर एवं रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में मनाने हेतू सदभावना समिति की बैठक आयोजित



**काराकाट / रोहतास।** श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी काराकाट देवाशिष सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत जयश्री, धनहरा,अमौना एवं दनवार में ईद- उल-फितर व रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मनाने हेतू सदभावना समिति की बैठक आयोजित की गई । उक्त दौरान ग्रामीणों से पर्व को शांतिपूर्ण मनाने हेतू अपील की गई । मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल सिंह,प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार,काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार,जयश्री मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह,चिंटु कुमार,कमला देवी धनहरा मुखिया,विकास मित्र पुनम, सरस्वती,संतोष पंचायत सचिव, अविनाश कुमार,ऐनूल हक सहित सभी ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### पूर्व विवाद को लेकर हुई मारपीट मे तीन घायल, सभी रेफर

**कोचस (रोहतास)।** कोचस नगर पंचायत के चौक स्थित सासाराम पथ में दो सहोदर भाईयों के बीच हुए हिंसक झड़पों में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें आनन फानन में तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। बताया गया है कि सच्चिदा गांधी व अभिषेक गांधी व दूसरे पक्ष के लोहा गांधी के बीच दवा को लेकर उत्पन्न विवाद ने गंभीर रूप से ले लिया तूं तूं मैं मैं होने के साथ मामला मारपीट तक पहुंच गयी। जिसमें चले लाठी-डंडे से दोनों पक्षों के लोग घायल हो गये । जिस को लेकर सभी सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। बताया गया है कि दोनों घायल सहोदर भाई है तथा दोनों लोग अलग-अलग मेडिकल स्टोर के मालिक हैं। जिसमें दवाओं के दामों में हेर फेर को लेकर मामला मारपीट तक पहुंच गयी।इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। लेकिन अभी तक किसी पक्ष द्वारा लिखित आवेदन नहीं मिला है।




# डिहरी स्कूल के छात्र मुख्यमंत्री शैक्षणिक भ्रमण के लिए गये गयाजी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता


**राजपुर।** क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डिहरी के छात्र-छात्राएं मंगलवार को मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए गयाजी व बोधगया रवाना हुए.परिभ्रमण बस को गांव के समाजसेवियों व स्कूल प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.इस दौरान 30 विद्यार्थियों को गयाजी एवं बोधगया दर्शन तथा शैक्षणिक परिभ्रमण उद्देश्य से भेजा गया. प्रधानाध्यापक ने बताया कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा छात्रों को शैक्षणिक परिभ्रमण के माध्यम से सर्वांगीण विकास के लिए संचालित किया जाता है. बच्चों को ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल गयाजी एवं बोधगया दर्शन एवं शिक्षण के लिए ले जाया गया है.जहां वे विभिन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे.उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिरुचि बनी रहती है.यात्रा के दौरान बच्चों के भोजन और चिकित्सा सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है.

मौके पर स्कूल शिक्षक सत्यम कुमार, राधा कुमारी, बिनोद सिंह यादव समेत अन्य शिक्षकों मौजूद थे.

# डालमियानगर में झोपड़ी में लगी आग, घर जलकर राख, लाखों की संपत्ति का नुकसान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास।** जिले के डालमियानगर स्थित हरिजन कॉलोनी वार्ड नंबर 9 के झोपड़ी मुहल्ला में मंगलवार की सुबह एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग की चपेट में आने से रंजू देवी का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह एक बंद झोपड़ी से धुआं उठता देख आसपास के लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। उस समय घर में ताला लगा हुआ था, जिसके कारण आग तेजी से फैलती चली गई।



घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और झोपड़ी का ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही अग्निशमन विभाग को भी इसकी सूचना दी गई। करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़िता रंजू देवी ने बताया कि आग लगने से घर में रखा पलंग, बक्सा, कपड़े, फ्रिज, गोदरेज, टीवी, कूलर, बर्तन और राशन सहित कई जरूरी सामान जलकर नष्ट हो गए। इसके अलावा घर में रखे करीब पांच हजार रुपये नकद भी आग की भेंट चढ़ गए। इस घटना में लगभग दो लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों की सतर्कता से आसपास के घरों में आग फैलने से बच गई।


धुआं उठते ही लोगों ने तुरंत बिजली का कनेक्शन काट दिया और पानी डालकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों का कहना है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। घर के अंदर बिजली के तार आपस में सटे हुए थे और जलने की तेज बदबू भी आ रही थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण ही झोपड़ी में आग लगी। फिलहाल घटना के बाद पीड़ित परिवार को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है।

# पैन-आधार के दुरुपयोग से फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन, 115 करोड़ से अधिक के लेनदेन का नोटिस

## पीड़ित व्यवसायी ने दर्ज कराई प्राथमिकी, जांच की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम / रोहतास।** रोहतास जिले के सासाराम में पैन और आधार कार्ड के कथित दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्तियों ने स्थानीय व्यवसायी गालिब इमाम के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन करा लिया और करोड़ों रुपये के कारोबार का विवरण दर्ज कर दिया। इसके बाद आयकर विभाग की ओर से उन्हें भारी-भरकम लेनदेन से जुड़े नोटिस मिलने लगे। इस संबंध में पीड़ित व्यवसायी एवं फोटोस्टेट दुकानदार गालिब इमाम ने सासाराम नगर थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।





प्राथमिकी के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों ने उनके पैन और आधार कार्ड का दुरुपयोग कर तीन फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन करा लिए। इन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से करीब 115 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्शाया गया है, जबकि पीड़ित का इस प्रकार के किसी भी व्यापार से कोई संबंध नहीं है। अड्डा रोड निवासी गालिब इमाम सासाराम में एक छोटी सी फोटोस्टेट की दुकान चलाते हैं और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका कहना है कि उन्होंने कभी किसी बड़े व्यापार या कंपनी का संचालन नहीं किया। करोड़ों रुपये के कथित लेनदेन से जुड़े नोटिस मिलने के बाद ही उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई।

गालिब इमाम के अनुसार हाल के दिनों में आयकर विभाग की ओर से कई नोटिस प्राप्त हुए हैं। इनमें 5 फरवरी को सासाराम स्थित आयकर कार्यालय से 1,10,93,13,901 रुपये के कथित लेनदेन से संबंधित नोटिस भी शामिल है। इसके अलावा देश के विभिन्न शहरों से भी उनसे जुड़े लेनदेन को लेकर नोटिस भेजे गए हैं। पीड़ित ने बताया कि शिलांग (मोरेगांव) से सैयदा अफ्जिया के पैन कार्ड से जुड़े 4,42,93,333 रुपये के लेनदेन का नोटिस मिला है, जबकि भोपाल से दादूलाल गुप्ता के नाम से संबंधित एक अन्य नोटिस भी प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त दिल्ली से अलग-अलग नामों से पांच अन्य नोटिस भी भेजे गए हैं।

लगातार मिल रहे नोटिसों से गालिब इमाम मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। उनका कहना है कि एक छोटे दुकानदार के लिए इस तरह के करोड़ों रुपये के लेनदेन की कल्पना भी संभव नहीं है। इस मामले में एफआईआर संख्या 154/26 दिनांक 1 मार्च 2026 को सासाराम नगर थाना में दर्ज की गई है। पीड़ित ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि उनके नाम पर हुए फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन को तत्काल निरस्त किया जाए, पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें फर्जी आयकर नोटिसों से राहत दिलाई जाए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ईद और रामनवमी को लेकर दिनारा प्रखंड में सद्भावना बैठकें, पुलिस ने शांति बनाए रखने की अपील की



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास।** जिले के दिनारा प्रखंड क्षेत्र में आगामी ईद और रामनवमी पर्व को शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से मंगलवार को विभिन्न पंचायत मुख्यालयों पर सद्भावना बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ संवाद कर त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

दिनारा, नटवार और भानस थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के पंचायत भवनों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें पर्व-त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि से बचें और ऐसी कोई भी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

बैठकों के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और आश्वासन दिया कि उपद्रवियों व हुड़दंग मचाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दिनारा थाना प्रभारी विनय कुमार ने गुनसेज और मेदनीपुर पंचायतों में बैठक कर लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। वहीं भानस थाना प्रभारी ने चिलंहरुआ पंचायत में ग्रामीणों के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। इसके अलावा नटवार थाना प्रभारी ने भी अपने थाना क्षेत्र की कई पंचायतों में सद्भावना बैठकें आयोजित कर लोगों को शांति और भाईचारे का संदेश दिया।

# जोरावरपुर जामा मस्जिद में रमजान की तरावीह संपन्न, अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड के जोरावरपुर स्थित जामा मस्जिद में माहे रमजान की मुकद्दस तरावीह की नमाज सोमवार की रात मुकम्मल हो गई। यह सिलसिला 18 फरवरी को रमजान का चांद नजर आने के साथ ही शुरू हुआ था। पूरे रमजान के दौरान बड़ी तादाद में नमाजियों ने शिरकत कर इबादत का एहतेमाम किया। कोआथ निवासी हाफिज साकिब खान ने तरावीह की नमाज अदा कराई। तरावीह मुकम्मल होने के बाद मस्जिद कमिटी की जानिब से हाफिज साकिब साहब का इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर उन्हें फूल-माला, अंगवस्त्र और 45 हजार रुपये बतौर नजराना पेश किया गया। मौजूद लोगों ने उन्हें गले मिलकर मुबारकबाद दी और अपनी खुशी का इजहार किया।



इसके बाद तमाम नमाजियों ने मस्जिद में बैठकर अल्लाह तआला से मुल्क और दुनिया में अमन-ओ-सुकून, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए खास दुआएं कीं। इस मौके पर उलेमा और बुजुर्गों ने लोगों से अपील की कि माहे रमजान की बरकतों से ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं, इबादत का एहतेमाम करें और गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम देता है। इस मौके पर जामा मस्जिद के सेक्रेटरी अयूब खान उर्फ कल्लन, गुफरान खान, असगर खान,राजा खान, सादिक खान, शोएब खान, अजीजुल्लाह खान, जुनैद खान, तफज्जुल खान, मोजिबुल्लाह खान, आकिब खान, अमन खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जन अधिकार फाउंडेशन के कौशल विकास केंद्र में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास।** जन अधिकार फाउंडेशन द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक और सशक्त बनाना था। कार्यशाला का शुभारंभ महिला थानाध्यक्ष अशुमाला, जीविका की प्रतिनिधि रचना कुमारी और जन अधिकार फाउंडेशन के सचिव सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से महिला थानाध्यक्ष अशुमाला और जीविका प्रतिनिधि रचना कुमारी को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं महिला थानाध्यक्ष ने उपस्थित बालिकाओं को स्कूली बैग देकर उनका उत्साहवर्धन किया।




कार्यक्रम के दौरान महिला थानाध्यक्ष अशुमाला ने महिलाओं की सुरक्षा और आत्मरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर रहती है। साथ ही उन्होंने बालिकाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर निडर होकर पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। जीविका प्रतिनिधि रचना कुमारी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान और घरेलू हिंसा जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को इन सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक होने और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की प्रेरणा दी। कार्यशाला के दौरान कई बालिकाओं ने कानूनी विषयों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से जवाब दिया। इससे उपस्थित बालिकाओं की जागरूकता और जानकारी में वृद्धि हुई। इस अवसर पर अमृता कुमारी, लक्की कुमारी, रागिनी कुमारी, काजल कुमारी सहित दर्जनों बालिकाएं और कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### लोजपा रामविलास ने एनडीए नेताओं से चिराग पासवान को सीएम बनाने की मांग की

**अररिया।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के आईटी सेल के जिलाध्यक्ष अमित कुमार पासवान ने एनडीए के शीर्षस्थ नेताओं से चिराग पासवान को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग की।अमित कुमार पासवान ने कहा कि चिराग पासवान युवा है और युवाओं के साथ बिहार के आम आवाम के बीच लोकप्रिय और दूरदर्शी है। उन्होंने वर्तमान समय में बिहार में युवा मुख्यमंत्री की मांग को देखते हुए विवाद रहित चिराग पासवान के नेतृत्व में नई सरकार गठन करने की मांग की।एनडीए के शीर्ष नेताओं से अपील करते हुए लोजपा रामविलास के आईटी सेल के जिलाध्यक्ष ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी देने पर गहनतापूर्वक विचार करते हुए चिराग पासवान को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की।

### मादक पदार्थ तस्करों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**बांका।** बांका में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए जिला स्तरीय नारको समन्वय केंद्र समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई इस बैठक में नशे के दुरुपयोग को रोकने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ नियमित छापेमारी अभियान चलाने और उनकी गतिविधियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए जिले भर में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने पर भी जोर दिया।

**गतिविधियों की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए:** डीएम ने उन क्षेत्रों की पहचान करने का निर्देश दिया, जहां मादक पदार्थों की अवैध खेती की संभावना है। इन क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम की योजना बनाकर उसे प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा गया, ताकि स्थानीय लोगों को अवैध खेती से दूर किया जा सके। बैठक में जिले में संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों के नियमित पर्यवेक्षण और उनकी गतिविधियों की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। शहरी क्षेत्रों में संभावित तस्करी स्थलों को चिन्हित कर सभी थाना अध्यक्षों को उनकी सूचीबद्ध विवरणी तैयार कर संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराने का आदेश दिया गया।

**मौके पर मौजूद रहे अधिकारी:** इस बैठक में सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी बांका, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा के पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला कृषि पदाधिकारी और उत्पाद अधीक्षक सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शिशु मंदिर एवं बालिका विद्या मंदिर का सचिव ने किया निरीक्षण

**अररिया।** फारबिसगंज के कटहरा स्थित विद्या भारती लोक शिक्षा समिति से सम्बद्ध सुलोचना देवी डॉ डीएल दास शिशु मंदिर एवं बालिका विद्या मंदिर का सोमवार को प्रबंधकारिणी समिति के सचिव शिवनारायण दास भानु और लोक शिक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रकाश प्रसाद ने निरीक्षण किया।निरीक्षण उपरांत शैक्षणिक माहौल को सुदृढ़ बनाने को लेकर आचार्यों के साथ बैठक की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने अधिकारियों का परिचय कराते हुए विद्या भारती की भूमिका की चर्चा करते हुए विषय प्रवेश कराया। सचिव शिवनारायण दास भानु ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि लगन व मेहनत के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने वाला विद्यार्थी हमेशा आगे बढ़ता है। अतः अपना लक्ष्य निर्धारित कर नियमित दिनचर्या का पालन करना चाहिए। विद्या मंदिरों के छात्रों ने देश भर में अपने समाज का नाम रोशन किया है। उन्होंने आगे कहा कि विद्या मंदिरों में बालक और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को केन्द्रित कर शिक्षा दी जाती है। छात्रों में श्रेष्ठ संस्कार स्थापित होना विद्या मंदिर का लक्ष्य है।क्रिया आधारित शिक्षा से प्रतिभाओं को आगे बढ़ावा देना है, जिससे समाज को नई दिशा प्राप्त हो सके। कदम से कदम मिलाकर सकारात्मक सोच के साथ विद्यालय को प्रगति पथ पर आगे ले जाने एवं समाज में इसकी प्रतिष्ठा को स्थापित करने का आह्वान किया। बच्चों के गुणात्मक विकास हेतु ठोस पहल करने पर बल दिया। मौके पर आचार्य अरविंद कुमार दास, संतोष कुमार दास, अशोक कुमार,अजय कुमार राय,अखिल कुमार झा, आचार्या रिया कुमारी, शबनम देवी, सुषमा कुमारी के साथ साथ अन्य आचार्य आचार्या उपस्थित रहे। इससे पूर्व संगठन मंत्र के साथ बैठक प्रारंभ हुई।

### जाम में लोग एक घंटे फंसे

**मुंगेर।** मुंगेर में मंगलवार को अंबे चौक पर भीषण सड़क जाम लग गया। इस जाम के कारण वाहन चालक और आम लोग लगभग एक घंटे तक फंसे रहे। जाम के कारण लगभग एक किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसमें शव ले जाने वाले वाहन, स्कूली बच्चों की गाड़ियां और कोर्ट जाने वाले लोग भी फंसे रहे, जिससे वे समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए।

**एक घंटे बाद यातायात पुलिस मौके पर पहुंची:** यातायात नियमों का पालन नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। लगभग एक घंटे बाद यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाया। मुंगेर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मी तैनात हैं, लेकिन उनके द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कराया जा रहा है। इसी कारण शहर में आए दिन अलग-अलग स्थानों पर सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है।

**चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वाले लोग और स्कूली छात्र भी परेशान:** इस समस्या से वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वाले लोग और स्कूली छात्र भी परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस दैनिक जाम से निजात दिलाने के लिए नई पहल करने की गुहार लगाई है।

### बिहार कृषि विवि में शुरू होगी ब्लूबेरी की खेती, शोध हुआ शुरू

**भागलपुर।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में अब ब्लूबेरी की खेती की संभावना तलाशने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस फल को मंगाया है। इसके लिए शोध कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसका उद्देश्य यह जानना है कि बिहार की जलवायु और मिट्टी में ब्लूबेरी की खेती कितनी सफल हो सकती है। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो राज्य के किसानों के लिए एक नया विकल्प खुल जाएगा। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार ब्लूबेरी एक उच्च मूल्य की फल फसल है, जिसकी मांग देश और विदेश दोनों जगह तेजी से बढ़ रही है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके कारण इसे स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। फिलहाल भारत में इसकी खेती सीमित क्षेत्रों में ही होती है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि उचित तकनीक और अनुसंधान के जरिए इसे बिहार में भी उगाया जा सकता है। इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षण के तौर पर पौधे लगाए जाएंगे। बीएयू के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने कहा कि यदि ब्लूबेरी की खेती बिहार में सफल होती है तो किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है। यह फसल कम क्षेत्र में भी अधिक आर्थिक लाभ देने वाली है। अप्रैल-मई में होती है ब्लूबेरी की खेती मखाना के बाद अब दूसरा सुपरफूड ब्लूबेरी की खेती को बढ़ावा मिलेगा। इसके पौधे झाड़ीदार होते हैं। महाराष्ट्र, पुणे, नासिक, महाबलेश्वर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में इसकी खेती होती है। यह एक उच्च-मूल्य वाली फसल है, जिसकी खेती ठंडी जलवायु और अम्लीय मिट्टी वाले पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक सफल है। 10 डिग्री सेल्सियस से 32 डिग्री सेल्सियस तापमान इसकी खेती के लिए आदर्श माना जाता है। यह 42 डिग्री तक की गर्मी सहन कर सकती है। अलग-अलग प्रजातियों के पौधा अप्रैल से तैयार किये जाएंगे। इसके अनुसार खेती की सक्सेस रेट निकाली जाएगी। ब्लूबेरी की खेती अप्रैल-मई में की जाती है।

# दो दिनों के बाद मिला गंगा में डूबे मछुआरे का शव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के अजगैबीनाथ गंगा घाट पर रविवार को मछली पकड़ने के दौरान गंगा में डूबे मछुआरे का शव 48 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। मृतक की पहचान सुल्तानगंज वार्ड संख्या 22 के शाहाबाद बरैठा मुशहरी निवासी 50 वर्षीय मुनेश्वर मांझी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार को मुनेश्वर मांझी अजगैबीनाथ गंगा घाट पर मछली पकड़ने के लिए नदी में उतरे थे। इसी दौरान गहराई का अंदाजा नहीं लगने के कारण वह अचानक डूब गए। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद प्रशासन को सूचना दी गई, जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया।

**दो दिनों के सर्च ऑपरेशन के बाद मिली लाश:** सोमवार और मंगलवार को लगातार चलाए गए सर्च ऑपरेशन के बाद मंगलवार को एसडीआरएफ की टीम ने गंगा नदी से मुनेश्वर मांझी का शव बरामद कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और स्थानीय लोग गंगा घाट पहुंच गए। परिजनों ने रोते-बिलखते शव की पहचान की। मौके पर जन संसद के संरक्षक अजीत कुमार तथा वार्ड संख्या 22 के पार्षद प्रतिनिधि विपिन कुमार भी गंगा घाट पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी सुल्तानगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थाना के नए थाना अध्यक्ष प्रशिक्षु आईपीएस सह एएसपी शयम रजा, इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया। इस दौरान जन संसद के संरक्षक अजीत कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए सुल्तानगंज आते हैं। कई बार लोगों को गंगा की गहराई का सही अंदाजा नहीं हो पाता, जिससे इस तरह की घटनाएं हो जाती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। साथ ही बांस की बैरिकेडिंग कराई जाए और एसडीआरएफ की टीम की तैनाती की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# फोरलेन सड़क परियोजना का भौतिक सत्यापन शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका जिले में अमरपुर प्रखंड अंतर्गत प्रस्तावित धोरैया-असरगंज फोरलेन सड़क परियोजना को लेकर प्रशासनिक प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मंगलवार को अपर समाहर्ता अजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने अमरपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जमीन का भौतिक सत्यापन किया। टीम के सदस्यों ने अमरपुर थाना क्षेत्र के इंग्लिशमोड़, मादाचक, सिमरपुर और आसपास के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने प्रस्तावित सड़क निर्माण से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सड़क मार्ग के स्थलों की वास्तविक स्थिति, सीमांकन और राजस्व अभिलेखों का मिलान भी किया।

**क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है परियोजनाः** अपर समाहर्ता अजीत कुमार ने बताया कि धोरैया-असरगंज फोरलेन सड़क परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह सड़क लगभग 59 किलोमीटर लंबी और 12 मीटर चौड़ी होगी। यह परियोजना बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है, जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले इंग्लिशमोड़ से जैठोर पुल तक सड़क किनारे के अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा हटाया जा चुका है। सोमवार को स्थल निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए थे।

**सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने पर होगी कागजी कार्रवाईः** अपर समाहर्ता ने स्पष्ट किया कि भौतिक सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवश्यक कागजी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# नगर परिषद प्रशासन ने शहर में चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के क्रम में बुधवार को अररिया पहुंच रहे हैं,जहां वे मधेपुरा से हेलीकॉप्टर से अररिया पहुंचकर नवनिर्मित पुलिस लाइन, एएनएम,जीएनएम एंड पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट भवन,कोशी डेयरी प्रोजेक्ट पूर्णिया अधीनस्थ दुग्ध शीतक केन्द्र का उद्घाटन करेंगे।इसके अलावे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अररिया कॉलेज स्टेडियम में जीविका दीदियों के साथ संवाद और अधिकारियों के साथ कार्यक्रमों,योजनाओं आदि की प्रगति को लेकर बैठक कर समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी में जिला प्रशासन पूरी तरह जुट सा गया है।अररिया कॉलेज स्टेडियम में मंच के साथ पंडाल लगाया जा रहा है तो अररिया कॉलेज स्टेडियम जाने वाली सड़क को रातों रात पूरी तरह से दुरुस्त कर दिया गया है। एएनएम,जीएनएम एंड पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट भवन के पास स्थित मैदान में विभिन्न विभागों की ओर से कार्यक्रमों और योजनाओं के साथ उत्पाद प्रदर्शन को लेकर स्टॉल लगाया जा रहा है।दूसरी ओर अररिया नगर परिषद प्रशासन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बावत मंगलवार को शहर में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया।नगर परिषद प्रशासन के द्वारा सड़क के किनारे के कब्जा वाले जमीन पर बुलडोजर चलाकर सड़क और अतिक्रमित स्थलों को कब्जा मुक्त कराया गया है। एडीबी चौक से बस स्टैंड जाने वाली सड़क के साथ अररिया कॉलेज की ओर जाने वाली सड़क के दोनों हिस्से में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।रमजान माह के चहल पहल और दुकानदारों के बीच अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान को लेकर स्थानीय लोगों में नगर परिषद प्रशासन के प्रति आक्रोश भी देखा गया।बावजूद इसके मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की।

# ई-रिक्शा-बाइक की टक्कर, चालक समेत 2 घायल, गंभीर स्थिति में 2 भागलपुर रेफर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका के अमरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार रात ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। रजौन थाना क्षेत्र के राजावर गांव निवासी ई-रिक्शा चालक बबलू साह, धनसार गांव के सुनील यादव और महाराजपुर गांव की कीर्तन मंडली के कुछ सदस्य ई-रिक्शा से डोमो कुमारपुर गांव जा रहे थे। सलेमपुर और विशंभरचक गांव के बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी।

**लोगों ने घायलों को पहुंचाया अस्पतालः** टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा चालक बबलू साह और सुनील यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को अमरपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। हालांकि, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# पंचायत समिति की बैठक में सीडीपीओ के अवहेलना पर जताई गई नाराजगी,अवैध उगाही का लगाया गया आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** फारबिसगंज प्रखंड परिसर स्थित सभा भवन में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक प्रमुख ओमप्रकाश पासवान की अध्यक्षता में हुई।जिसमें उप प्रमुख हसीब खान के साथ बीडीओ संजय कुमार, बीपीआरओ शशिरंजन, एमओ इंद्रजीत कुमार, बीएओ चंदन प्रियदर्शी, बिजली विभाग के जेई तथा मनरेगा पीओ समेत कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान कई जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बैठक को लेकर सीडीपीओ क द्वारा लगातार किए जा रहे अवहेलना पर नाराजगी जाहिर की गई और सीडीपीओ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर प्रस्ताव लेने की मांग जोरों से की गई। पंचायत समिति सदस्यों ने सीडीपीओ पर पर्यवेक्षिकाओं के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों से चार चार हजार रूपये तक वसूली करवाने का आरोप लगाया।बैठक बिजली विभाग के एसडीओ की अनुपस्थिति पर भी चर्चा की गई। सैफगंज के मुखिया ने आरोप लगाया कि उनके पंचायत के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों से सीडीपीओ के द्वारा प्रति केंद्र चार हजार रुपये की उगाही करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि विभाग पूरी तरह लूट का अड्डा बन गया है। पंप्पू मेहता ने कहा कि इस समय किसानों के लिए सिंचाई बेहद जरूरी है, लेकिन कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर नहीं रहने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के सर्वे के नाम पर आवास सहायकों द्वारा लाभुकों से उगाही की जाती है। जो लोग पैसे नहीं देते हैं, उनका नाम सूची से हटा दिया जाता है।जिस पर बीडीओ संजय कुमार ने कहा कि यह अंतिम सर्वे है और जिन लोगों का नाम किसी कारणवश छूट गया है, उनकी सूची बनाकर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्राम सभा की भूमिका के आधार पर योग्य लाभुकों का नाम जोड़ा जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि कफील अंसारी और प्रकाश चौधरी ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कई डीलरों द्वारा लाभुकों से दो किलो अनाज काट लिया जाता है। इस दौरान एमओ पर यह आरोप भी लगाया गया कि उनके दलालों के माध्यम से उगाही की जाती है। बैठक के अंत में प्रमुख ओमप्रकाश पासवान ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा के बाद उठाए गए मुद्दों और प्रस्तावों पर विचार करने की सहमति जताई। बैठक में मुखिया दिलीप पासवान, परमानंद ऋषि, कफील अंसारी, प्रकाश चौधरी, रियाज अहमद पंसस नितीश शाह, पप्पू मेहता, दिलीप ऋषिदेव, अस्मिना खातून, मो. बादल, गुलाम सरवर, विजय विश्वास, पंचानंद राम और रौशन सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जल संकट को लेकर प्रशासन अलर्ट

**बेगूसराय।** बेगूसराय में भीषण गर्मी शुरू होने से पहले पेयजल की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन एक्टिव मोड में हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (PHED) की ओर से अलग-अलग इलाकों में खराब पड़े सरकारी चापाकलों को दुरुस्त करने के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया गया है। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने आज(10 मार्च 2026) चापाकल मरम्मत दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिससे हर पंचायत में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। डीएम ने कहा कि जिले में 20776 सरकारी चापाकल चिन्हित हैं। इनमें से जो भी चापाकल वर्तमान में बंद हैं, उसे मिशन मोड में ठीक किया जाएगा। इस अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बेगूसराय और तेघड़ा के तहत आने वाले सभी प्रखंडों की पंचायतों में मरम्मत दल भ्रमण करेंगे। प्रत्येक मरम्मत दल में 1 मिस्त्री और 2 हेल्पर को आवश्यक मरम्मत संसाधन और औजार के साथ लगाया गया है। निर्देश दिया गया है कि मरम्मत कार्य में पारदर्शिता और जरूरत का ध्यान रखा जाए। मरम्मत के लिए प्राथमिकता सूची तय की गई है। अनुसूचित जाति-जनजाति मोहल्ला में पानी की उपलब्धता सबसे पहले सुनिश्चित की जाएगी। बच्चों को गर्मी में परेशानी नहीं हो, इसके लिए विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र के चापाकल प्राथमिकता पर ठीक होंगे। हाट-बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर लगे चापाकलों को तुरंत दुरुस्त किया जाएगा। ठीक होने के बाद विभाग के पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी। डीएम ने स्पष्ट कहा है कि इस बार मरम्मत कार्य केवल कागजों पर नहीं होगा। PHED ने इसके लिए एक डिजिटल पोर्टल तैयार किया है। प्रत्येक पंचायत में मरम्मत के बाद संबंधित प्रतिनिधि मुखिया या अन्य से सोशल सर्टिफिकेशन लिया जाएगा। चापाकल ठीक करने के बाद उसकी फोटो Geo Tagging के साथ विभागीय पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।

पूर्व मध्य रेल
ई. निविदा सूचना
ई–निविदा नोटिस सं०–64 ऑफ 2025–26/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**निविदा सं०–36–डीडीयू–व०मं०इंजी०–I–25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल अभियंता / बिक्रमगंज के तहत–आरा–सासाराम के रबरयुक्त सतह के साथ लेवल क्रॉसिंग का उन्नयन। **कार्य का अनुमानित लागत:** ₹ 48666675.20, **धरोहर राशि:** ₹ 393300.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 30.03.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।
**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
पीआर/1904/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/25–26/32

# स्थानांतरित पूर्व शिक्षक रिंकू कुमार के विद्यालय आगमन पर हुआ सम्मान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** फारबिसगंज प्रखंड के तिरसकुंड पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में करीब आठ माह पूर्व स्थानांतरित होकर गए शिक्षक रिंकू कुमार मंगलवार को स्कूल पहुंचे,जहां उनके आगमन पर विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, वहीं बच्चों ने कलम भेंट कर अपने शिक्षक के प्रति स्नेह और सम्मान प्रकट किया। इस मौके पर रिंकू कुमार ने कहा कि स्थानांतरण के बाद भी वे विद्यालय की गतिविधियों को सोशल मीडिया, समाचार पत्र और फेसबुक के माध्यम से लगातार देखते रहते हैं तथा यहां होने वाले अच्छे कार्यों को अपने वर्तमान विद्यालय में भी लागू करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा ऐसा विद्यालय है, जो केवल अररिया ही नहीं बल्कि पूर्णिया जिले में भी अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के कारण चर्चा में रहा है। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि संजीत सर द्वारा बनाए गए विद्यालय के वीडियो को उन्होंने पूर्णिया के डीपीओ को भी दिखाया था और यह बताते हुए उन्हें गर्व महसूस हुआ कि वे भी कभी इस विद्यालय का हिस्सा रहे हैं। मौके पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक कुमार राजीव रंजन, कवि सह शिक्षक संजीत कुमार निगम तथा तबीयत खराब होने के बावजूद सीएल में रहते हुए भी शिक्षक रंजीत कुमार मंडल उपस्थित होकर रिंकू कुमार का सम्मान किया।

पूर्व रेलवे
खुली निविदा सूचना सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-26, दिनांक 09.03.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-26, कार्य का नाम: एसटीएन-जेएजे अनुभाग के तहत लूप लाइनों की लंबाई का विस्तार। निविदा मूल्य: रु. 1,46,86,483.98; बयाना राशि: रु. 2,23,400; खुलने की तारीख एवं समय: 07.04.2026 को 15.00 बजे। कार्य समापन अवधि: स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 9 महीने। प्रस्ताव की वैधता: खुलने की तारीख से 45 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं। (ASN-384/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 44 मामलों में 36.62 लाख की सहायता स्वीकृत

**आरा।** भोजपुर समाहरणालय में सोमवार को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समिति द्वारा 26 मामलों में 44 पीड़ितों के लिए कुल 36 लाख 62 हजार 500 रुपये की सहायता राशि भुगतान के लिए अनुशंसित की गई। इसके बाद जिला कल्याण कार्यालय, भोजपुर आरा में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए राशि को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा अधिनियम के तहत अब तक 8 आश्रितों को सरकारी सेवा में नियुक्ति दी जा चुकी है, जबकि एक आश्रित की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। वहीं 67 आश्रितों को प्रति माह पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। बैठक में वर्ष 2025 में 604 पीड़ितों और आश्रितों को कुल 5 करोड़ 71 लाख 22 हजार 950 रुपये की अनुदान राशि का भुगतान किए जाने की जानकारी भी दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, जिला निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (सोन नहर/लघु सिंचाई), पीएचईडीसदस्य रामबाबू पासवान, भूनेश्वर पासवान और शैलेन्द्र कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हृदय गति रुकने से कृषि समन्वयक की मौत

**आरा।** उदवंतनगर ब्लॉक में कार्यरत कृषि समन्वयक बिजेंद्र कुमार सिंह (46 वर्ष) का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। वे वर्तमान में आरा ब्लॉक के समीप अजय स्टूडियो के बगल वाली गली में एक किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को ऑफिस जाने के लिए तैयार हो रहे थे, अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। अस्पताल के ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ ऋषि कुमार ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हेंमृत घोषित कर दिया। डॉ ऋषि ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी स्थिति काफी गंभीर थी।

### कांग्रेस के सृजन अभियान में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

**आरा।** कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में बैठक व संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन बैठकों का उद्देश्य संगठन को अधिक मजबूत, सक्रिय और जनसरोकारों से जोड़ना था। बैठकों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर व झारखंड की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर रंजीत वाल्मीकि मौजूद रहे। दोनों पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की वर्तमान स्थिति, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आने वाली रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। तरारी प्रखंड में बैठक का संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह, अंगिआव प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष राकेश पांडेय तथा जगदीशपुर प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। तीनों प्रखंडों में आयोजित बैठकों की अध्यक्षता भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक राम ने की। इस अवसर पर अंबा प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मजबूती हमेशा उसके जमीनी कार्यकर्ताओं से बनी है। उन्होंने कहा कि जब संगठन बूथ स्तर तक मजबूत होगा, तभी कांग्रेस की विचारधारा प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंचेगी। उन्होंने संगठन सृजन अभियान को कांग्रेस की वैचारिक परंपरा को समाज के केंद्र में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया और कार्यकर्ताओं से पारदर्शिता, समर्पण तथा सामूहिक नेतृत्व की भावना के साथ काम करने को कहा। प्रदेश ऑब्जर्वर रंजीत वाल्मीकि ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक अनुशासन और सक्रिय जनसंपर्क को मजबूत करने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष अशोक राम ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि संगठन सृजन अभियान को जनभागीदारी का अभियान बनाते हुए गांव-गांव और बूथ-बूथ तक कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाया जाए। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार द्विवेदी, उपेंद्र सिंह मुखिया, डॉ. श्रीघर तिवारी, भानु प्रताप सिंह आदि थे।

### स्कूलों में अभया ब्रिगेड ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**बक्सर।** जिले के विभिन्न विद्यालयों में सोमवार को अभया ब्रिगेड की टीम द्वारा छात्राओं के बीच सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा, कानून से जुड़े अधिकारों और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखे जाने की बात भी कही गई। जानकारी के अनुसार 09 मार्च 2026 को बक्सर जिलान्तर्गत कई विद्यालयों में अभया ब्रिगेड की टीम पहुंची, जहां छात्राओं से सीधे संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और स्कूलों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की नजर बनी हुई है। अभया ब्रिगेड की टीम ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 181, डायल 112 सहित अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा सेवाओं की जानकारी दी। छात्राओं को बताया गया कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार की छेड़खानी, डराने-धमकाने या उत्पीड़न की घटना होती है तो वे बिना डर के तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**आरा।** भोजपुर में सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। मृतक की पहचान बेलौना गांव निवासी अमावस पासवान के पुत्र मनु कुमार(24) के तौर पर हुई है। घटना बिहिया थाना क्षेत्र के बढ़िया बाजार की है। परिजनों के मुताबिक होली के दिन बिहिया चौरस्ता से बाजार करके गांव लौट रहा था। पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर गए। जहां से पटना रेफर कर दिया,



लेकिन पटना नहीं ले जाकर शहर के ही एक अस्ताल में एडमिट कराया। जहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात दम तोड़ दिया।

**घर से मचा कोहराम:** पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक चार भाई-बहन में चौथे नंबर पर था। परिवार में पत्नी फूलकुमारी देवी और एक पुत्री प्रियंका कुमारी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। पत्नी और परिवार के सदस्यों को रो-रोकर बुरा हाल है।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**आरा।** आरा-सासाराम रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक शख्स की मौत हो गई। गुजरात जाने के लिए घर से निकला था। मृतक की पहचान रामपुर गांव निवासी मुलुकनाथ महतो के पुत्र बलिराम महतो(45) के तौर पर हुई है। मृतक के बेटे अंकित कुमार ने बताया कि पिताजी गुजरात में रहते थे। वहां एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे। आशंका है कि ट्रेन में चढ़ने के दौरान बैलेंस बिगड़ने से हादसा हुआ है। हालांकि जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। घटना नवादा थाना क्षेत्र के लहठान भवन के पास की है।



**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** सूचना मिलने के बाद परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव सौंप दिया। मामले की छानबीन की जी रही है। परिवार में पत्नी चंद्रावती देवी, दो पुत्री सुषमा, अंशु और एक पुत्र अंकित कुमार है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में बढ़ रहा परिवारवाद का चेहरा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बिहार की राजनीति में परिवारवाद को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के जदयू से जुड़ने की चर्चाओं के बीच बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि परिवारवाद का चेहरा दिन-प्रतिदिन NDA में ही बढ़ता जा रहा है, जबकि यही लोग लगातार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर परिवारवाद का आरोप लगाते रहे हैं। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि NDA की राजनीति की बुनियाद ही राजद पर परिवारवाद का आरोप लगाकर खड़ी की गई थी। वर्षों तक राजद और लालू परिवार को निशाना बनाकर यह कहा गया कि वहां केवल परिवार को ही बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि आज वही तस्वीर NDA के भीतर भी साफ दिखाई दे रही है।



**''ऐसे दर्जनों नाम हैं जिनकी पूरी राजनीतिक श्रृंखला परिवार से जुड़ी हुई'':** उन्होंने NDA में परिवारवाद के कई उदाहरण दिए। इनमें भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान (दिवंगत रामविलास पासवान के पुत्र), पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे, मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री सांभवी चौधरी और उपेन्द्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रसाद शामिल हैं। सांसद ने कहा कि ऐसे दर्जनों नाम हैं जिनकी पूरी राजनीतिक श्रृंखला परिवार से जुड़ी हुई है। सुधाकर सिंह ने कहा कि जब इतने बड़े पैमाने पर परिवार के लोग राजनीति में आगे बढ़ाए जा रहे हैं, तो फिर केवल राजद पर परिवारवाद का आरोप लगाना पूरी तरह से राजनीतिक दोहरापन है। उन्होंने आरोप लगाया कि NDA के नेता जनता को भ्रमित करने के लिए परिवारवाद का मुद्दा उठाते हैं, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है।

**बिहार की राजनीति को लेकर भी चिंता जताई:** इसके साथ ही सांसद सुधाकर सिंह ने बिहार की राजनीति को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अब बिहार को गुजरात मॉडल बनाने की बात कही जा रही है। उनका कहना था कि 1990 से 2026 तक बिहार का फैसला यहां की जनता और लोग तय करते रहे हैं, लेकिन अब स्थिति बदलती नजर आ रही है। सांसद ने आरोप लगाया कि आने वाले समय में बिहार के फैसले बाहरी लोग तय करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह अन्य राज्यों में राजनीतिक नियंत्रण बाहर से होता है, उसी तरह बिहार भी गुजरात के प्रभाव में आ सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि अगर यही स्थिति रही तो बिहार एक तरह से गुजरात का उपनिवेश बनकर रह जाएगा। सुधाकर सिंह के इस बयान के बाद बिहार की सियासत में परिवारवाद और बाहरी प्रभाव को लेकर बहस और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

# किराना दुकानदार की संदिग्ध हालत में मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** भोजपुर में किराना दुकानदार का शव मिला है। दोस्त पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप है। पीठ और सिर पर जख्म के निशान मिले हैं। मृतक की पहचान इचरी सलेमपुर गांव निवासी ददन प्रसाद के पुत्र श्रीराम प्रसाद(40) के तौर पर हुई है। घटना धोबहा थाना क्षेत्र की है। मृतक के भाई मुन्ना प्रसाद ने बताया कि गांव में ही किराना दुकान चलाते थे। घर से बाजार घूमने निकले थे, रास्ता में उनके दोस्त अनिल ठाकुर मिले, उन्हें अपने घर ले गए। जहां पर उन लोगों ने खाया पिया। इसके बाद उसी के घर में सो गए। काफी देर तक नहीं लौटने पर मेरा भतीजा अनिल ठाकुर के घर पहुंचा। मेरे भतीजे ने कहा कि मैं अपने पिता को लेकर जा रहा हूं, इस पर अनिल ने कहा कि यहीं सो रहे हैं तो रहने दो, तुम जाओ। इसके बाद वो वापस अपने घर चला आया। कुछ देर बाद अनिल घर के आगे दरवाजे पर मृत अवस्था में मिले। मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस को जानकारी दी गई। दोस्त ने ही गला दबाकर मेरे भाई को मारा है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कारण स्पष्ट होगा:** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। धोबहा थानाध्यक्ष वर्षा रानी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनिल ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। अभी तक परिजनों ने थाने में आवेदन नहीं दिया है।

**घर में मचा कोहराम:** मृतक आठ भाई-बहन में पांचवें नंबर पर था।

## बेड न मिलने पर फर्श पर लेटा रहा घायल बच्चा, प्रबंधक बोले- मैं ट्रेनिंग में हूँ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** सोमवार को सड़क हादसे में घायल एक बच्चे को जब अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में बेड नसीब नहीं हुआ, तो मजबूर परिजन उसे वार्ड के बाहर गेट के पास जमीन पर लिटाकर इलाज का इंतजार करने लगे। जानकारी के अनुसार घायल बच्चा बड़हरा थाना क्षेत्र के बड़हरा निवासी सोहराय महतो का पुत्र अंकुश है। सोमवार को अंकुश जब स्कूल से घर लौट रहा था, तभी स्कूल के गेट पर एक चारपहिया सवारी गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।अस्पताल पहुंचने के बाद परिजनों को उम्मीद थी कि बच्चे को तुरंत बेड और प्राथमिक उपचार मिलेगा, लेकिन इमरजेंसी वार्ड में बेड खाली न होने की बात कहकर उन्हें टाल दिया गया। बच्चे की हालत बिगड़ती देख परिजन बदहवास हो गए और उसे गेट के पास ही जमीन पर लिटा दिया। काफी देर तक बच्चा दर्द से कराहता रहा और परिजन डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों से गुहार लगाते रहे। जब इस अव्यवस्था को लेकर सदर अस्पताल के प्रबंधक शशिकांत कुमार से संपर्क किया गया

# डॉ. सुनिता सिंह को मिला गार्गी नारी शक्ति अवार्ड

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के के उपलक्ष में समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. कुमारी सुनिता सिंह को 'गार्गी नारी शक्ति अवार्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गार्गी अध्याय' द्वारा, आईपीएस अधिकारी विकास वैभव के लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के अंतर्गत प्रदान किया गया। यह सम्मान महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए किए गए उनके लंबे सामाजिक योगदान की सराहना में दिया गया। भोजपुर की रहने वाली डॉ. कुमारी सुनिता सिंह वर्तमान में "दिशा एक प्रयास" संस्था की सचिव हैं और लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, शिक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उनके नेतृत्व में संस्था ने कई सामाजिक अभियानों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया है। डॉ. सिंह का जीवन संघर्ष और दृढ़ संकल्प की प्रेरक कहानी है। प्रारंभिक जीवन में शिक्षा की राह उनके लिए आसान नहीं थी। उनके गाँव में दसवीं की परीक्षा के लिए विद्यालय की सुविधा भी उपलब्ध नहीं थी, लेकिन सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों



के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। आगे चलकर उन्होंने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। समाज के कमजोर वर्गों के लिए किए गए उनके कार्यों का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अब तक उनके प्रयासों से 1526 बाल विवाह रोके जा चुके हैं, जबकि 450 से अधिक बाल मजदूरों को बचाकर उन्हें शिक्षा और सुरक्षित जीवन की दिशा में वापस लाया गया है। डॉ. सुनिता सिंह कई सरकारी और सामाजिक समितियों में भी सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रही हैं। वे महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार, मानव तस्करी की रोकथाम और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर लगातार काम कर रही हैं। समाज में परिवर्तन के लिए उनके निरंतर प्रयासों को देखते हुए उन्हें समय-समय पर कई राष्ट्रीय और सामाजिक सम्मान मिल चुके हैं। महिला दिवस के अवसर पर मिला 'गार्गी नारी शक्ति अवार्ड' उनके इसी लंबे सामाजिक संघर्ष और सेवा की एक और पहचान है।

# वार्डों को साफ रखने के लिए पदाधिकारी तैनात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** नगर निकाय क्षेत्रों में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा हो रहे कचरे को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ने नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति पर सतत निगरानी सुनिश्चित करने के लिए वार्डवार पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है। अब नामित अधिकारी नियमित रूप से अपने-अपने आवंटित वार्डों का भ्रमण करेंगे और कहीं भी कचरा मिलने पर उसकी जियो टैग फोटो संबंधित वाट्सएप ग्रुप में साझा करेंगे। इसके बाद संबंधित नगर निकाय को 24 घंटे के भीतर कचरे का उठाव कर स्थल की साफ-सफाई करानी होगी। जिला पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि भ्रमण के क्रम में तथा विभिन्न माध्यमों से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कई नगर निकाय क्षेत्रों में सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से कचरे का उठाव नहीं किया जा रहा है। इसके कारण कई स्थानों पर कचरा जमा हो जाता है, जिससे प्रदूषण फैलने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। पूर्व में भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन




समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी। नगर निकाय क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पदाधिकारियों को नामित कर दिया गया है। नगर परिषद बक्सर में वार्ड 1 से 7 तक की निगरानी अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार करेंगे। वार्ड 8 से 14 तक भूमि सुधार उप समाहर्ता शशि भूषण, वार्ड 15 से 21 तक वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार, वार्ड 22 से 28 तक वरीय उप समाहर्ता गौरव सिंह, वार्ड 29 से 35 तक प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु शरण पाण्डेय तथा वार्ड 36 से 42 तक अंचलाधिकारी राहुल कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। नगर परिषद डुमरांव में वार्ड 1 से 7 तक अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, वार्ड 8 से 14 तक भूमि सुधार उप समाहर्ता टेश लाल सिंह, वार्ड 15 से 21 तक कार्यपालक दंडाधिकारी अजाजुद्दीन अहमद, वार्ड 22 से 28 तक प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय तथा वार्ड 29 से 35 तक अंचलाधिकारी-सह-राजस् व अधिकारी कुमार दिनेश को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## महिला सम्मान, समानता और सुरक्षित कार्य परिवेश को बढ़ावा देने पर दिया बल



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बक्सर व्यवहार न्यायालय परिसर में महिला कर्मचारियों की बैठक हुई। बैठक में महिला सम्मान, समानता और सुरक्षित कार्य परिवेश को बढ़ावा देने पर बल दिया गया तथा न्यायिक परिवेश में सम्मानजनक माहौल बनाए रखने के लिए सभी को सजग रहने का आह्वान किया गया। महिला कर्मचारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं के अधिकार, समान अवसर और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। न्यायालयों में महिला न्यायिक पदाधिकारियों, महिला अधिवक्ताओं और महिला अभियोजन अधिकारियों की संख्या बढ़ी है, लेकिन महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं की स्थिति अभी भी संतोषजनक नहीं है। इस दिशा में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस अवसर पर महिला कर्मचारी प्रियंका कुमारी ने अपनी कविता के माध्यम से उपस्थित कर्मचारियों को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि "कहां हारती हैं महिलाएं, उन्हें तो हराया जाता है, जग क्या कहेगा कहकर डराया जाता है।"

# ई-शिक्षाकोष पोर्टल से मिलेगा प्रश्नपत्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** जिले के सभी 1093 सरकारी विद्यालयों में वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 12 मार्च से 19 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद 19 मार्च से 24 मार्च तक शिक्षकों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जाएगी। इसके बाद छात्रों का परिणाम तैयार किया जाएगा। वहीं 25 मार्च तक नामांकन पंजी में छात्र-छात्राओं के नाम दर्ज करने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। शिक्षा विभाग ने इस बार परीक्षा को लेकर नई व्यवस्था लागू की है। विभाग के निर्देश के अनुसार परीक्षा शुरू होने से 40 मिनट पहले प्रश्नपत्र ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय के शिक्षक पोर्टल से प्रश्न देखकर उसे ब्लैक बोर्ड पर लिखेंगे। इसके बाद आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राएं अपनी कॉपी में प्रश्नों का उत्तर लिखेंगे। परीक्षा प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनाना उद्देश्य नई व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा



प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना है। इससे प्रश्नपत्र वितरण की प्रक्रिया आसान होगी और परीक्षा समय पर शुरू हो सकेगी। साथ ही छात्र प्रश्नों को ध्यान से समझकर बेहतर तरीके से उत्तर लिख सकेंगे। जारी गाइडलाइन के अनुसार पहली और दूसरी कक्षा के छात्र छात्राओं की परीक्षा मौखिक रूप से ली जाएगी, जबकि तीसरी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों की लिखित परीक्षा होगी। विभाग का मानना है कि इससे छोटे बच्चों पर परीक्षा का दबाव कम रहेगा और वे बिना तनाव के अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन कर सकेंगे।

# संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में भूमिका निभाएं युवा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** शहर के मल्लाह टोली मोड़ स्थित एक निजी हॉल में भारत की जनवादी नौजवान सभा के तत्वावधान में छात्र-युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धीरेंद्र कुमार चौधरी ने की। बैठक में युवाओं ने संगठन विस्तार, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। भारत की जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव रजनीश कुमार ने कहा कि आज के समय में युवाओं के सामने शिक्षा, रोजगार और सामाजिक असमानता जैसे कई गंभीर सवाल हैं। इन चुनौतियों का समाधान तभी संभव है, जब युवा संगठित होकर अपने अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आएंगे। उन्होंने युवाओं से अपील किया कि वे सामाजिक न्याय, समानता और संविधानिक मूल्यों को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। धीरेंद्र चौधरी ने कहा कि भारत की जनवादी नौजवान सभा हमेशा से युवाओं के हक और अधिकारों की आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक मुद्दों पर संघर्ष को मजबूत करना है।

## प्राइवेट सेल्स मैनेजर की मौत



**आरा।** भोजपुर में सड़क हादसे में घायल सेल्स मैनेजर की मौत हो गई। इलाज के दौरान सोमवार को पटना के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक उदय आनंद नवादा इलाके के केजी रोड प्रोफेसर कॉलोनी के रहने वाले थे। प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। जानकारी के मुताबिक बुधवार(3 मार्च 2026) को बाइक से कायमनगर जा रहे थे। आरा-बक्सर फोरलेन पर शोभी डुमरा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग, दो बच्चे गोली लगने से घायल; जांच में जुटी पुलिस

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव में एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना में दो बच्चे गोली लगने से घायल हो गए। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही देर में खुशियों का माहौल सन्नाटे में बदल गया। मिली जानकारी के अनुसार, हरवंशपुर गांव निवासी उपेंद्र सिंह की बेटी की शादी थी। इस समारोह में औरंगाबाद से बारात आई थी। जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था और बड़ी संख्या में लोग स्टेज के पास खड़े होकर कार्यक्रम देख रहे थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने हर्ष फायरिंग कर दी, जिससे वहां मौजूद दो बच्चे गोली लगने से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने दोनों बच्चों को आनन-फानन में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही लहसुना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश की जा रही है। घटना स्थल की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, जो सबूत जुटाने में लगी हुई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने पान की गुमटी में मारी टक्कर, दो लोग गंभीर रूप से घायल

**मसौढ़ी**। पटना-गया एसएच-01 पर बिरंची मोड़ के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने पान की गुमटी में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गुमटी में बैठे दुकानदार समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि गुमटी और पास में खड़ी एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, धनरूआ की ओर से तेज गति से आ रहा हाइवा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर बिरंची मोड़ के पास सड़क किनारे स्थित पान की गुमटी में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गुमटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और वहां मौजूद लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हाइवा ट्रक के चालक तथा खलासी को पकड़ लिया। पुलिस ने वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

### तारेगना जीआरपी ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत 10 खोए मोबाइल बरामद कर लौटाए



**मसौढ़ी,पटना**। पटना–गया रेलखंड के तारेगना जीआरपी थाना पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 10 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने रेलवे पुलिस की इस पहल की सराहना की। जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि रेल यात्राओं के दौरान या स्टेशन परिसर में अक्सर मोबाइल खोने की शिकायतें मिलती रहती हैं। ऐसे मामलों में रेलवे पुलिस शिकायत दर्ज कर उसे सीआईआर पोर्टल पर अपलोड करती है, जिससे मोबाइल की तकनीकी ट्रैकिंग संभव हो पाती है। उन्होंने बताया कि सीआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए हुए मोबाइल के सक्रिय होने की जानकारी ली जाती है। मोबाइल के आईएमईआई नंबर, लोकेशन ट्रैकिंग और तकनीकी जांच के आधार पर यह पता लगाया जाता है कि फोन किस क्षेत्र में उपयोग किया जा रहा है। इसके बाद संबंधित थानों और तकनीकी टीम की मदद से मोबाइल को बरामद किया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद किए गए मोबाइल केवल स्थानीय क्षेत्र से ही नहीं, बल्कि दूर-दराज के जिलों और अन्य राज्यों से भी प्राप्त हुए हैं। कई मामलों में मोबाइल दूसरे राज्यों तक पहुंच चुके थे, लेकिन तकनीकी सहयोग और लगातार प्रयास से उन्हें बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाया गया। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन को आवश्यक दस्तावेजों और पहचान की पुष्टि के बाद उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आम लोगों से अपील की कि यदि किसी का मोबाइल रेलवे क्षेत्र में खो जाए तो तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दें और शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस दौरान तारेगना गोला निवासी नागेंद्र नाथ शर्मा के पुत्र मनीष कुमार ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि करीब एक साल पहले यात्रा के दौरान उनका मोबाइल छिनतई कर लिया गया था। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी थी, लेकिन समय बीतने के साथ मोबाइल मिलने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई थी। मनीष कुमार ने बताया कि रेलवे पुलिस के निरंतर प्रयास और तकनीकी जांच के कारण उनका खोया मोबाइल उन्हें वापस मिल गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से आम लोगों का पुलिस पर भरोसा और मजबूत होता है।

### जूनियर इंटरनेशनल स्कूल का सातवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध







**मसौढ़ी,पटना**। नगर के उत्तरी सतीस्थान मुहल्ले स्थित मणिचक मोड़ के समीप जूनियर इंटरनेशनल स्कूल का सातवां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रिटायर्ड मेजर सतेंद्र नारायण शर्मा, चिकित्सक सह पत्रकार डॉ. अरविंद कुमार और शिक्षक नंदकिशोर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक संदेशप्रद नाटक, हास्य नाटक और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इसके अलावा गीत, संगीत, कविता पाठ और चुटकुलों के माध्यम से भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आत्मविश्वास से भरी इन प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद कुमार और रिटायर्ड मेजर सतेंद्र नारायण शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि जूनियर इंटरनेशनल स्कूल बच्चों की शिक्षा का मजबूत आधार बनने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व और भविष्य को संवारने का भी महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा किसी भी बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव होती है और यह विद्यालय इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार ने कहा कि स्कूल बच्चों के सामाजिक और भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा भी दी जाती है, जिसकी झलक इस कार्यक्रम में भी देखने को मिली।

# समृद्धि यात्रा के तहत सुपौल और मधेपुरा पहुंचे नीतीश कुमार, सैकड़ों करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद भी विकास कार्यों को लेकर अपनी सक्रियता बनाए रखी है। मंगलवार को इसका स्पष्ट नजारा उस समय देखने को मिला जब मुख्यमंत्री ने अपनी समृद्धि यात्रा के इस चरण की शुरुआत कोसी क्षेत्र के सुपौल और मधेपुरा से की। इस दौरान उन्होंने दोनों जिलों में बड़ी संख्या में विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर राज्य के विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री सबसे पहले सुपौल पहुंचे, जहां उन्होंने कुल 569 करोड़ रुपये की 213 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन योजनाओं में 435 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 84 योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जबकि 135 करोड़ रुपये की 129 योजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री बिजेंद्र यादव, विजय चौधरी सहित सरकार के कई मंत्री, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सुपौल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर एक दिलचस्प और भावनात्मक दृश्य भी देखने को मिला। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं मंत्री बिजेंद्र यादव को मिथिला की परंपरा के अनुसार पाग, दोपट्टा और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए इस सम्मान से मंच पर मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल बन गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया और विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अच्छी तरह जानती है कि पहले की सरकारों के समय राज्य में विकास की गति कैसी थी। शाम होते ही लोग घरों से बाहर निकलने में डरते थे और कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद कमजोर थी। उन्होंने कहा कि पहले समाज में अक्सर सांप्रदायिक तनाव और टकराव की घटनाएं सामने आती थीं, लेकिन अब राज्य में सामाजिक सौहार्द और शांति का माहौल कायम हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की विकास योजनाओं का लाभ हर वर्ग और हर समुदाय तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के हर तबके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2018 में ही राज्य के हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई थी और अब लोगों को मुफ्त बिजली का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार घरों में सोलर ऊर्जा लगाने की दिशा में भी काम कर रही है, जिससे लोगों को बिजली के क्षेत्र में और अधिक सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में आने वाले पांच वर्षों के लिए राज्य के विकास का रोडमैप भी रखा। उन्होंने कहा कि सरकार "सात निश्चय पार्ट-3" की दिशा में भी काम कर रही है, ताकि बिहार को विकास के नए मुकाम तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बनने से पहले जो वादे किए गए थे, उन्हें हर हाल में पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने फिर दोहराया कि राज्य में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इसके साथ ही महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं को पहले 10-10 हजार रुपये की सहायता दी गई थी, उन्हें आगे चलकर 2-2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता देने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के रोजगार और आय का आकलन करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सुपौल के बाद मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा के तहत कोसी क्षेत्र के ही मधेपुरा पहुंचे, जहां उन्होंने जिले के विकास से जुड़ी बड़ी संख्या में योजनाओं की शुरुआत की। मधेपुरा में मुख्यमंत्री ने 137 विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया, जबकि 158 योजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया। इन योजनाओं के माध्यम से जिले में आधारभूत संरचना, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मधेपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय चौधरी अपने संबोधन के दौरान भावुक भी हो गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने का निर्णय ले लिया है और इस खबर से बिहार के कई लोग भावुक हैं। उन्होंने कहा कि लोग चाहते हैं कि मुख्यमंत्री बिहार में ही रहकर राज्य का नेतृत्व करते रहें। विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री चाहे राज्यसभा चले जाएं, लेकिन बिहार के विकास और नेतृत्व में उनकी भूमिका बनी रहनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के हर निर्णय में पार्टी और सरकार के सभी नेता उनके साथ खड़े हैं और राज्य के विकास के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

## बिहटा के देवी स्थान मंदिर से मां दुर्गा के आभूषण चोरी, ग्रामीणों ने महिला को पकड़कर पुलिस को सौंपा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिहटा, पटना**। पटना जिले के बिहटा क्षेत्र में स्थित देवी स्थान मंदिर से मां दुर्गा के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद इलाके में काफी हंगामा और आक्रोश का माहौल बन गया। ग्रामीणों की सतर्कता के कारण एक महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। हालांकि पुलिस को अब तक चोरी किए गए आभूषण बरामद नहीं हो पाए हैं।

पुलिस हिरासत में ली गई महिला से लगातार पूछताछ कर रही है और मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। यह घटना बिहटा थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव स्थित देवी स्थान मंदिर की है। बताया जा रहा है कि मंदिर से मां दुर्गा के सोने के आभूषण और अन्य सामान चोरी कर लिए गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में काफी आक्रोश फैल गया और गांव में हलचल मच गई। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों को



इसी महिला को ग्रामीणों ने पकड़ा है।

शक हुआ कि चोरी की घटना को एक महिला ने अंजाम दिया है। जब ग्रामीणों ने उसे गांव में देखा तो उसे पकड़ लिया। इस दौरान काफी देर तक गांव में हंगामा होता रहा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ के बीच से महिला को सुरक्षित निकालकर थाने ले गई। फिलहाल पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है और चोरी के आभूषणों की तलाश की जा रही है।

स्थानीय ग्रामीण रणजीत सिंह ने बताया कि 18 फरवरी को गांव के देवी स्थान मंदिर में कई महिलाएं पूजा-अर्चना कर रही थीं। उसी दौरान एक महिला पूजा करने के बहाने मंदिर के अंदर पहुंची और मौका मिलते ही मां दुर्गा की दो सोने की आंखें निकाल लीं। इसके बाद उसने मंदिर में रखे अन्य आभूषण और पूजा से जुड़े सामान भी चुरा लिए और वहां से फरार हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद यह जानकारी मिली कि उसी महिला ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। बाद में ग्रामीणों ने उसे गांव में घूमते हुए देखा, जिसके बाद उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़ी गई महिला मनेर थाना क्षेत्र के गयासपुर की रहने वाली बताई जा रही है। पूछताछ के दौरान महिला ने पुलिस को बताया कि उसने मंदिर से चोरी किए गए आभूषणों को एक आभूषण दुकान में बेच दिया है। फिलहाल पुलिस उस दुकान का पता लगाने में जुटी हुई है, ताकि चोरी के आभूषणों को बरामद किया जा सके और मामले में आगे की कार्रवाई की जा सके। ग्रामीण रणजीत सिंह ने बताया कि गांव का यह देवी स्थान मंदिर लगभग 50 साल से अधिक पुराना है और गांव के लगभग सभी लोग यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना करते हैं।

मंदिर से आभूषण चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। अब सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर में ताला लगाया जाने लगा है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इस मामले में बिहटा थाना के थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि किशुनपुर गांव के देवी स्थान मंदिर से मां के आभूषण चोरी होने के मामले में एक महिला को पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है और चोरी के आभूषणों की बरामदगी के लिए पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज बिहटा में 75वें स्थापना दिवस पर विशेष सेवा पखवाड़ा का समापन

### नई आईसीयू यूनिट और औषधीय उद्यान का उद्घाटन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिहटा (पटना)**। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 75 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 24 फरवरी से चल रहे "विशेष सेवा पखवाड़ा" (प्लैटिनम जुबली) का समापन मंगलवार को ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बिहटा में आयोजित एक गरिमामय समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम में बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' और कृषि मंत्री रामकृपाल यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। समारोह के दौरान श्रम मंत्री संजय सिंह ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर यहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने गंभीर मरीजों के बेहतर इलाज के लिए स्थापित नई आईसीयू यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं के साथ बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज हो रहा है, जो यहां उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को दर्शाता है।

संजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 के माध्यम से गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तक भी ईएसआई की स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि सांसद और ईएसआईसी निगम के सदस्य रहते हुए उन्होंने बिहटा में इस अस्पताल की स्थापना के लिए प्रयास किए थे। उन्होंने कहा कि आज यह अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज बिहटा और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और हजारों बीमित श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। इस अवसर पर ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज बिहटा के डीन ने अस्पताल की वर्तमान व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों और चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी अतिथियों को दी। वहीं ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक निरंजन कुमार ने ईएसआई योजना के तहत बीमित श्रमिकों को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं और लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि नियोक्ताओं के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को सरल बनाने के लिए निगम लगातार प्रयास कर रहा है और राज्य की औद्योगिक प्रगति के लिए श्रमिकों का स्वस्थ रहना बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान श्रम मंत्री और कृषि मंत्री ने संयुक्त रूप से अस्पताल परिसर में औषधीय उद्यान का भी उद्घाटन किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देते हुए औषधीय पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) प्रणय सिन्हा, चिकित्सा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) डॉ. रचिता विश्वास, ईएसआईसी के अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में बीमित श्रमिक व आम लोग मौजूद रहे।

## विधान परिषद में साइबर सुरक्षा व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला, जनप्रतिनिधियों को डिजिटल खतरों से किया गया जागरूक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े खतरों को देखते हुए बिहार विधान परिषद में मंगलवार को "साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जागरूकता कार्यशाला" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को साइबर अपराध, डीपफेक तकनीक और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े खतरों के प्रति जागरूक करना था, ताकि लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कार्यशाला के दौरान विधान परिषद और विधानसभा के सदस्यों के लिए विशेष रूप से तैयार "साइबर सुरक्षा मैनुअल" का भी विमोचन किया गया। उद्घाटन सत्र में सभापति के साथ उपसभापति प्रो. रामबचन राय, एशिया फाउंडेशन की इंडिया हेड नंदिता बरुआह, जन जागरण संस्थान के प्रमुख वाई.के. गौतम और तकनीकी विशेषज्ञ शुभम पारेख मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों के लिए डिजिटल साक्षरता आज के समय में बेहद जरूरी हो गई है। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण लाइव साइबर ड्रिल और तकनीकी डेमोंस्ट्रेशन रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक तकनीक के जरिए किसी व्यक्ति की आवाज या चेहरे की नकली क्लोनिंग कर उसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही रियल-टाइम साइबर रिस्क असेसमेंट के जरिए सदस्यों को डिजिटल सिस्टम की कमजोरियों की पहचान करने और फिशिंग अटैक जैसे संदिग्ध लिंक व ईमेल से बचने के तरीके भी बताए गए। कार्यशाला में बिहार के युवाओं के लिए सुरक्षित डिजिटल माहौल तैयार करने और एआई से संबंधित प्रभावी नीतियां बनाने पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने कहा कि जनप्रतिनिधि अक्सर साइबर हमलों का प्राथमिक लक्ष्य बनते हैं, इसलिए उन्हें अपने पासवर्ड, सोशल मीडिया अकाउंट और डिजिटल उपकरणों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

# पटना में बन रहा अंतरराष्ट्रीय स्तर का हॉकी टर्फ अंतिम चरण में, जल्द मिलेगी खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। बिहार में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजधानी पटना के राजेंद्र नगर स्थित एनसीसी परिसर में बन रहा अंतरराष्ट्रीय स्तर का हॉकी टर्फ अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस परियोजना का निर्माण कार्य बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बुडको) की ओर से कराया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार अब तक करीब 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जल्द ही खिलाड़ियों को यह आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। निर्माणाधीन हॉकी टर्फ को हॉकी इंडिया की आधिकारिक मंजूरी मिल चुकी है। हाल ही में हॉकी फेडरेशन के अधिकारियों ने मैदान का निरीक्षण किया और अब तक हुए निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के बाद यह स्पष्ट किया गया कि मैदान का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि भविष्य में यहां राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी संभव हो सकेगा। बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शेष कार्यों को तेज गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना बिहार के खेल ढांचे को नई पहचान देने वाली है, इसलिए तय समय सीमा के भीतर इसका पूरा होना बेहद जरूरी है। साथ ही अधिकारियों को नियमित रूप से निर्माण स्थल का निरीक्षण कर गुणवत्ता की निगरानी करने को भी कहा गया है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार हॉकी टर्फ के निर्माण पर करीब 8.44 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। मैदान में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सतह उपलब्ध कराने के लिए नीदरलैंड से आयातित पॉलीटेन ब्लू एस्ट्रोटर्फ बिछाई जा रही है। यह अत्याधुनिक सतह खिलाड़ियों को बेहतर ग्रिप और स्मूथ मूवमेंट की सुविधा देगी, जिससे खेल का स्तर भी बेहतर होगा। बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर के अनुसार अगले एक महीने के भीतर यह हॉकी स्टेडियम पूरी तरह तैयार हो जाएगा। राजगीर में बने हॉकी मैदान के बाद यह बिहार का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्तर का हॉकी टर्फ होगा, जिससे राज्य के खिलाड़ियों को बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी करने में काफी मदद मिलेगी। मैदान में रात के समय भी अभ्यास और प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए आधुनिक लाइटिंग सिस्टम लगाया जा रहा है। इसके तहत 1000 वॉट की क्षमता वाली 20 हाई मास्ट लाइट और 500 वॉट की 40 एलईडी फ्लड लाइट लगाई जा रही हैं। इससे पूरे मैदान में पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी और खिलाड़ी शाम या रात के समय भी आसानी से अभ्यास कर सकेंगे।

इस हॉकी मैदान का खेल क्षेत्र लगभग 100 मीटर लंबा और 60 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है, जबकि फेंसिंग क्षेत्र 104 मीटर लंबा और 64 मीटर चौड़ा होगा। इसके अलावा मैदान के चारों ओर पाथवे, स्प्रिंकलर सिस्टम और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। दर्शकों के बैठने की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि छोटे और मध्यम स्तर के मैचों के दौरान दर्शक खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर सकें। जिस स्थान पर यह हॉकी टर्फ तैयार किया जा रहा है, वह पहले दलदली क्षेत्र था और लगभग दो मीटर तक पानी में डूबा रहता था। मैदान को खेलने योग्य बनाने के लिए पटना मेट्रो परियोजना से निकली मिट्टी को हजारों ट्रॉली के जरिए यहां मंगवाया गया। यह मिट्टी मेट्रो की अंडरग्राउंड सुरंग की खुदाई के दौरान निकली थी। दलदली मिट्टी को हटाकर इस विशेष मिट्टी से जमीन को मजबूत किया गया, जिसके बाद मैदान का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस परियोजना के पूरा होने के बाद पटना और आसपास के क्षेत्रों के हॉकी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी और राज्य में हॉकी के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# सीआईएसएफ का 57वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**




पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा में मंगलवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की गुवा एवं मेघाहातुबुरु इकाई में 57वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह, गर्व और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इकाई परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ के गौरवशाली इतिहास, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने जवानों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ का मुख्य उद्देश्य देश की औद्योगिक और रणनीतिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा को मजबूत बनाना है, जिसे बल के जवान पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उन अधिकारियों और जवानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कर्तव्यों के दौरान उत्कृष्ट कार्य और सराहनीय सेवा का प्रदर्शन किया है। उन्हें प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार ने बल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में सीआईएसएफ देश की एक मजबूत सुरक्षा ढाल के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी कार्मिकों को भविष्य में भी अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्र की सुरक्षा, सेवा और समर्पण के संकल्प के साथ समारोह का समापन किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने देश की सुरक्षा तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**(अनावद्ध मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/52/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Common Toilet at PM Shri Govt. Girls S.M.S. Durua under Latehar District | 1149429 | 23000 | 2500 | 2 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.03.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 374555 Rural Development(25-26)#D


# टाटा स्टील ट्यूब डिवीजन गेट पर ठेका मजदूरों का घेराव




**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

शहर के बर्मामाइंस स्थित टाटा स्टील के ट्यूब डिवीजन गेट पर मंगलवार को ठेका मजदूरों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार बदलने के बाद करीब 35 से 40 मजदूरों को अचानक काम से हटा दिया गया है, जिससे उनके सामने रोज़गार का संकट खड़ा हो गया है। ये सभी मजदूर बर्मामाइंस के मुखी बस्ती के रहने वाले बताए जा रहे हैं और वर्षों से ट्यूब डिवीजन में ठेका मजदूर के रूप में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। मजदूरों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नौकरी वापस देने की मांग की। आंदोलन में केंद्रीय मुखी समाज के सचिव एवं पूर्व मुखिया महेश मुखी ने भी हिस्सा लिया और मजदूरों के समर्थन में आवाज उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है और उन्हें उनके उचित लाभ तथा कार्य परिस्थितियों से वंचित किया जा रहा है। महेश मुखी ने कहा कि मुखी समाज अपने लोगों के साथ हो रहे किसी भी अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगा और मजदूरों के हक की लड़ाई जारी रखेगा। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता रामबाबू तिवारी भी मौके पर पहुंचे और मजदूरों से बातचीत की। फिलहाल आंदोलन समाप्त कराने के लिए कंपनी प्रबंधन, मजदूरों और समाज के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही है। मजदूरों की मांग है कि हटाए गए सभी श्रमिकों को जल्द से जल्द काम पर वापस लिया जाए।

# श्री हनुमान मंडल का 48वां वार्षिकोत्सव 29 मार्च को

**एजेंसी। रांची**

धार्मिक और सामाजिक संस्था श्री हनुमान मंडल का एक दिवसीय 48वां वार्षिक महोत्सव 29 मार्च को मनाया जाएगा। यह महोत्सव श्री राणी सती मंदिर परिसर रातू रोड के हनुमान बक्स पोद्दार सत्संग भवन के सभागार में धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री हनुमान मंडल के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने मंगलवार को बताया कि सुबह 7 बजे मुख्य यजमान की ओर से श्री गणेश पूजन के साथ महोत्सव की शुरुआत की जाएगी। वहीं, मंडल के मंत्री श्रवण अग्रवाल ने बताया कि प्रातः 8 बजे श्री बालाजी महाराज की अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। महोत्सव को लेकर तैयारी जोर-जोर से चल रही है।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**आम सूचना।**

दिनांक 10.01.2026 को सम्पन्न जिला परिषद, पलामू बोर्ड बैठक में जिला परिषदीय विभिन्न सैरातों का निबंधन नवीकरण शुल्क निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है–

| क्र0 | सैरात का प्रकार | निर्धारित नवीकरण शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | दुकान | 10000.00 |
| 2 | विभिन्न भवन | 25000.00 |

वैसे आवंटी जिनका लीज एकरारनामा की अवधि समाप्त हो चुकी है वे अपने आवंटित सैरात का निर्धारित नवीकरण शुल्क के साथ एकरारनामा नवीकरण दिनांक 15.03.2026 तक अनिवार्य रूप से करा ले। अन्यथा उनका आवंटन रद्द कर दिया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 374640 District(25-26)D



## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

**लॉटरी पद्धति द्वारा दुकान आवंटन हेतु आम सूचना**

ज्ञापांक 612 दिनांक 09.03.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तृतीय फेज में गढ़वा नगर परिशद क्षेत्रान्तर्गत सदर हॉस्पीटल, गढ़वा के सामने 19 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया उपायुक्त महोदय, गढ़वा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 17.03.2026 को समय 12:00 बजे अपराहन् से मल्टीपरपस कल्चरल कॉम्पलेक्स, चिनिया मोड़, गढ़वा में आयोजन किया जायेगा, जो आवेदक सदर हॉस्पीटल, गढ़वा के सामने दुकान के लिये आवेदन जमा किये हैं, वे ससमय मल्टीपरपस कल्चरल कॉम्पलेक्स, चिनिया मोड़, गढ़वा में उपस्थित रहेंगे।

**नोट–**
1. आवेदक को आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।
2. वाद–विवाद कि स्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया स्थगित किया जा सकता है।
3. अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 374582 Urban Development (25-26)_D



## e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

**Very Short Term E-Quotation Invitation Notice**
**RATE PURPOSE ONLY**

**Quotation Reference No -33/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **Contruction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Naudiha Bazar, Satbarwa, Nawabazar (Kanda Khas) and Untari Road (Sirha) in District Palamu** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 18.03.2026 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 25.03.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 27.03.2026 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9430783582

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj.

PR 374666 Building(25-26)#D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**PPP मोड पर दुकान निर्माण/आवंटन हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति।**

दिनांक 13.09.2025 एवं दिनांक 10.01.2026 को सम्पन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में PPP मोड पर दुकान निर्माण कर आवंटन हेतु पलामू जिला अन्तर्गत इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है–

| क्र. | प्रखण्ड | | PPP मोड पर निर्माण हेतु प्रस्तावित दुकान | दुकान का साईज | दुकानों की संख्या | प्रति दुकान मासिक किराया दर | प्रति दुकान डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | सदर मेदिनीनगर | चियाँकी मेन रोड किनारे भू–तल में स्थित दुकान पार्ट–01 | G-01, G-02, G-03, G-04, G-05, G-06, G-07, G-08, G-09, G-10, G-11, G-12, G-13, G-14, G-15, G-16, G-17, G-18, G-19, G-20, G-21, G-22, G-23, G-24 | 3'6"×6'6" | 24 | 250.00 | 200000.00 |
| | | | | कुल :– | 24 | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि | :– | 16.03.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय वेश्म |
| 2. | आवेदन पत्र बिक्री की तिथि | :– | 16.03.2026 से 20.03.2026 |
| 3. | आवेदन पत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 4. | आवेदन पत्र का शुल्क | :– | 5000.00 (पाँच हजार) रूपये मात्र, **(Non Refundable)** (DD जो सचिव जिला परिषद, पलामू के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा) |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | :– | 16.03.2026 से 23.03.2026 (03:00 बजे तक) |
| 6. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 7. | डाक की तिथि व समय | :– | 25.03.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। |
| 8. | डाक का स्थान | :– | Block-C DRDA, सभाकक्ष, पलामू। |
| 9. | आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य कागजात | :– | वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो |

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि **(Non Refundable)** 24 घंटे के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी। तदोपरान्त स्वीकृत नक्शा एवं डिजाईन के अनुरूप दुकान का निर्माण किया जायेगा। दुकानों का लीज अवधि न्यूनतम 10 वर्ष होगी, जो प्रत्येक 5–5 वर्षो पर नवीकरण योग्य होगी।

नोट 3:– Detailed PPP Module For ZP (Annexure-I) एवं दुकान आवंटन हेतु निर्धारित शर्त (Annexure -II) पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाईल संख्या– 9006083521 पर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 374639 (District) 25-26 (D)



## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 25/2025-26**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 82/जि0यो0. दिनांक 24.02.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में जिला योजना अनाबद्ध मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 14.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 14.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 21.03.2026 (अपराहन 2:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 23.03.2026 (अपराहन 3:00 बजे ) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनातू | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन रहेया में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1109800 | 22196 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | मनातू | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन पकरियाडीह–1 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 3 | हरिहरगंज | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन ढाब कला– 2 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1664700 | 33294 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-02 |
| 4 | हरिहरगंज | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन लादीवादी में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 5 | हरिहरगंज | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन ममरखा में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 6 | हुसैनाबाद | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मलवरिया में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1664700 | 33294 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-03 |
| 7 | हुसैनाबाद | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन अमही में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 8 | हुसैनाबाद | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन दुल्हर में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 9 | हुसैनाबाद | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन रपुरा में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1664700 | 33294 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-04 |
| 10 | हुसैनाबाद | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन भैरोपुर में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 11 | हुसैनाबाद | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सिन्दुरिया में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 12 | हैदरनगर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सड़ेया 1 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1664700 | 33294 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-05 |
| 13 | हैदरनगर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बरवाडीह में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 14 | हैदरनगर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन हैदरनगर में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 15 | पण्डवा | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मझगांव 2 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1109800 | 22196 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-06 |
| 16 | पण्डवा | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन कजरी बथान टोला (लघु) में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 17 | पाँकी | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन रतनपुर में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 2219600 | 44392 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-07 |
| 18 | पाँकी | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सुरजोन यादव टोला में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 19 | पाँकी | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन तितलंग हरिजन टोला में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 20 | पाँकी | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन हरना में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 21 | पाटन | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बरसैता 1 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 2219600 | 44392 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-08 |
| 22 | पाटन | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन पखलमार में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 23 | पाटन | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मंझौली में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 24 | पाटन | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन भुड़वा 1 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 25 | रामगढ़ | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मुसुरूमु 2 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 2219600 | 44392 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-09 |
| 26 | रामगढ़ | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन गोरय 1 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 27 | रामगढ़ | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन करमा में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 28 | रामगढ़ | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन उलमान 1 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 29 | रामगढ़ | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन ढुलवा में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1664700 | 33294 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-10 |
| 30 | चैनपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन पथरा 3 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 31 | चैनपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन अवसाने 2 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 32 | सदर मेदिनीनगर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मगह टोला में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1664700 | 33294 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-11 |
| 33 | सदर मेदिनीनगर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन कुसुमटांड़ पीडहिया में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 34 | सदर मेदिनीनगर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन चामा में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 35 | उंटारी रोड | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सेमरी– 1 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 2219600 | 44392 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-12 |
| 36 | उंटारी रोड | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन गवारलेटवा 2 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 37 | उंटारी रोड | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मुरमा कला 3 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 38 | उंटारी रोड | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन पाण्डेयपुरा 1 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 39 | छतरपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मुनकेरी बथान पर में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1109800 | 22196 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-13 |
| 40 | छतरपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन चिरू– 2 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 41 | तरहसी | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन कमलकेड़िया में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1664700 | 33294 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-14 |
| 42 | तरहसी | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सेलारी छेचानी में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 43 | तरहसी | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन नावाडीह में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 44 | नावाबाजार | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन ब्रहमोरिया– 2 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 2219600 | 44392 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-15 |
| 45 | नावाबाजार | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन पतरिया– 2 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 46 | नावाबाजार | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बाना में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 47 | नावाबाजार | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन रजहारा 4 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 48 | नौडीहा बाजार | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सरईडीह– 2 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | 1664700 | 33294 | 5000 | 3 माह | NIT-25/ 2025-26/ Gr-16 |
| 49 | नौडीहा बाजार | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन शाहपुर–3 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |
| 50 | नौडीहा बाजार | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन शाहपुर– 4 में बोंरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य। | | | | | |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 374655 District(25-26).D

# 755 करोड़ में बनाया जाएगा सिग्नल-फ्री एलिवेटेड कॉरिडोर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने तैयारी कर ली है। प्राधिकरण ने एनएच-48 से वाटिका चौक तक सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) के विकास, रखरखाव, प्रबंधन और संचालन के लिए एलिवेटेड कारिडोर बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। लगभग 755 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना के पूरा होने के बाद शहर के इस महत्वपूर्ण कॉरिडोर पर यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होने की उम्मीद है। परियोजना के तहत वाटिका चौक से एनएच-48 के बीच करीब 4.2 किलोमीटर लंबा सिग्नल-फ्री चार-चार लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके साथ ही सड़क के दोनों ओर तीन-तीन लेन की मुख्य सर्विस रोड और दो-दो लेन की सेकेंडरी सर्विस लेन भी विकसित की जाएंगी। इस डिजाइन का उद्देश्य सड़क पर यातायात को विभिन्न स्तरों पर विभाजित कर सुचारू आवागमन सुनिश्चित करना है। एलिवेटेड कॉरिडोर बनने से जमीन स्तर पर वाहनों का दबाव कम होगा और

## यातायात व्यवस्था में होगा बड़ा सुधार




जाम की समस्या में कमी आएगी। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए परियोजना में प्रमुख जंक्शनों पर दो-लेन के अप और डाउन रैंप भी बनाए जाएंगे, ताकि वाहनों का प्रवेश और निकास व्यवस्थित तरीके से हो सके। इसके अलावा एनएच-48 पर एक आधुनिक इंटरचेंज का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के साथ निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा सके। इस व्यवस्था से लंबी दूरी के वाहनों को भी बिना रुकावट के आवागमन की सुविधा मिलेगी।

परियोजना के दूसरे चरण यानी फेज-2 में वाटिका चौक पर एक अतिरिक्त इंटरचेंज विकसित किया जाएगा। यह इंटरचेंज सदर्न पेरिफेरल रोड और गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड कारिडोर के बीच संपर्क को और मजबूत करेगा। इससे सोहना रोड, द्वारका एक्सप्रेसवे और एनएच-48 के बीच आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और तेज हो जाएगा।

गुरुग्राम में लगातार बढ़ते शहरी विस्तार और नई आवासीय व वाणिज्यिक परियोजनाओं के कारण यातायात का दबाव तेजी से बढ़ रहा है। एसपीआर इस समय शहर के सबसे महत्वपूर्ण पूर्व-पश्चिम मार्गों में से एक बन चुका है, जो कई सेक्टरों और व्यावसायिक क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य प्रमुख सड़कों से जोड़ता है। ऐसे में उच्च क्षमता वाली सड़क अवसंरचना का विकास शहर की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हो गया है। प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वर्तमान में द्वारका एक्सप्रेसवे या दक्षिण गुरुग्राम और जयपुर की ओर से आने वाले यात्रियों को सोहना या फरीदाबाद की ओर जाने के लिए अक्सर राजीव चौक और सुभाष चौक जैसे व्यस्त चौराहों से होकर गुजरना पड़ता है। इससे इन चौराहों पर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। नया एलिवेटेड कारिडोर इन मार्गों के लिए एक वैकल्पिक और अधिक सीधा रास्ता उपलब्ध कराएगा, जिससे यात्रा समय में कमी आएगी और प्रमुख चौराहों पर दबाव भी घटेगा। एसपीआर कारिडोर के आसपास कई तेजी से विकसित हो रहे आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्र स्थित हैं। एलिवेटेड कारिडोर बनने से इन क्षेत्रों के निवासियों और कामकाजी लोगों को प्रमुख रोजगार केंद्रों और राष्ट्रीय राजमार्गों तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे न केवल आवागमन आसान होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के खेलने को लेकर झगड़ा हुआ हिंसक, दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी-पत्थर

**मुरादनगर (गाजियाबाद), एजेंसी।** थाना क्षेत्र की मालिक नगर कालोनी में रविवार रात बच्चों के खेलने को लेकर हुए झगड़े में दो पक्ष के बीच




खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर लात घूंसों और लाठी डंडो से हमला किया। इसके अलावा दोनों और से जमकर पत्थर भी चले। मामले में पुलिस ने 14 लोगों पर केस दर्ज कर पांच को गिरफ्तार कर लिया है। मलिक नगर कालोनी में रविवार रात बच्चे खेल रहे थे। स्थानीय व्यक्ति साकिब ने बच्चों के खेलने का विरोध करते हुए उनको बुरा भला कहने लगा। इस बात को लेकर साकिब और शमशाद के बीच कहासुनी हो गई। बाद में दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे के आमने सामने आकर भिड़ गए। इस दौरान पक्ष के लोगों ने लात- घूसों व लाठियों से एक- दूसरे पर हमला किया। बाद में दोनों ओर से पत्थर भी चले। इस दौरान कालोनी में अफरातफरी का माहौल बन गया। लोग घबराकर घरों में चले गए। इस दौरान फायरिंग का भी आरोप है, हालांकि पुलिस इनकार कर रही है। संघर्ष के दौरान महिलाओं समेत दोनों पक्ष के छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाठी फटकार लोगों को शांत कराया। कुछ लोग रात में फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर वीडियोग्राफी भी की। दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। एसीपी मसूरी ने बताया कि दारोगा विनोद कुमार की तहरीर पर साकिब, फुरकान, नौशाद, समीर, इकबाल, रमजान,सावेज, मेहताब, मेहरु, अहमद, आसिफ, शोएब, साजिद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कर ली है।

### भव्य कार्यक्रम में पीएम मोदी करेंगे नोएडा एयरपोर्ट का लोकार्पण

**जेवर (ग्रेटर नोएडा), एजेंसी।** नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने बताया कि




आमतौर पर एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के डेढ़ से दो माह में विमान सेवाएं शुरू होती हैं। इस बीच में एयरलाइंस सहित अन्य सभी एजेंसी उड़ानों की प्लानिंग करते हैं। एयरलाइंस अपनी प्लानिंग के साथ टिकट बिक्री और शेड्यूल जारी करती हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भी 45 दिनों में ही यात्री उड़ान सेवाएं शुरू की जाएगी। उड़ानों से पहले एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों बड़ स्तर पर भव्य कार्यक्रम के दौरान लोकार्पण होगा। यह बाते राज्यसभा में नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहीं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर ने दूारा पूछे गए सवाल के जबाव में ये बाते कहीं। सुरेंद्र सिंह नागर ने पूछा था कि एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मिल चुका है यहां से पहली यात्री उड़ान कब शुरू होगी।

# मानेसर में अवैध कबाड़ गोदामा में लगी आग, जमीन मालिक पर जुर्माने की सिफारिश

**मानेसर (गुरुग्राम), एजेंसी।** मानेसर नगर निगम क्षेत्र के सेक्टर छह स्थित गांव कांकरौला में सोमवार सुबह करीब सात बजे निजी भूमि पर बने कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही नगर निगम मानेसर ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। 4 फायर टेंडर के नौ चक्करों से आग पर काबू पाया गया। गोदाम में निजी कंपनियों से निकला स्क्रेप रखा हुआ था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। कबाड़ के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे थे। तार जले हुए थे लेकिन आग लगने से तार जले हैं या शार्ट सर्किट हुआ इसका पता नहीं लग पाया है। गोदाम में निजी कंपनियों से निकलने वाला प्लास्टिक और सिंथेटिक रेक्जिन का कबाड़ रखा हुआ था। आग लगने से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने की घटना के बाद मौके पर पहुंचे नगर निगम के अधिकारियों ने छानबीन में पाया कि अवैध रूप से गोदाम का संचालन किया जा रहा था। नगर निगम द्वारा भू-मालिक के विरुद्ध 10 से 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने की सिफारिश हरियाणा स्टेट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से की है। इसके साथ ही खेड़कीदौला थाना पुलिस को मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है। नगर



निगम ने एचएसआइआइडीसी के अधिकारियों को भी पत्र लिखकर कहा है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ मिलकर कबाड़ की पहचान की जाए।

**होगी कंसेंट टू ऑपरेट की कार्रवाई:** इसके साथ ही यह कबाड़ निकालने वाली कंपनियों के विरुद्ध कंसेंट टू आपरेट की कार्रवाई की जाए। कबाड़ गोदाम में प्लास्टिक स्क्रैप, रबड़, सिंथेटिक रेक्जिन और अन्य ज्वलनशील सामग्री को रखा गया था। इसमें आग तेजी से फैल गई। संयुक्त आयुक्त हितेंद्र कुमार ने बताया कि यहां अवैध रूप से कबाड़ गोदाम का संचालन किया जा रहा था। उन्होंने नगर निगम की ओर से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को यहां पड़े कचरे की पहचान कर स्त्रोत उद्योगों पर भी न्यूनतम 10 लाख व अधिकतम 50 लाख रुपये जुर्माना लगाने की सिफारिश की है। बता दें कि गर्मी शुरू होते ही कबाड़ गोदामों में आग लगने की घटना बढ़ जाती है। साइबर सिटी के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से काफी संख्या में कबाड़ गोदाम चल रहे हैं।

## गाजियाबाद में बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की नई पहल, हर थाने में बनेगा सीनियर सिटीजन सेल

**गाजियाबाद, एजेंसी।** कमिश्नरेट में अकेले रहने वाले बुजुर्गों की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस एक



नई पहल करने जा रही है। साइबर सेल और मिशन शक्ति केंद्र की तर्ज पर अब सभी थानों में सीनियर सिटीजन सेल खोले जाएंगे। इस सेल के माध्यम से पुलिस सीधे बुजुर्गों के संपर्क में रहेगी और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास करेगी। सीनियर सिटीजन सेल थानास्तर पर खुलने पर बुजुर्गों की समस्या और निदान के लिए एक टीम होगी जिसमें एक दारोगा और तीन पुलिसकर्मी शामिल किए जाएंगे। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार जनपद में करीब ढाई लाख बुजुर्ग रहते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जो अकेले या सिर्फ बुजुर्ग दंपति रहते हैं। कई बार बुजुर्गों को सुरक्षा, संपति विवाद, घरेलू परेशानी या स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर पुलिस तक पहुंच बनाने में कठिनाई होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए थाने स्तर पर सीनियर सिटीजन सेल बनाने की योजना तैयार की जा रही है। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार हर थाना में एक दारोगा और तीन पुलिसकर्मियों की टीम बुजुर्गों से जुड़े मामलों की जिम्मेदारी संभालेगी। बीट पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्गों से नियमित संपर्क करेंगे और प्रतिमाह उनसे मुलाकात कर उनकी स्थिति और समस्याओं की जानकारी लेंगे। इससे बुजुर्गों और पुलिस के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा।

## गुरुग्राम: सिग्नेचर ग्लोबल सोसाइटी में मिट्टी धंसने से 7 मजदूरों की मौत, कई लोग फंसे

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा में गुरुग्राम जिले के बिलासपुर थाना क्षेत्र के सिधरावली में हाईवे किनारे सिग्नेचर ग्लोबल सोसायटी की निर्माणाधीन साइट पर सोमवार शाम बड़ा हादसा हो गया। सोसायटी के पिछले हिस्से में बेसमेंट खोदाई के दौरान अचानक मिट्टी ढहने से सात श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि चार से पांच श्रमिक घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज भिवाड़ी के जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार, सिधरावली में गुरुग्राम सीमा पर ओल्ड राव होटल के पास सिग्नेचर ग्लोबल सोसायटी है। बताया जाता है कि सोसायटी के पिछले हिस्से में कई दिनों से बेसमेंट खोदाई का काम चल रहा था। इसमें 25 से ज्यादा श्रमिक लगे हुए थे। बताया कि सोमवार शाम सभी श्रमिक बेसमेंट में खोदाई के दौरान मिट्टी हटा रहे थे, तभी अचानक भर-भराकर पड़ोस की मिट्टी की दीवार ढह गई। इसमें 15 से ज्यादा श्रमिक दब गए। अन्य तुरंत ही वहां से भाग निकले। तीन को तुरंत ही बाहर निकाल लिया। इस दौरान 12 श्रमिक अंदर दबे रह गए। लोगों ने इसकी सूचना बिलासपुर पुलिस को दी। वहीं, घटना की जानकारी लगते ही बिलासपुर थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस व अन्य बचाव दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी व अन्य मशीनों की मदद से राहत बचाव कार्य करते हुए 12 श्रमिकों को निकाला गया।

# पहले भी राष्ट्रपति ने किए हैं बंगाल के दौरे, ममता और उनके मंत्री भी रहे थे मौजूद; इस बार क्यों हुआ विवाद?

**कोलकाता, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की पिछली बंगाल यात्राओं के दौरान राज्यपाल, मुख्यमंत्री व मंत्रियों की मौजूदगी देखने को मिली थी। राष्ट्रपति मुर्मु ने दो दिवसीय दौरे के हिस्से के रूप में 27 मार्च, 2023 को बंगाल की अपनी पहली यात्रा की। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएससीबीआईए) पर पहुंचने पर राष्ट्रपति को सशस्त्र बलों द्वारा औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनका स्वागत आनंद बोस और नगर मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम सहित अन्य लोगों ने किया। हवाई अड्डे से वह हेलीकॉप्टर से रायल कलकत्ता टर्फ क्लब (आरसीटीसी) मैदान पहुंचीं और फिर सड़क मार्ग से राजभवन के लिए रवाना हुईं। आरसीटीसी में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति मुर्मु का स्वागत किया। बाद में बनर्जी ने नेताजी इंडोर स्टेडियम में एक आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में राष्ट्रपति का स्वागत किया। शाम को नेताजी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रपति को एक नागरिक स्वागत समारोह दिया गया, जहां राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उपस्थित थे। 17 अगस्त, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एक दिवसीय दौरे पर कोलकाता आईं और उन्होंने मेरा बंगाल, नशामुक्त बंगाल अभियान और



भारतीय नौसेना के जहाज (आइएनएस) विंध्यगिरि का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंद बोस और मुख्यमंत्री बनर्जी भी उपस्थित थीं। कोलकाता के एनएससीबीआई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत राज्यपाल आनंद बोस ने किया। 18 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति के रूप में बंगाल की अपनी तीसरी यात्रा पर, मुर्मु का कलाइकुंडा वायुसेना स्टेशन पर बंगाल के सूचना एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री बाबुल सुप्रियो ने स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान, उन्होंने आईआईटी खड़गपुर के 69वें दीक्षा समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 30-31 जुलाई, 2025 को बंगाल का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान, उन्होंने 30 जुलाई को नदिया में एम्स कल्याणी के प्रथम दीक्षा समारोह में भाग लिया, दक्षिणेश्वर काली मंदिर का दर्शन किया और 31 जुलाई, 2025 को दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले राजभवन में ठहरीं। उनके आगमन पर, बंगाल के मंत्री बीरबहा हांसदा, राज्यपाल आनंद बोस और तत्कालीन मुख्य सचिव मनोज पंत ने उनका स्वागत किया। गत सात मार्च को सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति की हालिया यात्रा के दौरान शहर के मेयर गौतम देब ने बागडोगरा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रोटोकॉल के मुताबिक, राष्ट्रपति के स्वागत के लिए आमतौर पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री मौजूद रहता है।

## गाजियाबाद में 10 माह बाद किशोरी बरामद, अगवा कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**साहिबाबाद (गाजियाबाद), एजेंसी।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने 10 माह बाद किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने किशोरी को भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने किशोरी का यौन उत्पीड़न करना स्वीकार किया है। आरोपित के खिलाफ पैतृक गांव में भी पोक्सो एक्त के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर दिया है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की एक कालोनी में रहने वाली महिला ने 28 मई 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि उनकी नाबालिग भतीजी दिल्ली पुरानी सीमापुरी में पढ़ाई करने जाती थी। जहां उसकी मुलाकात फिरोज अंसारी से हो गई थी। 26 मई को किशोरी दुकान से सामान लेने गई थी। जिसके बाद वह वापस नहीं आई। फिरोज उसे बहला फुसलाकर ले गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। सोमवार सुबह मुखबिर कर सूचना पर आरोपित को भोपुरा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने आरोपित फिरोज ने बताया कि दोनों दो वर्ष से एक-दूसरे को जानते थे। वह उसे अजमेर ले गया था।

# यमुना तटबंध पर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे का भौतिक निरीक्षण, जेवर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी को मिलेगी गति

**नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी (यूपीडा) यमुना तटबंध पर (सेक्टर-94) 30 किलोमीटर लंबा छह लेन का एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनाएगा। नोएडा प्राधिकरण ने इसे बोर्ड में प्रस्ताव पास कर मंजूरी प्रदान कर दी थी। अब प्राधिकरण के आग्रह पर मंगलवार को यूपीडा की कंसलटेट कंपनी आलमंड्ज ग्लोबल इंफ्रा के प्रतिनिधि बनने वाले एलिवेटेड रोड के लिए भौतिक निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वह नोएडा प्राधिकरण समेत यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के अधिकारियों से बातचीत करेंगे। बता दें कि यह एलिवेटेड रोड जेवर में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सीधी कनेक्टिविटी देगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर यातायात का दबाव कम करेगा। इस पर आने वाले खर्च को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण मिलकर वहन करेंगे। यह दिल्ली बार्डर से हवाई अड्डे तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा। यह एलिवेटेड रोड सेक्टर-168 में फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद (एफएनजी) को जोड़ेगा। दूसरा सेक्टर-150 में सेक्टर-149 ए व सेक्टर-150 के बीच 75 मीटर चौड़ी सड़क को जोड़ेगा। तीसरा लूप ग्रेटर नोएडा स्थित परी चौक को जोड़ेगा। प्राधिकरण का पहले मत था कि इस एलिवेटेड रोड का निर्माण एनएचएआइ करे, लेकिन बोर्ड और शीर्ष अधिकारियों की बैठक के बाद तय किया कि अब निर्माण यूपीडा ही करेगा। इस ट्रैक में सबसे ज्यादा हिस्सा 23 किलोमीटर का नोएडा प्राधिकरण का होगा। यह एक्सप्रेसवे छह



लेन एलिवेटेड होगा, जिसमें तीन जगह लूप होंगे। यह ओखला बैराज से हरनंदी यमुना होते हुए गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय के सामने घरबरा गांव के रास्ते यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। इससे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी भी होगी। इसका फायदा तीनों प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे के क्षेत्र को मिलेगा। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बढ़ते यातायात के दबाव को लेकर यह लिंक रोड बहुत अहम होगा, जिसमें दो स्थानों पर प्रवेश और निकास के लिए लूप बनेगा। एलिवेटेड एक्सप्रेसवे से भविष्य में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जाने वाला यातायात सुगम होगा। आगरा, लखनऊ जाने वाले लोगों को आसानी होगी। प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकेगा। एलिवेटेड रोड बनने से दिल्ली, हरियाणा की ओर जाने वाली व ग्रेटर नोएडा यमुना एक्सप्रेसवे एवं अन्य शहरों को जाने वाला यातायात नोएडा में बिना प्रवेश किए यमुना तटबंध एलिवेटेड एक्सप्रेसवे से सीधे गुजर जाएगा।

# एसआईआर से शुरू हुआ विवाद, चुनाव आयोग और ममता की खींचतान ने तय कर दिए हैं मुद्दे?

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में 28 फरवरी को प्रकाशित फाइनल वोटर लिस्ट के साथ राज्य के हालिया राजनीतिक इतिहास का सबसे विवादित अध्याय फिलहाल थम गया है। इलेक्शन कमीशन ने केवल 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (एसआईआर) के जरिए वोटर रिकॉर्ड में तकनीकी सुधार शुरू किया था, लेकिन विवाद बढ़कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और चुनाव आयोग के बीच एक बड़े टकराव में बदल गया। यह लड़ाई सड़कों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक चली, जहां ममता बनर्जी ने खुद कोर्ट में पेश होकर इस प्रक्रिया को 'असली वोटर्स' के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया। दूसरी ओर, चुनाव आयोग और केंद्र सरकार ने इसे 'घुसपैठियों' को हटाने और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बताया। इस खींचतान का नतीजा यह रहा कि बंगाल में वोटरों की कुल संख्या में भारी गिरावट देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार, प्रक्रिया शुरू होने से पहले बंगाल में 7.66 करोड़ वोटर थे, जो अब घटकर 6.44 करोड़ रह गए हैं। यानी कुल 1.22 करोड़ नामों की कमी आई है। इनमें से 63.7 लाख नाम




पूरी तरह काट दिए गए हैं, इनमें से अधिकांश को अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा, 60 लाख से ज्यादा नाम 'अंडर जजमेंट' यानी न्यायिक जांच के दायरे में हैं, जिन पर 500 से अधिक न्यायिक अधिकारी फैसला ले रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रक्रिया में महिला वोटरों की संख्या में पुरुषों के मुकाबले ज्यादा गिरावट देखी गई है। चूंकि ममता बनर्जी के लिए महिलाएं एक बड़ा वोट बैंक रही हैं, इसलिए इस बदलाव के गहरे राजनीतिक मायने निकल रहे हैं। मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर 24 परगना जैसे जिलों में नामों की सबसे ज्यादा कटौती की गई है या इन्हें जांच के दायरे में रखा गया है। ममता बनर्जी ने इस पूरी प्रक्रिया को 'अमानवीय' और 'बंगाली वोटरों को रोकने की साजिश' बताया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया कि आधार कार्ड को वैध दस्तावेज माना जाए और नाम हटाने पर तुरंत रोक लगे। हालांकि कोर्ट ने प्रक्रिया रोकने से इनकार कर दिया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बढ़ती जंग, क्या शांति की आखिरी उम्मीद भी धुंधली पड़ रही है

सवाल है कि वह कौन–सी समस्या है, जिसका हल विनाश के हथियारों के जरिए निकलने की उम्मीद की जाती है। आखिर ऐसा क्यों है कि अक्सर युद्धों के लंबा खिंचने और भारी तबाही के बाद उसका समाधान संवाद की मेज पर ही निकलता देखा गया है? इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद अब स्थिति और जटिल होती देखी जा रही है तथा दोनों पक्षों के बीच बढ़ती तल्खी के समांतर शांति की उम्मीद भी धुंधला रही है। मगर इस हालत में भी दुनिया के ज्यादातर देश यही चाहते हैं कि यह युद्ध रुके और विवाद का हल संवाद के सहारे ही निकाला जाए।विडंबना यह है कि ईरान में परमाणु हथियारों का सवाल अमेरिका के लिए बड़ा है, लेकिन वह इस मसले पर बातचीत के जरिए हल निकालने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा। उल्टे इजराइल के साथ मिल कर उसने जिस स्तर का युद्ध छेड़ दिया है, वह परमाणु निरस्त्रीकरण में कैसे मददगार होगा, कहना कठिन है।खासतौर पर इस संदर्भ में ईरान ने जिस तरह की प्रतिक्रिया दी और उसने भी इजराइल तथा अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, उससे साफ लग रहा है कि शांति स्थापित करने को लेकर दोनों पक्षों के भीतर कोई खास रुचि नहीं है। इसी वजह से दुनिया भर में इस बात को लेकर गहरी चिंता जाहिर की जा रही है कि कहीं युद्ध का दायरा फैल न जाए!ऐसे में भारत ने जिस तरह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव को कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता अपनाने का आग्रह किया है, वह वक्त का तकाजा है। हालांकि भारत पारंपरिक रूप से शांति का पक्षधर रहा है और समस्या चाहे कितनी जटिल हो, उसका समाधान संवाद और कूटनीतिक पहल के जरिए ही निकालने का हामी है।इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति भारत के लिए चिंता का विषय है; सैन्य टकराव किसी विवाद का समाधान नहीं है। भारत ने इस युद्ध से प्रभावित कई देशों से संपर्क कर शांति की वकालत की और अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

### अदालतों में न्याय की धीमी रफ्तार पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता

किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। अगर किसी नागरिक को न्याय पाने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़े, तो आखिर उसका क्या महत्त्व रह जाता है! माना जाता है कि समय पर न्याय न मिलना अन्याय के समान होता है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में बड़ी संख्या में लोगों को इस तरह के संकट का सामना करना पड़ता है। न्याय में देरी के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें लंबित मामलों का बोझ, न्यायाधीशों की कमी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया भी शामिल है। मगर, जब अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद भी वर्षों तक न्याय के लिए प्रतीक्षा करनी पड़े, तो उसे किस रूप में देखा जाएगा।सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में ऐसे ही तीन आपराधिक मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अपने पास स्थानांतरित किए हैं। इन मामलों में उच्च न्यायालय ने छह वर्ष पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिन पर अब तक निर्णय नहीं सुनाया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्याय में हो रही असाधारण देरी से पीड़ित पक्ष के त्वरित न्याय के अधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है।किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में माना है कि समय पर न्याय न मिलना कानून के शासन के लिए नुकसानदेह हो सकता है।यह सच है कि देश में लंबित मुकदमों का बोझ भी समय पर न्याय न मिलने का एक बड़ा कारण है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2025 तक देश भर की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। माना जाता है कि न्यायाधीशों की कमी और लंबी एवं जटिल न्यायिक प्रक्रिया की वजह से भी मामलों की सुनवाई में देरी होती है।

*चाहे गेहूं हो या धान, जब यह मंडी में उतारा जाता है, तो पिछला अनुभव यही बताता है कि कभी न कभी, किसी न किसी वजह से मौसम बिगड़ ही जाता है। कभी गेहूं का दाना छोटा हो जाता है, तो कभी धान गीला हो जाता है। किसान को मेहनत का उचित मूल्य मिलना चाहिए किसान अगर अपनी मेहनत का उचित मूल्य मांग रहा है, तो इसका खयाल क्यों नहीं रखा जाना चाहिए।*

## भंडारण के संकट से जूझते किसान, कृषि नीति में स्पष्ट लक्ष्य नहीं दिखता

**(सुरेश सेठ )**

भारतीय किसान यथास्थिति के दुश्चक्र में फंसा है। वे परंपरागत दो फसलों के चक्र से आगे नहीं बढ़ रहे हैं। आज ज्यादातर किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर है।भारत एक कृषि प्रधान देश है। पंजाब और हरियाणा जैसे उपजाऊ राज्यों में जो फसलें पैदा की जाती हैं, वही भारत सरकार के अनाज वितरण कार्यक्रमों का आधार बनती हैं। निस्संदेह कृषि प्रधान राज्यों में पंजाब सबसे आगे है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल की जो नियमित फसल खरीद सरकारी एजंसियों ने की है, उसमें उन्होंने सबसे अधिक अनाज पंजाब से ही उठाया है। फिर भी देश का किसान और विशेष रूप से पंजाब का किसान हाड़-तोड़ मेहनत के बावजूद अभी तक आर्थिक मदद का मोहताज क्यों है? साठ के दशक में पंजाब में कृषि क्रांति हुई थी। इस दौरान चावल और गेहूं की कई किस्में पेश की गईं। जिससे पंजाब अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बना। मगर इसके सकारात्मक प्रभाव बाद में समाप्त हो गए। दूसरी ओर, कृषि की जो मूल कठिनाइयां थीं, उन्हें हल करने का प्रयास नहीं हुआ। जब किसान अपनी फसलों को लेकर कृषि मंडियों में जाता है, तो उसे अपनी फसल का भंडारण करने के लिए उचित जगह नहीं मिलती। जबकि कायदे से गोदामों में फसलें तब तक रहनी चाहिए, जब तक उसकी उचित कीमत नहीं मिल जाती। कृषि नीति में स्पष्ट लक्ष्य नहीं दिखता यह निराशाजनक ही है कि कृषि नीति में स्पष्ट लक्ष्य नहीं दिखता। जिन फसलों की खरीद केंद्रीय एजंसियां करती हैं, उसमें किसानों को उचित कीमत मिले, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए गोदाम चाहिए, जहां किसान अपनी फसलों को रख सकें। मगर ऐसे गोदामों की कमी है। कई गोदामों में तो खाद्य वितरण के लिए अनाज रखा होता है। इस अनाज के उपयोग की ठोस नीति आज तक नहीं बनाई जा सकी है। पिछले सत्र की फसलों का ही उपयोग नहीं हो पाता, दूसरी ओर नए सत्र की फसल आ जाती है। गोदाम लगभग भरे होते हैं। ऐसे में किसानों की नई फसल वहां रखी नहीं जा सकती। इसलिए उसे खुले प्रांगण में रखना पड़ता है। यहां ये फसलें वायु प्रदूषण और मौसम की दोहरी मार झेलती हैं। बारिश हो जाए, तो फसल खराब होना तय है। जरूरत से अधिक धूप पड़ जाए, तब भी फसल खराब होने का डर। इसे ढकने के लिए पालिथिन भी नहीं मिलती। सबसे बड़ी बात यह है कि इन मंडियों को नियमित मंडियां कहा जाता है। इसके बावजूद रखरखाव का उचित इंतजाम नहीं होता। कई बार तो बोरियां भी नदारद होती हैं। बोरियों की आपूर्ति करने वाले ठेकेदारों की अपनी शिकायतें हैं। ऐसे में अनाज खुले में पड़ा रहता है और खराब होता रहता है। नतीजा गरीब किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं मिल पाता। अभी तक फसलों में विविधता नहीं लाई जा सकी अब रबी फसल की खरीद आरंभ होने वाली है। यह अप्रैल 2026 से गेहूं की खरीद के साथ शुरू होगा। देश में फसल विविधीकरण के प्रचार के बावजूद आज भी किसानों के लिए फसल चक्र में दो ही फसलें हैं। एक गेहूं और दूसरी धान की। रबी का खरीद सीजन गेहूं की खरीद से शुरू होता है। किसानों को उनके श्रम का मूल्य मिलता है। दूसरी ओर खरीफ के मौसम में धान उपजाया और बेचा जाता है। सरकार और कृषि विज्ञानियों का बहुत जोर रहा कि इस चक्र को तोड़ा जाए। विविध फसलों पर काम शुरू हो। कपास उपजाने से लेकर दलहन और तिलहन की खेती पर बहुत जोर दिया गया। मगर अभी तक फसलों में विविधता नहीं लाई जा सकी है। अनाज भंडारण की समस्या आज तक क्यों नहीं सुलझी? इसके कई कारण हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह है कि मंडियों में गेहूं और धान रखने के लिए पर्याप्त गोदाम नहीं हैं, तो ऐसे में दूसरी फसलें भी उसी तरह मंडियों में पड़ी रहेंगी और धूप तथा बारिश में खराब होंगी। उनकी गुणवत्ता कम होने पर ऐसे में किसानों के पल्ले क्या आएगा? यह समझ से परे है कि विकास के इतने दावे के बावजूद मंडियों में अनाज भंडारण की समस्या आज तक क्यों नहीं सुलझी है? इस समय केवल पंजाब में ही 48.49 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 172 लाख मीट्रिक टन धान गोदामों में रखा है। अब पंजाब के अधिकारी केंद्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बात पर विचार हो रहा है कि गेहूं की फसल खरीदने का वक्त आ गया है, इसलिए बचे हुए समय में भंडारण की समस्या का क्या समाधान किया जाए? स्थानीय प्रशासन अपने-अपने इलाकों में गोदामों से अनाज उठाने का आग्रह सरकार से बार-बार करता है। मगर इसके लिए कोई नीति नजर नहीं आती। पिछले वर्ष घोषणा की गई थी कि अनाज को संभाल कर रखने के लिए नए गोदाम बनाए जाएंगे, लेकिन अभी तक यह घोषणा केवल कागजों में ही हैं। खमियाजा किसानों को ही भुगतना होगा अब अगर समय रहते मौजूदा गोदामों से अनाज उठाने से लेकर और उससे जुड़े वित्तीय मामलों का समाधान केंद्र नहीं कर पाता, तो पिछले मौसम की तरह आगामी खरीफ के मौसम में भी वही समस्याएं सामने आएंगी। इसका खमियाजा अंततः किसानों को ही भुगतना होगा। जब फसलों की खरीद की तैयारियां शुरू होती हैं, तभी समस्याओं पर विचार क्यों किया जाता है? जबकि मालूम है कि साल में दो बार फसलों की खरीद की जानी है। पुराने अनाज को निकालना है और नई फसलों को सहेजना है, तो ऐसे में नए गोदाम बनाने की प्रक्रिया लगातार क्यों नहीं चलनी चाहिए? अब अगर पंजाब में ही 15 अप्रैल, 2026 तक कम से कम 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उठान नहीं किया जाता, तो नई फसल के लिए जगह कहां बनेगी? उधर, चावल मिल मालिकों की मांग है कि धान खरीद की प्रक्रिया में उन्हें भी शामिल होने दिया जाए। इसके लिए वे खरीद मूल्य भी कम करवाना चाहते हैं। उनकी ये मांगें मानी जाएंगी, इसकी उम्मीद नहीं है। इसलिए लगता है कि धान की खरीद के समय भी जटिलता बनी रहेगी। गोदामों में जगह की समस्या फिर सामने होगी। ऐसे में किसानों का भला कैसे हो सकेगा? गौरतलब है कि किसानों को फसल बेचने के लिए मंडियों में उचित ग्राहक तलाशने में कुछ समय लगता है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य जरूर घोषित करती है। मगर सच्चाई यह है कि इस मूल्य पर भी किसानों की फसल नहीं बिकती। अगर वह गोदामों में माल उतार कर ग्राहक का इंतजार कर सके, तो उसे ठीक-ठाक दाम मिल सकता है। मगर यहां भी वही कठिनाई है कि उसकी फसल को रखने के लिए सुरक्षित जगह नहीं है। चाहे गेहूं हो या धान, जब यह मंडी में उतारा जाता है, तो पिछला अनुभव यही बताता है कि कभी न कभी, किसी न किसी वजह से मौसम बिगड़ ही जाता है। कभी गेहूं का दाना छोटा हो जाता है, तो कभी धान गीला हो जाता है। किसान को मेहनत का उचित मूल्य मिलना चाहिए किसान अगर अपनी मेहनत का उचित मूल्य मांग रहा है, तो इसका खयाल क्यों नहीं रखा जाना चाहिए। उनकी समस्याओं का निराकरण तो होना ही चाहिए।

## आतंकियों के अहंकार से जीवन पर संकट

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

अहंकार, तृष्णा और लालच का कोई अन्त नहीं होता। यह वे शत्रु हैं जो समूल का नाश कर देते हैं। गीता का यह वाक्य वर्तमान में संसार की गतिविधियों की व्याख्या के लिए सर्वोचित है। संसार का सम्राट बनने की लालसा ने ट्रंप को मोहम्मद तुगलक की तरह पागल बादशाह बना दिया है। दूरगामी परिणामों की समीक्षा किये बिना ईरान पर थोपे गये युद्ध ने तीसरे विश्वयुद्ध की शंखनाद कर दिया है। कट्टरता पर आधारित आतंक से गजवा-ए-दुनिया का लक्ष्यभेदन करने के मंसूबे पालने वालों में ईरान भी एक प्रमुख देश है। ऐसे देशों की एक लम्बी फेहरिश्त है जो मजहब के नाम पर अंधविश्वास परोस रहे हैं। बहत्तर हूरों से लेकर सजील जवानों की भीड के ख्वाब दिखाने वाले खुद के कुनबे को सुरक्षित स्थानों पर रखकर पूरे सम्प्रदाय को आग में झौंकने में लगे हैं। वहीं अमेरिका भी अपनी बादशाहत तले संसार को लाना चाहता है। एक ओर तो कट्टरता का आतंक है तो दूसरी ओर चौधराहट से भय पैदा करने वाला। दौनों ही अपनी अमानवीय प्रकृति से सृष्टि का नाश करने पर तुले हैं। युद्ध में सिद्धान्तों, मर्यादाओं और आदर्शों की खुलकर होली जलाई जा रही है। जहां अमेरिका की मनमानियां दूसरे देश के मेहमान बनकर आये काफिले को नष्ट करने में लगीं हैं वहीं सजातीय लोगों की आबादी पर दुश्मन का दोस्त होने का गुस्सा फूट रहा है। ईमानदाराना बात तो यह है कि आतंकियों के अहंकार से जीवन पर संकट के बादल मडरा रहे हैं। एक ओर मजहबी फतवों का आतंक हैं तो दूसरी ओर गुण्डागिरी की इबारत का खौफ। चारों ओर असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो चुका है। अमेरिका ने भारत के युद्धाभ्यास में शामिल होने आये ईरानी युद्धपोत को हिन्द महासागर में डुबोकर भारत को भी अप्रत्यक्ष में संग्राम में आमंत्रण दे डाला है वहीं ईरान भी खाडी देशों में विस्फोट करके उन्हें जवाबी कार्यवाही के लिए उकसा रहा है। हथियार, भितरघातियों और आतंक की दम पर अमेरिका ने अपनी पहुंच दुनिया के लगभग सभी देशों में बना रखी है वहीं ईरान का कट्टरता भरा पैगाम सजातीय लोगों को फिदायनी बनाने में लगा है। उसने अनेक आतंकी संगठनों को पैदा किया है, उन्हें पाला है और अब खुला संरक्षण भी दे रहा है। मीरजाफरों की फौजों का दोगलापन राष्ट्रभक्तों की हत्यों का कारण बनता जा रहा है। खद्दरधारियों के गिरोहों से लेकर स्वयं भू बुद्धिजीवियों की जमातों तक के क्रिया-कलाप से उनके विदेशी आकाओं की हुक्मपरस्ती का संदेश मिल रहा है। संयुक्त राष्ट संघ का औचित्यविहीन होता स्वरूप, रूस-चीन जैसे देशों की खामोशी और षडयंत्रकारियों का युद्ध विस्तार हेतु प्रयास अब किसी भी रूप में सुखद नहीं कहा जा सकता। सन् 2026 से 2027 तक के कालखण्ड को अनेक भविष्य वक्ताओं ने समूचे संसार के लिए बेहद खतरनाक बताया था। मनमानी जनसंख्या वृद्धि, कट्टरता पर बढता अंधविश्वास और पुरातन सामाजिक व्यवस्था को रूढियों की तरह स्वीकारने के कारण दुनिया भर में अशान्ति का वातावरण पहले से ही निर्मित हो चुका है। भूमि के अनुपात में जनसंख्या का संतुलन पूरी तरह बिगड चुका है। आने वाले समय में खाद्यान्न से लेकर पेयजल तक की विकराल समस्या पैदा होने वाली है। वर्चस्व के अहंकार ने हथियारों के जखीरों की भारी खेपें तैयार कर लीं हैं। बारूद के ढेर पर बैठी दुनिया आज भी ख्वाबों में जी रही है। मजहबी तालीम देने वाले लोग अब कट्टरता का पाठ पढाकर विलासता भरा जीवन जी रहे हैं। उन्हें आसमान से उतरी किताबों के वास्तविक संदेशों तक पहुंचने के लिए खुद को इबादत के रूहानी रास्ते पर चलना पड़ेगा।

## आज का राशिफल

### मेष
आज अगर पिछले कुछ दिनों से कोई बात मन में थी, तो आज उसे व्यक्त करने का सही समय है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा और लोग आपकी बात को महत्व देंगे। छोटी-सी बात पर प्रतिक्रिया देने से पहले थोड़ा रुक कर सोच लें। आज के दिन अकेले सब संभालने की कोशिश न करें क्योंकि कोई न कोई भूल चूक होने से समस्या खड़ी हो सकती है।

### वृष
आज का दिन आपके लिए नई सूचना और नई जानकारी से भरा हो सकता है। कोई करीबी आप को इस समय मार्गदर्शन भी देने में मदद कर सकता है। कामकाज में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करना बहुत जरूरी रहेगा। ऑफिस में आपकी मेहनत को देखा जा रहा है इसलिए इस दौरान बातों से अधिक काम पर फोकस बना के रखें।

### मिथुन
आज जो काम आप धैर्य से करेंगे, वही आगे चलकर फायदा देगा। इस समय घर पर किसी का आना या कोई सूचना माहौल में बदलाव को दिखा सकती है।आज के दिन बहुत ज्यादा चीजों से जुड़ाव दिक्कत दे सकता है। अपनी बातों को लेकर कठोर न बनें।

### तुला
आज के दिन की स्थिति बाहरी लोग के साथ संबंधों में विस्तार देने वाली है। इस समय आत्मविश्वास अलग ही काम करने वाला है। किसी पुरानी बात को लेकर मन में खटास हो सकती है, लेकिन उसे बढ़ने न दें। काम को लेकर आज एक दिन यात्राएं हो सकती हैं कुछ लोग आपसे मिल सकते हैं जो नई सूचनाओं को देने वाले हैं।

### वृश्चिक
आज इस समय आप भावनाओं में अधिक बह सकते हैं और अपने आस पास के लोगों के साथ कुछ ज्यादा ही गहराई के साथ काम करेंगे। बच्चों के साथ कुछ अच्छे पल दिल को करेंगे खुश। संदेह इस समय आप दूसरों की बातों को सुनें लेकिन जल्दी से अपनी नीतियों को बदलने के लिए आतुर न हों। कारोबारियों के लिए दोपहर के बाद से स्थिति रहने वाली है।

### धनु
आज के दिन आप में आगे बढ़कर जोखिम लेने की प्रवृत्ति अधिक रह सकती है। चतुराई के साथ काम करते हुए लोगों पर अपना गहरा असर छोड़ सकते हैं।किसी करीबी व्यक्ति से बहस हो सकती है, इसलिए अपनी बातों में हर कथन का चुनाव संभलकर करें।काम के लिहाज से आज के दिन आप मेहनत से जी न चुराएं क्योंकि इस समय परिश्रम की अधिकता चाहिए होगी।

### कर्क
आज के दिन आप बाहरी लोगों को कर सकते हैं प्रभावित, इस समय किसी दूर बैठे व्यक्ति के साथ लंबी बातें दिलों के हाल को करने वाली हैं बयां। अपनी बातों में न बहें और परिस्थिति के अनुसार करें काम। काम के मामले में इस दौरान व्यापार में नए संपर्क बनेंगे, जो आगे चलकर कुछ बेहतर परिणाम के रूप में दिखाई दे सकते हैं।

### सिंह
आज अपनों के साथ समय बिताने के लिए कुछ अच्छा समय मिल सकता है। घर पर लोगों की ओर से प्रेम सहयोग मनोबल को बढ़ाने वाला होगा। दूसरों की प्रतिक्रिया पर ज्यादा आगे न बढ़ें और शांत रहें। काम के स्थान पर जो भी जिम्मेदारी मिल रही है उसे दूसरों पर सौंपने से बचें, काम के चलते अगर कोई महत्वपूर्ण मीटिंग या चर्चा है।

### कन्या
आज के दिन आप अपने अधूरे कामों को लेकर उत्साहित होंगे और उसे पूरा कर पाएंगे। किसी दोस्त, सहकर्मी या परिवार के सदस्य के साथ मिलकर यात्रा पर निकल सकते हैं।आज एक दिन कुछ मामलों में आप को फैसला लेने में बहुत ज्यादा समय लग सकता है।

### मकर
आज के दिन आप अपने काम को निकलवाने में हो सकते हैं सफल। आप की बातें अब घर हो या बाहर दोनों और सुनी जाने वाली है। काम की अधिकता के चलते आप आराम कम ही कर पाएंगे लंबे समय से जो योजना बना रहे थे, उस पर काम शुरू करने का अच्छा दिन है। आपकी स्थिर सोच आपको सही फैसले लेने में मदद कर सकती है।

### कुंभ
आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रह सकता है, बातचीत के जरिए आप कई काम आसानी से निकाल सकते हैं। इस समय घर पर बच्चों की बातें माता-पिता को कर देने वाली हैं हैरान।एक साथ कई काम हाथ में लेने से उलझन हो सकती है। ध्यान भटक सकता है, इसलिए प्राथमिकताएं तय करें।कार्यक्षेत्र में आज सक्रियता दिखाने की जरूरत होगी इस समय आप शायद कुछ कठोर हो सकते हैं।

### मीन
आज आप व्यावहारिक और शांत रहेंगे ऐसे में परिवार या घर से जुड़ा कोई काम पूरा हो सकता है। घर पर किसी की ओर से कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। आज के दिन वाणी में कठोरता का असर दिखाई देगा, जिद और अपनी बात मनवाने की आदत रिश्तों में दूरी ला सकती है। काम के मामले में आज का दिन व्यापारियों को कुछ छोटे लेकिन अच्छे लाभ मिल सकते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6027

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 6027

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| ■ | 10 | | | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | ■ | 23 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह योरप महाद्वीप में स्थित देश है इसे यूनान भी कहते है (2)
3. उत्तरप्रदेश का यह स्थल चूड़ी बनाने के कारखाने या कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
7. ऐसी घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
9. इस पहले टाउन कहा जाता था (3)
10. तीन घंटे का समय, याम (3)
11. गतिविधि, दुष्कर्म, संचलन (4)
12. ऐसी ही सही, अच्छा, कोई चिंता नहीं, देखा जाएगा (2)
14. हाथ, कर, बालिस्त, पाणि (2)
15. रवि, दिनकर, दिनपति, दिनकर (2)
16. अंग्रेजों के बारह महिनों में से एक (2)
17. फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक, घड़ियाल (3)
19. नियुक्त करना, धरना, संग्रह करना (3)
21. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
22. हजरत मुहम्मद की यह छंदोबद्ध स्तुति है (2)
23. पितृपक्ष, श्राद्धपक्ष (4)

**ऊपर से नीचे**

1. गर्दन, शरीर का वह हिस्सा जो सिर व धड़ को जोड़ता है (2)
2. अभिभावक, संरक्षक (5)
3. चालाकी, चालबाजी, धूर्तता, प्रकृति (4)
4. प्राणरक्षा की विनती करना (4)
5. उद्यान, बगीचा, उपवन, वाटिका (2)
6. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
8. जलाने वाला, दग्धक (3)
11. औचित्य की सीमा लांघना, अति कर देना (5)
13. प्रक्षालक, प्रक्षालनकर्मी (3)
16. घास-फूस को बटकर बनाई गई रस्सी, पुराना, प्राचीन (2)
18. हिफाजत किया हुआ, महफूज, रक्षा किया हुआ, पालित, पोषित (3)
20. पत्र, चिट्ठी (2)
21. पुनीत, पवित्र, निर्दोष, निर्मल (2)

### वर्ग पहेली 6026 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | ग्लैं | ड | ■ | क | बी | र | ■ |
| त | ■ | र | सि | क | ■ | सा | म |
| जा | ग | ना | ■ | ह | या | त | ■ |
| म | म | ■ | प | रा | ■ | ल | घु |
| क | क | पि | ट | ■ | चा | ■ | ल |
| री | ■ | ता | ना | शा | ह | ■ | न |
| ■ | द | म | ■ | य | ■ | का | शी |
| ग | वा | ह | ■ | द | म | क | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# कुलदीप यादव वंशिका संग मसूरी में 7 फेरे लेंगे

● 14 मार्च को शादी, 17 को लखनऊ में रिसेप्शन, सीएम योगी को दिया न्योता

**कानपुर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। दोनों 14 मार्च को उत्तराखंड के मसूरी में सात फेरे लेंगे। तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी होगी। इस बीच, सोमवार को कुलदीप के



पिता राम सिंह यादव ने लखनऊ में सीएम योगी को शादी का न्योता दिया। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी, जिसमें क्रिकेटर रिंकू सिंह, प्रिया सरोज समेत कई करीबी लोग शामिल हुए थे। पहले दोनों शादी नवंबर 2025 में तय हुई थी, लेकिन टी-20 विश्व कप की तैयारियों की वजह से तारीख आगे बढ़ा दी गई। अब विश्व कप चैंपियन बनने के बाद कुलदीप नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। कुलदीप के कोच और पारिवारिक मित्र कपिल देव पांडेय ने बताया-शादी की रस्में 13 मार्च से शुरू होंगी। इस दिन हल्दी और मेहंदी का कार्यक्रम होगा। शादी के बाद लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिसेप्शन दिया जाएगा। इसमें जाने-माने क्रिकेटर्स, बॉलीवुड की नामचीन हस्तियां और यूपी के दिग्गज राजनेता शामिल होंगे।


**टी-20 वर्ल्ड चैंपियन टीम का हिस्सा थे कुलदीप-** कुलदीप टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। टूर्नामेंट में कुलदीप ने सिर्फ एक मुकाबला खेला, जो पाकिस्तान के खिलाफ था। मैच में कुलदीप ने 14 रन देकर एक विकेट लिया था। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर भारत के लिए अब तक 191 मैच खेले हैं। उन्होंने 22.50 के एवरेज और 4.84 की इकोनॉमी रेट से 365 विकेट झटके हैं। 31 साल के कुलदीप ने 9 मौकों पर पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं।

# गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच बने

● दो साल का कॉन्ट्रैक्ट, पूर्व साउथ अफ्रीकी ने भारत को 2011 वर्ल्ड कप दिलाया था

**कोलंबो (एजेंसी)।** पूर्व साउथ अफ्रीकी ओपनर गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच होंगे। सोमवार को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने इसका ऐलान किया। वे 15 अप्रैल 2026 से टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**जयसूर्या की जगह लेंगे-** कर्स्टन को दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया है। वे सनथ जयसूर्या की जगह लेंगे, जिन्होंने



हाल ही में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के सुपर-8 से बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था।


**2027 वनडे वर्ल्ड कप तक साथ रहेंगे-** श्रीलंका के साथ उनके दो साल के कार्यकाल में सबसे बड़ा टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्ड कप होगा, जो दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। टीम की कोशिश उस टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालिफाई करने की होगी।

**टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया के कोच थे-** गैरी कर्स्टन इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान नामीबिया टीम के कंसल्टेंट कोच भी रहे थे। खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 101 टेस्ट और 185 वनडे खेले हैं।

**2011 वनडे वर्ल्ड कप जीता था-** कोचिंग में भी कर्स्टन का अच्छा रिकॉर्ड रहा है। उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2011 का वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद टीम ने टेस्ट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और रैंकिंग में नंबर-1 बना था। इसके बाद उन्होंने दो साल तक साउथ अफ्रीका की टीम को भी कोचिंग दी। 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने गैरी कर्स्टन को कंधे पर उठाकर विक्ट्री लैप लगाई थी।

**पाकिस्तानी कोच का पद बीच में छोड़ा-** कर्स्टन अप्रैल 2024 में पाकिस्तान टीम के व्हाइट बॉल कोच भी बने थे, लेकिन बोर्ड और खिलाड़ियों के साथ मतभेद के कारण उन्होंने बीच में ही पद छोड़ दिया था।

# मौजूदा इंडियन वेल्स चैंपियन की शर्मनाक हरकत, हार के बाद तोड़ा रैकेट, दर्शकों पर भी चिल्लाई



**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया) (एजेंसी)।** मौजूदा चैंपियन मीरा एंड्रीवा ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में हारने के बाद अपना रैकेट कई बार पटका और फिर दर्शकों पर चिल्लाती हुई कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा गैर वरीयता प्राप्त कैटेरीना सिनियाकोवा से 4-6, 6-7(5), 6-3 से हार गई। मैच के दौरान भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं रहा और हारने के बाद वह अपना आपा खो बैठी। दूसरे सेट का टाईब्रेकर हारने के बाद एंड्रीवा ने अपना रैकेट फेंक दिया और फिर उसे तोड़ दिया जो नियमों का उल्लंघन था। उन्होंने मैच प्वाइंट के बाद अपना रैकेट फिर से फेंक दिया। वह सिनियाकोवा से हाथ मिलाने के लिए नेट पर गई। इसके बाद एंड्रीवा दर्शकों की ओर इशारा करते और चिल्लाते हुए कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा ने बाद में कहा, मैं अपने व्यवहार से वास्तव में खुश नहीं हूं। मैंने आखिर में जो कुछ किया उस पर मुझे गर्व नहीं है। यह ऐसी चीजें हैं जिन पर मुझे वास्तव में जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है।



## आईजीपीएल 2026 के आकर्षण का केंद्र होंगे गगनजीत भुल्लर

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** मौजूदा चैंपियन गगनजीत भुल्लर 11 से 13 मार्च तक यहां होने वाले इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के पहले चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे जिसमें कई अन्य शीर्ष खिलाड़ी भी भाग लेंगे। भुल्लर ने 2025 में आईजीपीएल में खिताब जीता था और इस बार उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। एशियाई टूर में 11 जीत के साथ भारत के सबसे सफल खिलाड़ी रहे भुल्लर के अलावा इस प्रतियोगिता में पुखराज सिंह गिल भी भाग लेंगे, जिन्होंने 2025 में आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट जीता था। इनके अलावा एशियाई टूर के स्टार करणदीप कोचर और अमन राज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ सूर्याकुमार ने अडालज स्टेपवेल में करवाया फोटोशूट

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारतीय कप्तान सूर्याकुमार यादव ने गुजरात के ऐतिहासिक अडालज नी वाव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा साझा की गई तस्वीरों में भारतीय कप्तान इस खूबसूरत ऐतिहासिक स्थल पर ट्रॉफी के साथ नजर आए।

**गुजरात के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल पर फोटोशूट –** अडालज स्टेपवेल गुजरात के सबसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों में से एक है। यह 15वीं सदी की शानदार वास्तुकला का उदाहरण माना जाता है और अपनी जटिल नक्काशी व डिजाइन के लिए मशहूर है। यह ऐतिहासिक बावड़ी अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच स्थित है और हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक और इतिहास प्रेमी यहां पहुंचते हैं।

**न्यूजीलैंड को हराकर जीता टी20 वर्ल्ड कप –** सूर्याकुमार यादव का यह दौरा भारत की शानदार जीत के एक दिन बाद हुआ। भारतीय टीम ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने लगातार दूसरा टी20 वर्ल्ड कप जीता और टूर्नामेंट के इतिहास में रिकॉर्ड तीसरा खिताब भी अपने नाम किया।



**क्रिकेट से जुड़ा रहा है इस जगह का खास रिश्ता –** अडालज स्टेपवेल का हाल के वर्षों में क्रिकेट से भी खास संबंध रहा है। 2023 क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल से पहले यहां रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी फोटोशूट कराया था।

**सूर्याकुमार को देखने के लिए उमड़े फैंस –** सूर्याकुमार यादव के इस दौरे के दौरान बड़ी संख्या में फैंस भी वहां पहुंच गए। लोगों ने भारतीय कप्तान और वर्ल्ड कप ट्रॉफी की एक झलक पाने के लिए बावड़ी के आसपास और आसपास की सड़कों पर भीड़ लगा दी। कई लोग स्मारक की छतों और ऊंची जगहों से इस खास पल को देखने की कोशिश करते नजर आए।

# बीसीसीआई देगा टीम इंडिया को 131 करोड़ का इनाम

## खिलाड़ियों, स्टाफ और सिलेक्टर्स को बधाई देकर कहा शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने पर टीम इंडिया के लिए 131 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया है। भारत ने रविवार को खिताब अपने नाम किया था।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और ट्रॉफी जीती थी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने अपना खिताब बरकरार रखा और टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में लगातार दो बार ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और सिलेक्टर्स को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। बोर्ड ने उम्मीद जताई कि टीम भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहेगी।




**भारतीय टीम को 27.5 करोड़ प्राइज मनी मिली-** रिपोर्ट के मुताबिक, टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारतीय टीम को 3 मिलियन डॉलर (करीब 27.5 करोड़ रुपए) की इनामी राशि मिली। वहीं, रनर-अप न्यूजीलैंड को 1.6 मिलियन डॉलर (करीब 14.7 करोड़ रुपए) दिए गए। हालांकि, इस बार आईसीसी ने प्राइज मनी की आधिकारिक घोषणा नहीं की थी, जबकि आमतौर पर हर टूर्नामेंट में इसकी जानकारी पहले ही दे दी जाती है।

### भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहला देश

भारतीय टीम 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

महिला एशियन कप

# क्वार्टर फाइनल की उम्मीदें जिंदा रखने उतरेगा भारत, सामने चीनी ताइपे की कड़ी चुनौती



**सिडनी (एजेंसी)।** जापान से 0-11 से मिली करारी हार से अभी भी उबर रही भारत को अब मंगलवार को वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने आखिरी ग्रुप सी मैच में चीनी ताइपे के खिलाफ़ करो या मरो वाला मुकाबला जीतना होगा। ब्लू टाइग्रेसेस को क्वार्टर फाइनल की अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए कम से कम दो गोल से जीतना होगा। नॉकआउट स्टेज में आगे बढ़ने के लिए उन्हें जापान को उसी समय होने वाले दूसरे ग्रुप मैच में वियतनाम को हराने की भी जरूरत होगी। भारत अभी दो मैचों में ज़ीरो पॉइंट्स के साथ ग्रुप में चौथे स्थान पर है, इससे पहले जापान से करारी हार मिलने से पहले वह वियतनाम से 1-2 से हार गई थी।

जापान छह पॉइंट्स के साथ ग्रुप में सबसे आगे है, जबकि चीनी ताइपे और वियतनाम तीन-तीन पॉइंट्स के साथ क्रम से दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। तीनों ग्रुप से टॉप दो टीमें और तीसरे नंबर पर रहने वाली दो सबसे अच्छी टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच रही हैं, ऐसे में भारत की उम्मीदें एक पक्की जीत और दूसरी जगहों पर अच्छे नतीजों पर टिकी हैं। भारत की हेड कोच अमेलिया वाल्वरडे ने कहा कि टीम को पिछले नतीजों से जल्दी आगे बढ़ना चाहिए और अहम मुकाबले पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा, दोनों मैच बहुत अलग थे। सबसे पहले हमें जो हुआ है उसे जल्द से जल्द याद करना होगा। हमें इस मैच के लिए अच्छी तैयारी करनी होगी। मैच को एक तरह का फाइनल बताते हुए, वाल्वरडे ने कहा कि खिलाड़ियों को दांव पर लगी चीज़ों का पूरा अंदाज़ा था। उन्होंने आगे कहा, हमें मैच की अहमियत का पता है। खिलाड़ी फोकस्ड हैं, और हम अपने मौकों को पूरा करने पर काम कर रहे हैं। यह हमारे लिए फाइनल जैसा है।

कराटे डो एसोसिएशन ऑफ बंगाल के खिलाड़ियों ने

# 5वीं केआईओ नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीते 2 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 26 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आयोजित 5वीं केआईओ नेशनल कराटे डो चैंपियनशिप 2026 (अंडर-21, सीनियर और पैरा-कराटे वर्ग) में कराटे डो एसोसिएशन ऑफ बंगाल (केएबी) के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। इन खिलाड़ियों को हंशी प्रेमजीत सेन के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण मिला है।

हंशी प्रेमजीत सेन पिछले 2 दशक से अधिक समय से पश्चिम बंगाल में कराटे के विकास से जुड़े हुए हैं। नियमित प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं की तैयारी के माध्यम से उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों को तैयार किया है, जिन्होंने समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। प्रशिक्षण के अलावा वे कोच, रेफरी और प्रशासक के रूप में भी कराटे से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और राज्य में खेल के विकास में योगदान दे रहे हैं।

यह चैंपियनशिप कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष हंशी भारत शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथि भी उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज़ हुसैन, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक



समिति के पूर्व सदस्य और भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र ध्रुव बत्रा, तथा दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप वत्स शामिल थे।

**रूपकथा दत्ता** - स्वर्ण पदक (अंडर-21 महिला काता)

**सोहिनी चटर्जी** - स्वर्ण पदक (अंडर-21 महिला कुमिते ?50 किग्रा)

**शिवम पोद्दार** - कांस्य पदक (सीनियर पुरुष कुमिते 50 किग्रा)

**देबांजलि कर्मकार, ऐशिका घोष और स्नेहा मंडल** - कांस्य पदक (सीनियर महिला टीम काता)

चैंपियनशिप से पहले कराटे डो एसोसिएशन ऑफ बंगाल ने खिलाड़ियों और कोचों को विभिन्न प्रकार का सहयोग भी प्रदान किया। इसमें प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 2 लाख रुपये का मेडिकल इंश्योरेंस, 25 खिलाड़ियों को 3,000 रुपये, तीन कोचों को 7,000 रुपये, सभी खिलाड़ियों की भागीदारी शुल्क का भुगतान, तथा खिलाड़ियों और कोचों के लिए ट्रैकसूट उपलब्ध कराना शामिल था।

चैंपियनशिप के बाद केएबी के अध्यक्ष हंशी प्रेमजीत सेन ने कहा, खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए ईमानदारी और अनुशासन के साथ तैयारी की थी। उनका प्रदर्शन लंबे समय तक किए गए अभ्यास का परिणाम है। यह उत्साहजनक है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि एसोसिएशन द्वारा प्रत्येक स्वर्ण पदक विजेता को 10,000 रुपये और प्रत्येक कांस्य पदक विजेता को 5,000 रुपये से सम्मानित किया जाएगा।



# टीम ऑफ द टूर्नामेंट में संजू-बुमराह समेत 4 भारतीय

## साउथ अफ्रीका के मार्करम कप्तान, पाकिस्तान के फरहान और वेस्टइंडीज के होल्डर भी शामिल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान किया है। चैंपियन बनी भारतीय टीम के चार खिलाड़ी इस टीम में शामिल किए गए हैं। इनमें संजू सैमसन, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह का नाम है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को टीम का ओपनर बनाया गया है। इस टीम की कप्तानी साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल तक पहुंचाने वाले एडेन मार्करम को दी गई है। जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी और वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर भी टीम में शामिल हैं।

### संजू प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

टीम में संजू सैमसन का ओपनर और बतौर विकेटकीपर नाम हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने पांच पारियों में 321 रन बनाए। वह वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच रहे और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की पारी खेली, जो टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

- **3 अर्धशतक बनाने वाले ईशान भी टीम में-** ईशान किशन ने भी पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 317 रन बनाए और 193.29 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए टीम की बल्लेबाजी को मजबूती दी। पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन की पारी और फाइनल में अर्धशतक उनकी अहम पारियों में शामिल रही।
- **हार्दिक-जसप्रीत को भी जगह-** हार्दिक पांड्या को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए टीम में जगह मिली। उन्होंने दो अर्धशतक लगाए और पूरे टूर्नामेंट में 9 विकेट भी लिए। वहीं जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ मैच में 14 विकेट लिए। फाइनल में उन्होंने 4 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई और प्लेयर ऑफ द मैच बने।
- **साउथ अफ्रीका-इंग्लैंड के 2-2 प्लेयर्स-** टीम में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान भी शामिल हैं, जो 383 रन के साथ टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर रहे। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम और तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को भी टीम में जगह मिली है।

# मैथ्यू हेडन गुजरात टाइटंस के नए बैटिंग कोच बने

● ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर 2026 सीजन के लिए टीम से जुड़े, मैथ्यू वेड के बाहर होने की संभावना



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटंस ने अपनी कोचिंग टीम में बदलाव किया है। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन को टीम का नया बैटिंग कोच नियुक्त किया। हेडन दो बार के वनडे वर्ल्ड कप विजेता हैं और अपने जमाने के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में गिने जाते रहे हैं। गुजरात टाइटंस ने सोशल मीडिया के जरिए इस फैसले की जानकारी दी। हेडन की नियुक्ति ऐसे समय पर हुई है जब टीम अपनी बैटिंग यूनिट को नए सिरे से तैयार करने की कोशिश कर रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### अतरौली मध्य विद्यालय के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर बोधगया रवाना

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ओबरा प्रखंड के अतरौली स्थित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं मंगलवार को मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल बोधगया के भ्रमण के लिए रवाना हुए। विद्यालय परिसर से बच्चों के दल को प्रधानाध्यापक महमूद आलम और विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य सूरजमल राम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक महमूद आलम ने बताया कि मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पाठ्यपुस्तकों में पढ़ाई जाने वाली जानकारी को वास्तविक जीवन और ऐतिहासिक स्थलों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को न केवल किताबों में पढ़ी गई बातों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलता है, बल्कि उन्हें अपने इतिहास, संस्कृति और धरोहरों के बारे में भी करीब से जानने का मौका मिलता है।

### डीएम ने की हीट वेव से निपटने की तैयारी की समीक्षा

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में संभावित लू को देखते हुए संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गर्मी के मौसम में लू से बचाव एवं जन-सुरक्षा के लिए आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन उपेंद्र पंडित एवं सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी भी उपस्थित रहीं। सभी संबंधित पदाधिकारियों को मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, को निर्देश दिया गया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट, आईवी फ्लूड तथा जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सदर अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि लू से प्रभावित मरीजों का समुचित उपचार किया जा सके। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंडों में भू-जल स्तर की जांच की जाए तथा जिन स्थानों पर नल-जल योजना नहीं पहुंची है या चापाकलों की कमी है, वहां मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### एंबुलेंस कर्मियों का वेतन बकाया, 16 से 18 मार्च तक हड़ताल की घोषणा

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कार्यरत एंबुलेंस कर्मियों ने दो महीने से वेतन भुगतान नहीं होने के विरोध में हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। कर्मियों ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो वे 16 से 18 मार्च तक काम बंद रखेंगे, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। एंबुलेंस कर्मियों का कहना है कि कंपनी द्वारा लंबे समय से उनका मानदेय भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष टाइगर ने बताया कि जनवरी 2024 से ही मानदेय भुगतान में अनियमितता बनी हुई है और दो माह से वेतन पूरी तरह बकाया है।

जसोइया मोड़ स्थित बियाडा परिसर की घटना, मजदूरों में मचा हड़कंप

# यूपी के एक मजदूर की संदिग्ध मौत बाथरूम में फंदे से लटका मिला शव

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जसोइया मोड़ स्थित बियाडा परिसर के एक केला गोदाम में काम करने वाले उत्तर प्रदेश के मजदूर का शव मंगलवार की सुबह गोदाम परिसर के बाथरूम में फंदे से लटका हुआ मिला। घटना के बाद मजदूरों के बीच अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के तिसंगा गांव निवासी रोहित कुमार सिंह उर्फ अमनेश (30) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से औरंगाबाद के जसोइया मोड़ स्थित केला गोदाम में ट्रकों पर माल की लोडिंग और अनलोडिंग का काम करता था। वह अपने साथ करीब दस मजदूरों को भी काम के लिए यहां लेकर आया था और सभी मजदूर गोदाम के आसपास ही रहकर काम करते थे।

मृतक के साथी मजदूर सुमित ने बताया कि मंगलवार की सुबह रोज की तरह काम खत्म करने के बाद सभी मजदूर आराम करने के लिए अपने-अपने कमरे में चले गए थे।




कुछ देर बाद वह बाथरूम जाने के लिए पहुंचा तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। पहले उसे लगा कि कोई मजदूर अंदर होगा, इसलिए वह वापस लौट गया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर उसे शक हुआ और उसने अन्य मजदूरों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद जब मजदूरों ने दरवाजे के अंदर झांककर देखा तो रोहित बाथरूम के अंदर पाइप के सहारे फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर सभी मजदूरों के होश उड़ गए। तुरंत गोदाम मालिक और आसपास के लोगों को सूचना दी गई। किसी तरह दरवाजा खोलकर रोहित को नीचे उतारा गया और आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

साथ में काम करने वाले मजदूरों के अनुसार रोहित ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी स्पष्ट जानकारी किसी को नहीं है। बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से उसका मोबाइल फोन भी खराब था, लेकिन वह सामान्य रूप से काम कर रहा था। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को भी दे दी गई है। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया जाएगा।

**कई दिनों से उसका मोबाइल खराब था**

साथ में काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि रोहित ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी स्पष्ट जानकारी किसी को नहीं है। कुछ दिनों से उसका मोबाइल भी खराब था। वह सामान्य रूप से काम कर रहा था। घटना की सूचना मृतक के परिजनों और स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

### ऑटो पलटने से महिला, बच्चों समेत एक परिवार के पांच लोग घायल

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद में मंगलवार को सवारियों से भरा एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर अचानक सड़क पर पलट गया। घटना में ऑटो में सवार महिला और बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शहर के बाईपास स्थित डायमंड होटल के पास एनएच-19 की है। हादसे में घायल लोगों की पहचान मदनपुर प्रखंड अंतर्गत सलैया थाना क्षेत्र के टिकवा थान गांव निवासी शिव प्रजापति (60), दयाल प्रजापति की बेटी आराधना कुमारी (8), कासमा थाना क्षेत्र के खैरा गांव के रहने वाले चंद्रदेव प्रजापति की पत्नी जीरामनी देवी (65), देव थाना क्षेत्र के मिश्रा बिगहा गांव के रहने वाले योगेंद्र प्रजापति की पत्नी कौलेश्वरी देवी (60) और गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के बरियावां गांव के रहने वाले राजेंद्र प्रजापति (56) के रूप में की गई है।

# संभावित लू को लेकर जिलाधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



संभावित हीट वेव को देखते हुए जिले में तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आगामी गर्मी के मौसम में लू से बचाव और जन-सुरक्षा को लेकर की जा रही तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित और सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी भी उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट, आईवी फ्लूड और जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सदर अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि लू से प्रभावित मरीजों का समुचित उपचार किया जा सके। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंडों में भू-जल स्तर की जांच कर ली जाए और जिन क्षेत्रों में नल-जल योजना नहीं पहुंची है या चापाकलों की कमी है, वहां मानक प्रक्रिया के अनुसार टैंकरों के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को शहर के सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड और अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्याऊ (पेयजल केंद्र) की व्यवस्था करने तथा साफ-सफाई और दवा छिड़काव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा आईसीडीएस विभाग को आंगनवाड़ी केंद्रों में ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। वहीं विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को सभी ढीले बिजली तारों को ठीक कराने का निर्देश दिया गया, ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके। अत्यधिक गर्मी के दौरान आग लगने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर अग्निशमन विभाग को पूरी सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही शिक्षा विभाग को जरूरत पड़ने पर विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव करने तथा स्कूलों में पेयजल और ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए पानी की समुचित व्यवस्था और पशु चिकित्सा दल को तत्पर रखने का निर्देश दिया गया। वहीं पंचायती राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और लू से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। श्रम संसाधन विभाग को श्रमिकों के कार्य समय में आवश्यकतानुसार लचीलापन लाने तथा उनके लिए पेयजल और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लू और अग्निकांड से बचाव को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने और इसका प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय पर तैयारियां पूरी करने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

# जिला विधिज्ञ संघ चुनाव : प्रचार थमा, 12 मार्च को 847 मतदाता करेंगे मतदान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद की कार्यसमिति के लिए वर्ष 2026–28 के चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार मंगलवार को समाप्त हो गया। अंतिम दिन विभिन्न पदों के उम्मीदवारों ने अपने पक्ष में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। अब सभी प्रत्याशियों की निगाहें 12 मार्च को होने वाले मतदान पर टिक गई हैं। चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह तथा समिति के सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम सिंह और अभय कुमार ने बताया कि इस चुनाव में कार्यसमिति के 27 पदों के लिए कुल 66 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल 847 मतदाता 12 मार्च को सुबह 10 बजे से मतदान में हिस्सा लेंगे।

मतदान को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पहले बूथ पर क्रम संख्या 1 से 300, दूसरे बूथ पर 301 से 600 तथा तीसरे बूथ पर 601 से 847 तक के मतदाता मतदान करेंगे। मतदान के दौरान मतदाता केवल चुनाव समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए स्केच पेन से ही मतचिह्न अंकित कर सकेंगे। साथ ही बूथ के अंदर किसी भी उम्मीदवार के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, अंकेक्षक, निगरानी सदस्य और पुस्तकालय अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए मतदान होगा। इनमें अध्यक्ष और सचिव पद को लेकर मुकाबला सबसे दिलचस्प माना जा रहा है। वर्तमान अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय और महासचिव जगनारायण सिंह भी चुनाव मैदान में हैं।

अध्यक्ष पद के लिए पूर्व सचिव नागेंद्र सिंह और अरुण शर्मा भी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं महासचिव पद के लिए परशुराम सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, रामोतार यादव, सतीश कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह और नीरज कुमार मंटू समेत कई उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, हालांकि मतदाताओं के बीच अभी खामोशी बनी हुई है। चुनाव समिति ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# यूपीएससी में 16 वां स्थान पाने वाली मोनिका श्रीवास्तव को किया गया सम्मानित

## पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, समेत शहर की प्रमुख हस्तियों ने दिया आशीर्वाद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में पूरे देश में 16वां स्थान प्राप्त कर औरंगाबाद समेत पूरे बिहार का गौरव बढ़ाने वाली जिले की प्रतिभाशाली बेटी मोनिका श्रीवास्तव के लिए सम्मान सह आशीर्वाद समारोह का आयोजन शहर के हवेली रिजॉर्ट में किया गया। समारोह में जिले के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर मोनिका श्रीवास्तव को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, मोनिका श्रीवास्तव, उनके पिता ई. बी. के. श्रीवास्तव, माता भारती श्रीवास्तव, नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर तथा सोन वर्षा वाणी के संपादक श्रीराम अम्बष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि औरंगाबाद जिले की बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर जो सफलता हासिल की है, वह जिले




ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। उनकी उपलब्धि से जिले के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए आगे बढ़ेंगे। पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव की सफलता यह साबित करती है कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले की इस बेटी ने पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है।

नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव की उपलब्धि औरंगाबाद के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उनकी सफलता से यह संदेश मिलता है कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी बड़े सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने भविष्य में मिलने वाले कार्यकाल के दौरान हमेशा जनहित तथा राष्ट्रहित में निर्णय लेने एवं कदम उठाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन शंकर कैमूरी ने किया। समारोह में उपस्थित लोगों ने मोनिका श्रीवास्तव को फूल-मालाओं, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर डॉ. बी.के. सिंह, डॉ. रवि रंजन, डॉ. शोभा रानी, जिला परिषद की उपाध्यक्ष किरण सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक आनंद प्रसाद श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बल्लभ सिंह उर्फ बबुआ जी, रामानुज पांडेय, रवीन्द्र कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, दृष्टि आई केयर के डॉ. अजहर, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. नीलम रानी, एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी की चेयरपर्सन सरिता सिंह, गया के पूर्व मेयर मोहन श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी शंभूनाथ पाण्डेय, भाजपा नेता अनिल सिंह, विवेकानंद मिशन स्कूल के प्रबंध निदेशक मनीष वत्स, उदय कुमार सिंह, ई. शेखर श्रीवास्तव, डॉ. स्वदीप, रवीन्द्र कुमार रवि, ई. सुबोध कुमार सिंह, नगर पार्षद मंजरी सिंह, सुशील कुमार, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन सिन्हा, उदय सिन्हा, ओमप्रकाश सिंह, प्रेमेंद्र कुमार मिश्र, संजय सिन्हा, सुजीत सिंह, प्रकाश सिन्हा, राजू सिन्हा, राजेश सिन्हा, संजीव सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, साकेत, कौस्तुभ, श्वेताभ समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर दानिका संगीत महाविद्यालय के रविन्द्र कुमार, शिवांगी सिंह, अंजली सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# रिश्वत लेते वीडियो वायरल होते ही दारोगा निलंबित

औरंगाबाद (नि.सं.) रिश्वतखोरी के मामले में बारुण थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक अभिजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। औरंगाबाद के प्रभारी पुलिस अधीक्षक सह मुख्यालय डीएसपी-1 विनोद कुमार ने एक वायरल वीडियो के आधार पर यह कार्रवाई की है। वीडियो में दारोगा एक वाहन छोड़ने के एवज में रिश्वत लेते दिखाई दे रहे हैं। मामले की जानकारी मिलते ही प्रभारी एसपी ने तत्काल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच कराई। जांच में यह सामने आया कि वायरल वीडियो नवंबर 2023 का है, जब अभिजीत कुमार हसपुरा थाना में पदस्थापित थे। वर्तमान में वे बारुण थाना में तैनात हैं। आरोप की गंभीरता को देखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार गुजारा भत्ता देय होगा। प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और जांच प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक को सौंपा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि औरंगाबाद पुलिस विभागीय अनुशासन के विरुद्ध किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दाउदनगर में जाम की समस्या पर वैश्य समाज सक्रिय यातायात व्यवस्था सुधारने को एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

निज संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)

शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या और बेतरतीब पार्किंग से आम लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए वैश्य समाज, दाउदनगर ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था में सुधार की मांग की है। इस संबंध में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर शहर को जाममुक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। बताया गया कि 6 मार्च 2026 को थानाध्यक्ष विकास कुमार की उपस्थिति में यह ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही प्रशासन को एक नजरी नक्शा (रूट मैप) भी दिया गया है, ताकि शहर में प्रभावी वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने में तकनीकी सहायता मिल सके।

वैश्य समाज की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन के समक्ष मुख्य रूप से तीन प्रमुख मांगें रखीं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि बाजार के संकरी और संवेदनशील मोड़ों पर स्थायी रूप से ट्रैफिक होमगार्ड की



तैनाती की जाए, ताकि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसके साथ ही लखन मोड़ से चावल बाजार होते हुए मगध होटल तक तथा नगर परिषद, कसेरा टोली और पटवा टोली होते हुए जगन मोड़ से लखन मोड़ तक के मार्ग को वन-वे घोषित करने की मांग की गई है। समाज का कहना है कि यदि इन मार्गों पर सख्ती से वन-वे व्यवस्था लागू की जाती है तो शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अवैध और बेतरतीब पार्किंग पर सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की। समाज के अनुसार मुख्य मार्गों और दुकानों के सामने खड़े वाहनों के कारण अक्सर यातायात बाधित होता है, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान वैश्य समाज के अध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव आनंद प्रकाश, कोषाध्यक्ष सह स्थायी स्टैंडिंग समिति के सदस्य दिनेश कुमार, सशक्त कार्यकारिणी सदस्य डॉ. एस.पी. सुमन, प्रह्लाद प्रसाद, अमित कुमार, नीरज कुमार, पप्पू गुप्ता और सन्नी कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। वैश्य समाज ने शहर के दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की है कि दाउदनगर को जाममुक्त बनाने के इस प्रयास में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके और लोगों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सके।

# चोरी की बाइक बरामद के साथ एक युवक गिरफ्तार, दूसरा फरार



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान चोरी की एक बाइक बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार युवक की पहचान अंछा गांव निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर सच्चिदानंद मिश्र के नेतृत्व में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दाउदनगर शहर के वार्ड संख्या दो स्थित बालूगंज में एक पेड़ के पास दो संदिग्ध युवक एक बाइक के साथ खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों युवक घबरा गए और बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक ने पुलिस को बताया कि बरामद बाइक रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव से चोरी की गई थी। दोनों युवक बाइक को दाउदनगर क्षेत्र में बेचने के इरादे से लेकर आए थे।

# सात निश्चय-3 योजनाओं की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में सात निश्चय-3 के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सात निश्चय-3 के अंतर्गत शामिल विभिन्न निश्चयों की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रति व्यक्ति दुगुना रोजगार, दुगुनी आय, समृद्ध उद्योग : सशक्त बिहार, कृषि में प्रगति : प्रदेश की समृद्धि, उन्नत शिक्षा : उज्ज्वल भविष्य, सुलभ स्वास्थ्य : सुरक्षित जीवन, मजबूत आधार : आधुनिक विस्तार तथा सबका सम्मान : जीवन आसान जैसे सातों निश्चयों से जुड़ी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। डीएम ने समीक्षा के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सात निश्चय-3 के तहत संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर योजनाओं की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# तान्या मौआर बनी तुतला धाम की ब्रांड एंबेसडर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिले में संगीत के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से पहचान बना चुकी नन्ही गायिका तान्या मौआर को रोहतास जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ और तीर्थ स्थल तुतला धाम का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर जिले भर में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि को जिले के लिए गर्व का क्षण बताते हुए सांस्कृतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने तान्या को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। तान्या मौआर को ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने की खबर मिलते ही विभिन्न महोत्सव समितियों और सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने इसे औरंगाबाद



जिले की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला कदम बताया। राज्य महोत्सव संघ के अध्यक्ष महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह, प्रदेश सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी, अष्टभुजी धाम के संरक्षक अजीत मिश्रा, सत्यचंडी धाम महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, दोमुहान महोत्सव के अध्यक्ष सिहेश सिंह, कल्पवृक्ष धाम महोत्सव के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, वैष्णवी दुर्गा महोत्सव पौथू के अध्यक्ष व पूर्व मुखिया संजीव कुमार द्विवेदी तथा आदि गंगा पुनपुन महोत्सव के संरक्षक आजाद कुमार सहित कई लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बधाई संदेश में लोगों ने कहा कि तान्या मौआर ने जिस तरह से कम उम्र में संगीत के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है, वह जिले के लिए गर्व की बात है। उनका तुतला धाम का ब्रांड एंबेसडर बनना न केवल उनके लिए बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले के लिए सम्मान का विषय है।

# औरंगाबाद में गैस एजेंसी के डीलरों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी ने की बैठक

- शासन ने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है
- गैस सिलेंडर ओटीपी सत्यापन के माध्यम से उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है, ताकि कालाबाजारी न हो।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं दाउदनगर



अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन की अध्यक्षता में जिले के सभी गैस एजेंसियों के डीलरों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य गैस की उपलब्धता को लेकर फैल रही भ्रामक सूचनाओं के संबंध में स्थिति की समीक्षा करना था। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिले में एलपीजी गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है। अन्य शहरों की तरह औरंगाबाद जिले में भी गैस का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है तथा आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा। आम लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। बैठक में विभिन्न गैस एजेंसियों के डीलरों द्वारा बताया गया कि गैस आपूर्ति में कोई कमी नहीं है तथा ग्राहकों को ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की कालाबाजारी की संभावना न रहे। साथ ही बताया गया कि पूर्व में दो गैस सिलेंडरों के बीच वितरण का अंतराल 21 दिन था, जिसे अब बढ़ाकर 26 दिन कर दिया गया है।

डीलरों द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपने गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी कराने का आग्रह किया गया। इसके लिए संबंधित गैस एजेंसियों द्वारा अतिरिक्त कर्मियों की भी तैनाती की गई है, ताकि उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। बैठक में दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बीपीसीएल, एचपीसीएल एवं आईओसीएल के नोडल पदाधिकारियों से वार्ता कर निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने में यदि कोई समस्या हो रही हो तो उसका शीघ्र समाधान किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि गैस की कमी से संबंधित भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा जिले के सभी गैस एजेंसियों के डीलर उपस्थित थे।